सुप्रभात
रांची, शनिवार
12.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 267 | 06

श्री हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

## न्यूज डायरी

### लालू के करीब रीतलाल के 11 ठिकानों पर रेड

**पटना।** राजद के बाहुबली विधायक एवं लालू के करीबी रीतलाल यादव के आवास समेत 11 ठिकानों पर एसटीएफ और पटना पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। चर्चा है कि उनके यहां से 3 लाख से अधिक कैश बरामद किया गया। सिटी एसपी (पश्चिम) आर एस सरथ और दानापुर एएसपी भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की कार्रवाई चली। उनके घर भारी संख्या में एसटीएफ और बिहार पुलिस के जवान तैनाथ थे।. सूत्रों का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर यह छापेमारी चली।

### हजारीबाग में युवक की हत्या के बाद हंगामा

**हजारीबाग।** बड़ा बाजार थाना क्षेत्र के खिरगांव नमस्कार चौक के समीप एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। मृत युवक की पहचान प्रभात कुमार (25 वर्ष) के रूप में की गयी। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने लगभग 6 घंटे तक एनएच जाम कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सदर एसडीपीओ अमित कुमार, सदर सीओ मयंक भूषण, डीएसपी सीसीआर मनोज कुमार समेत तीन थाना के थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे। लगभग 2 घंटे से अधिक समय तक लोगों को समझाने और कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद ही आक्रोशित लोगों ने सड़क से जाम हटाया।

### टायर फटने से ऑटो पलटा, चालक की मौत

**बोकारो।** गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारी मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक ऑटो का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे चालक संजय कुमार साव (48) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि ऑटो में सवार चार यात्री को भी हल्की चोटें आई है, जिनका स्थानीय अस्पताल में इलाज किया गया। सूचना मिलते ही गोमिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। मृतक कथारा चार नंबर कॉलोनी का रहने वाला है।

### ताला मरांडी भाजपा को छोड़ झामुमो में शामिल

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी ने शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। ताला मरांडी ने झामुमो ज्वाइन कर लिया है। झामुमो में शामिल होने के बाद साहिबगंज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ नजर आये। ताला मरांडी ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने एक आधिकारिक पत्र जारी कर अपने इस्तीफे की घोषणा की और पार्टी द्वारा अब तक दिए गए सभी अवसरों के लिए आभार जताया।


## कार्टून कोना




### सीएम ने अमर शहीद सिदो-कान्हू को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

# चलेगा ही नहीं झारखंड अब तेजी से दौड़ेगा: हेमंत सोरेन

- साहिबगंज, पाकुड़ एवं गोड्डा जिले को दी बड़ी सौगात
- गरीब-किसानों को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में किया जा रहा कार्य



सिदो-कान्हू को सम्मान देते और लाभुकों के बीच योजनाओं की स्वीकृति पत्र वितरण करते सीएम।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू मुर्मू की जयंती पर भोगनाडीह में उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर श्री सोरेन ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने आदिवासी- मूलवासी के हक और अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है। वीर शहीदों ने अपने प्राण त्याग कर जल, जंगल, जमीन को बचाया है। आज हमारी सरकार वीर शहीदों के आश्रितों को चिन्हित कर पूरा मान-सम्मान और अधिकार दे रही है। राज्य के आदिवासी, दलित और पिछड़ों को आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से मजबूती प्रदान की जा रही है, लेकिन आज भी हमारे सामने कई चुनौतियां हैं, फिर भी हमारी सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड अब तेजी से दौड़ेगा।

सीएम ने इस अवसर पर 43785.760 लाख रुपये की कुल 507 योजनाओं का उदघाटन-शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने कुल 314279 लाभुकों के बीच 13092.426 लाख रुपए की परिसंपत्तियां एवं लाभुकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। मौके पर सांसद विजय हांसदा, विधायक हेमलाल मुर्मू, कल्पना सोरेन, मोहम्मद ताजुद्दीन, धनंजय सोरेन, जिप अध्यक्ष मोनिका किस्कू, आयुक्त लालचंद डाडेल, पुलिस महानिरिक्षक क्रांति कुमार गाडिदेशी और साहिबगंज, पाकुड़ एवं गोड्डा डीसी एवं एसपी आदि थे।

### गरीब बच्चों को सरकार दे रही है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षणिक क्षेत्र में राज्य के गरीब बच्चे उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षा हासिल कर रहे हैं। किसान, मजदूर एवं गरीब तबके के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में राज्य के 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर चलाया जा रहा है। उत्कृष्ट विद्यालय में एडमिशन के लिए आज लंबी लाइन लगानी पड़ती है। प्रवेश परीक्षा में हजारों की संख्या में बच्चे शामिल हो रहे हैं। सरकार आज मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप 2025 के माध्यम से प्रति वर्ष कुल 25 छात्रों को आगे की शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति दे रही है। शिक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाया जा रहा है।

### पिछड़ों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध



मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार अबुआ सरकार है। हमारी सरकार राज्य के गरीब, मजदूर, किसान और पिछड़ों को सशक्त बनाने का निरंतर कार्य कर रही है। राज्य के इतिहास में यह पहली बार हुआ है, जहां राज्य के सरकारी कर्मचारी पंचायत-पंचायत जाकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। आज बूढ़े-बुजुर्ग को पेंशन ससमय मिल रही है, जबकि राशन कार्ड बनवाने के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ता है।

## भाई की हत्या कर थाना पहुंचा, बोला- मुझे गिरफ्तार करें

**खूंटी।** एक व्यक्ति अपने भाई की धारदार हथियार से हत्या कर खुद ही थाना पहुंच गया। पुलिस को जानकारी दी कि उसने हत्या कर दी है, उसे गिरफ्तार कर लिया जाये। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। खूंटी के डीएसपी वरुण रजक ने इसकी पुष्टि की। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीएसपी ने कहा कि गांगू मुंडा और आरोपियों के बीच लंबे समय से जमीन विवाद था। शुक्रवार सुबह गांगू मुंडा तालाब में नहाने गया था। उसी दौरान पहले से घात लगाये बुधू मुंडा और अच्छु मुंडा ने धारदार हथियार से गांगू पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

## मुख्य चुनाव आयुक्त आज रजरप्पा में करेंगे बैठक

- रांची एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने किया स्वागत
- 13 अप्रैल तके बीएलओ एवं वालेंटियर से मिलेंगे



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार शुक्रवार को रांची पहुंचे। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। मालूम हो कि मुख्य चुनाव आयुक्त अपने तीन दिन के झारखंड दौरे में 12 अप्रैल को रजरप्पा स्थित सीसीएल गेस्ट हाउस में चुनाव में भाग लेने वाले वालेंटियर के साथ अनुभव जानेंगे। वहीं, 13 अप्रैल को दशम जलप्रपात प्रांगण में डिफिकल्ट एरियाज बीएलओ के साथ बातचीत करेंगे। उनके आगमन के दौरान एयरपोर्ट पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, डीसी मंजूनाथ भजंत्री सहित निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लैंड रिकॉर्ड में छेड़छाड़ व जालसाजी के मामलों में करें कार्रवाई: डीजीपी

### जमीन फर्जीवाड़े की रोकथाम के लिए विशेष रणनीति अपनाने पर जोर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने लैंड रिकॉर्ड में छेड़छाड़ और जालसाजी से संबंधित मामलों में अधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। डीजीपी शुक्रवार को डीजीपी कार्यालय में रांची जोनल आईजी अखिलेश कुमार झा, आइजी सीआईडी और एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा और अपराध अनुसंधान विभाग के पदाधिकारियों की उपस्थिति में लैंड रिकॉर्ड में छेड़छाड़ और जालसाजी से संबंधित दर्ज कांडों की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के दौरान जमीन की गड़बड़ी मामले में उन्होंने त्वरित अनुसंधान पर जोर दिया और डिजिटल गड़बड़ियों के उद्भेदन के लिए तकनिकी विशेषज्ञों के साथ मिलकर आधुनिक तकनिकी उपकरणों का प्रयोग करने का निर्देश दिया। डीजीपी श्री गुप्ता ने लैंड रिकॉर्ड में जालसाजी और फर्जीवाड़ा से संबंधित दर्ज काडों में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई कर दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। साथ ही इस तरह की जमीन फर्जीवाड़े की रोकथाम के एक विशेष रणनीति के तहत कार्य किये जाने की आवश्यता पर बल दिया।

## सेवा, समर्पण व सबका विकास सर्वोच्च प्राथमिकता : नरेंद्र मोदी

- भारत के सामने कई कठिन दौर आया, ऋषि मुनियों ने राह दिखायी

**एजेंसी**



**अशोकनगर (एमपी)।** ईसागढ़ के श्रीआनंदपुर धाम में पीएम मोदी ने कहा कि जब-जब भारत के सामने कोई कठिन दौर आया, तब-तब ऋषि मुनि धरती पर अवतरित हुए और उन्होंने भारत को नयी दिशा दी। पीएम ने कहा कि आज के भौतिक दौर में मानवता के बीच युद्ध संघर्ष और मानवीय मूल्यों से जुड़ी कई बड़ी चिंताएं हमारे बीच हैं। इन चिंताओं और चुनौतियों के मूल में अपने और पराये की मानसिकता है। यह मानसिकता ही मानव को मानव से दूर करती है। पीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने सेवा और समर्पण के साथ-साथ सबका साथ-सबका विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है।

**विकसित भारत बनने का लक्ष्य हम जरूर प्राप्त करेंगे :** उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने का लक्ष्य हम जरूर प्राप्त करेंगे। हमें अपनी विकास यात्रा में सांस्कृतिक विरासत का ध्यान रखना है। कई देशों ने अपनी विकास यात्रा में अपनी संस्कृति को भुला दिया है। भारत जैसे देश में हमारी संस्कृति हमारी पहचान से नहीं जुड़ी, बल्कि हमारी संस्कृति ही हमारे सामर्थ्य को मजबूती देती है। पीएम ने कहा कि आज देश के गरीबों को कई समस्याओं से राहत मिली है। गरीबों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। इलाज की निःशुल्क सुविधा मिल रही है। पीएम आवास योजना से पक्के घर मिल रहे हैं। जल जीवन मिशन से गांव-गांव में पानी पहुंचाया जा रहा है। देश में नये एम्स, आईआईटी और आईआईएम जैसे उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या तेजी से बढ़ रही है जिससे गरीब बच्चों के सपने पूरे हो रहे हैं।

## भूटान भेजी जा रही ₹58 लाख की अवैध शराब पलामू में जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पलामू (चैनपुर)।** पलामू पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय शराब तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। पलामू की चैनपुर पुलिस ने गोवा से भूटान भेजी जा रही 1200 कार्टन में 14400 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की। इसकी कीमत 58 लाख रुपये बतायी गयी है। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने शुक्रवार शाम इसकी पुष्टि की।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक गढ़वा से मेदिनीनगर की ओर नकली शराब ले जा रहा है। पुलिस ने बताया कि वाहन के सभी कागजात और बोतलों की गुणवत्ता संदिग्ध पायी गयी। ट्रक महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ होते हुए झारखंड में घुसा था। पुलिस ने ट्रक चालक जीतेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया है। वह उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले का रहने वाला है। पूछताछ में उसने शराब तस्करी गिरोह के तीन सदस्यों का खुलासा किया है।

इस गिरोह में जमशेदपुर के सीतारामडेरा से नीरज गुप्ता और प्रकाश राम भी शामिल हैं। बिहार के गया जिले के डुमरिया से बसंत गुप्ता उर्फ भंडारी भी इस गिरोह के सदस्य हैं।



### बोकारो में अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा, आरोपी पर मामला दर्ज

**बोकारो।** उत्पाद विभाग की टीम ने गांधीनगर थाना क्षेत्र के जरीडीह के सरैयाटांड़ बस्ती में छत्रु महतो के मिट्टी के घर पर छापेमारी कर अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा किया है। फैक्ट्री को संचालन शंभू साव कर रहे थे। घटनास्थल से टीम ने भारी मात्रा में तैयार अवैध शराब, स्पिरिट एवं शराब बनाने की सामग्री जब्त किया। मामले में संलिप्त आरोपित शंभू साव एवं छत्रु महतो के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल शुक्रवार को बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद के नेतृत्व में छापेमारी की गयी थी।

## गढ़वा : तालाब में डूबने से चार बच्चियों की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड के झुरा-हरैया गांव में तालाब में डूबने से चार मासूम बच्चों की मौत हो गई। बच्चे तालाब में नहाने गए थे और गहरे पानी में डूब गए। इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है। मृतकों में हरैया गांव निवासी चंदन सिंह की 10 वर्षीय पुत्री लाडो सिंह, जितेंद्र सिंह की 22 वर्षीय पुत्री अंकिता सिंह, पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के पगार निवासी विशिष्ट सिंह की 18 वर्षीय पुत्री रोमा सिंह और लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के पूणाडीह निवासी अभिषेक सिंह की 15 वर्षीय पुत्री मीठी सिंह है। मीठी और रोमा छठी कार्यक्रम में शामिल होने अपने रिश्तेदार के घर आयी थी। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार गहरे पानी में एक-एक कर चारों युवतियां डूबने लगीं। मीठी का भाई जैसे-तैसे बाहर निकलकर घर पहुंचा और परिजनों को सूचना दी, लेकिन जब तक मदद पहुंचती, तब तक देर हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलते ही गढ़वा विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, गढ़वा एसडीओ संजय कुमार और थाना प्रभारी बृज कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। इधर रमकंडा थाना की पुलिस ने कहा कि मामले की पूरी जांच करेंगे।




घटनास्थल पर पहुंची पुलिस।

### पहले दिन तीन घंटे हुई पूछताछ, परिवार-दोस्तों की जानकारी जुटाने की कवायद

# एनआइए को सहयोग नहीं कर रहा आतंकी तहव्वुर राणा

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने पहले दिन शुक्रवार को करीब 3 घंटे तक पूछताछ की। एजेंसी ने बताया कि वह सहयोग नहीं कर रहा है। फिलहाल जांच एजेंसी की कोशिश है कि तहव्वुर के परिवार और दोस्तों के बारे में जानकारी जुटायी जा सके। जांच एजेंसी एनआइए मुख्यालय में कड़ी सुरक्षा के बीच सीलबंद कमरे में तहव्वुर राणा से पूछताछ की गयी। एनआइए की स्पेशल टीम आतंकी राणा से मंबई हमले का पूरा राज उगलवाने में लगी है। इस पूछताछ और जांच में अब इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के अधिकारी भी शामिल होंगे।

बता दें कि एनआइए को आतंकी तहव्वुर हुसैन राणा से पूछताछ के लिए 18 दिन की रिमांड मिली है। दिल्ली की पटियाला हाउस स्थित एनआईए की विशेष अदालत ने तहव्वुर राणा को 18 दिनों के लिए एनआइए की हिरासत में भेजा।

**पाक साजिश का राज खुलने की उम्मीद :** जांच एजेंसी को उम्मीद है कि राणा से पूछताछ में मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान के आईएसआई की सीधे तौर पर शामिल होने सहित कई नए पहलुओं का पता चलेगा। सूत्रों ने बताया कि लश्कर-ए-तैयबा का सक्रिय सदस्य रहा तहव्वुर राणा आईएसआई और एलईटी के बीच संबंधों के बारे में अधिक जानकारी का खुलासा कर सकता है। मुंबई आतंकी हमले में शामिल भारत के सबसे मोस्ट वांटेड आतंकवादी के प्रत्यर्पण, उसकी गिरफ्तारी और हिरासत के बाद, एनआईए को साजिश के बारे में अधिक प्रामाणिक और विश्वसनीय जानकारी मिलने की उम्मीद है।

**जहां की गयी पूछताछ, कैसी है व्यवस्था :** जांच एजेंसी ने आरोपी को शुक्रवार को एनआईए मुख्यालय के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित विशेष सेल में रखा है। वहीं पूछताछ कक्ष को सीसीटीवी कैमरों से पूरी तरह सील किया गया है। वीडियो रिकॉर्डिंग उपकरणों से लैस है। सेल में सीसीटीवी कैमरे, एक बिस्तर और एक शौचालय है। सेल की सुरक्षा में अत्याधुनिक हथियारों से लैस सीआईएसएफ के सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। पहले दिन राणा से अधीक्षक और उप अधीक्षक रैंक के अधिकारियों ने पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, एक दैनिक पूछताछ डायरी रखी गयी है। डायरी में हर बातचीत और जवाब का विवरण होगा। स्पेशल पटियाला कोर्ट के समक्ष केस डायरी के हिस्से के रूप में एक कंप्रिहेंसिव डिस्क्लोजर स्टेटमेंट तैयार किया जायेगा।

### पूछताछ का अगला चरण

राणा से पूछताछ के अगले चरण में उसकी इमिग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म, उसकी शाखाएं, मुंबई हमलों के मामले में एक अन्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली के साथ उसके संबंध और पाक स्थित आतंकवादी समूहों के साथ उसके संबंध जैसे महत्वपूर्ण सवाल शामिल होंगे। तहव्वुर राणा पर डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाउद गिलानी और आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा तथा हरकत-उल-जिहादी इस्लामी (हुजी) के गुर्गों एवं पाकिस्तान में रह रहे अन्य सह-षड्यंत्रकारियों के साथ मिलकर भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई पर तीन दिन तक आतंकी हमलों की साजिश रचने का आरोप है।

## बलि का बकरा जिंदा बचा, पर चार की मौत



**एजेंसी**

**जबलपुर।** जाको राखे साइंया मार सकै न कोय की कहावत एक बार फिर जबलपुर से सामने आयी है। जिस बकरे की सांकेतिक बलि दी गयी थी वह सुरक्षित बच गया पर जो लोग बलि देकर लौट रहे थे, उनमें से चार लोगों की मौत हो गयी।

जबलपुर के चरगवां क्षेत्र में यह दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। उनका वाहन अनियंत्रित होकर एक पुल से नीचे गिर गया। इस हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि वाहन में मौजूद बकरा सुरक्षित बच गया। वाहन में सवार छह लोग नरसिंहपुर जिले के दूल्हा देव महाराज के मंदिर से इस बकरे की सांकेतिक बलि देकर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार सभी लोग नशे में थे। गाड़ी में शराब की बोतल भी थीं।

# संविधान की प्रतियां लेकर मानव श्रृंखला बनाएंगे कांग्रेस नेता

## 14 को देंगे बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस राजधानी रांची में 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अंबेडकर चौक से देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौक तक मानव श्रृंखला बनाएगी। अंबेडकर जयंती के दिन सुबह 10 बजे से होने वाले इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू और केंद्रीय सचिव एस बेला प्रसाद भी शिरकत करेंगे।

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में महानगर जिला ग्रामीण अध्यक्ष, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, निगम, आयोग और बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में अंबेडकर जयंती पर विभिन्न नेताओं, कार्यकताओं, पदाधिकारियों के बीच कार्यक्रम की सफलता के लिए जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया।

**ये प्रमुख नेता रहे बैठक में शामिल :** बैठक में कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, प्रदेश उपाध्यक्ष अनादि ब्रश, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पाल मुजनी, मुख्य प्रवक्ता किशोरनाथ शाहदेव, कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन, युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, अमूल्य नीरज खलको, सोनाल शांति, अजय शाहदेव, आलोक कुमार दुबे, कमल ठाकुर, कुमार राजा, राकेश किरण महतो, विनय सिन्हा दीपू, सुरेंद्र सिंह, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, अमरेंद्र सिंह, सुनीत शर्मा, वारिस कुरेशी, एम तौसीफ, उज्जवल तिवारी सहित कई नेता शामिल थे।



### भाजपा देश के वातावरण को कर रही है विषाक्त : केशव महतो

बैठक में केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा देश में विषाक्त वातावरण बनाने की कोशिश कर रही है। ऐसे में संविधान द्वारा आम नागरिकों को दिए गए अधिकारों पर चोट किया जा रहा है। आम लोगों के बीच विभाजन की रेखा पैदा करने की कोशिश करने वाली शक्तियों और संविधान की रक्षा के लिए हमें निरंतर उनके मंसूबों के खिलाफ आंदोलनरत रहना होगा। जनता को उनकी सच्चाइयों से अवगत कराना हर कांग्रेसियों का कर्तव्य है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि संविधान रक्षा अभियान के तहत वर्ष भर कार्यक्रम चलाया जाना है। इसी कड़ी में 14 अप्रैल को रांची में मानव श्रृंखला बनाकर झारखंडी जनता को यह संदेश पहुंचाना है कि कांग्रेस उनके हक और संविधान में दिए अधिकारों की रक्षा के लिए उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की जयंती पर हमें संकल्प लेना है कि हम सांप्रदायिक शक्तियों के साथ संघर्ष कर राज्य और देश में अमन चैन कायम रखेंगे।

केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा आज आर्थिक रूप से समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगों का अधिकार छीनकर उसे शोषक और पूंजीपतियों मित्रों के हाथ में थमाना चाहती है। लेकिन कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि आज आपसी एकता और भाईचारा देश की जरूरत है। समाज को धर्मों या समुदायों में बांटने की जगह आपसी एकजुटता का परिचय देकर सांप्रदायिक शक्तियों को जवाब देने की आवश्यकता है।

# बाबा साहब अम्बेडकर के सपनों को साकार कर रही भाजपा : बाबूलाल

## 13 से 25 तक भाजपा चलायेगी अंबेडकर सम्मान अभियान

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने दलित समाज को मुख्यधारा में जुड़ने से रोका**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बाबूलाल मरांडी ने की। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष गण, सांसद, विधायकगण सहित अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का विषय प्रवेश किशुन दास एवं संचालन रंजन पासवान ने किया। प्रस्तावना का वाचन आरती कुजूर एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रभात भुइयां ने किया। कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से कांग्रेस द्वारा बाबा साहब अम्बेडकर को किये गये अपमान को दिखाया गया। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब अम्बेडकर के सपनों को बार बार रौंदा। कांग्रेस ने दलित समाज को मुख्यधारा से कभी जुड़ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी यह जानती थी कि बाबा साहब का महिमा मंडन होगा तो कांग्रेस पार्टी का दलित विरोधी सोच उजागर होगा। कांग्रेस ने उन्हें संविधान सभा में नहीं आने देने का षडयंत्र रचा। उन्हें दो बार चुनाव हराने की साजिश रची गई। लेकिन बाबा साहब बादलों को चीरते हुये राजनीतिक क्षितिज पर चमकते रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान की धज्जियां उड़ाई, लोकतंत्र को कुचला,देश में 90 बार से चुनी हुई सरकार को हटाकर राष्ट्रपति शासन थोपा। आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेता आज भाजपा पर आरक्षण समाप्त करने का भ्रम फैलाते हैं।

उन्होंने कहा कि हम बार बार जनता के बीच जायेंगे और कांग्रेस के काले कारनामों को उजागर करेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को सच्चा सम्मान भाजपा ने दिया। मोदी सरकार ने बाबा साहेब से जुड़े पांच स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचारों के अनुरूप मोदी सरकार अंत्योदय के कार्यों को तेजी से धरातल पर उतार रही है। मौके पर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से अब तक अंतरराष्ट्रीय षडयंत्र का संवाहक बनी है। कांग्रेस पार्टी बाबा साहब और संविधान के नाम पर नये नये षडयंत्र रच रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दलित समाज को वोट बैंक समझा और विकास से कोसों दूर रखा।

अमर कुमार बाउरी ने कहा कि बाबा साहब के प्रति कांग्रेस का काला इतिहास है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जीवन पर्यंत ही नहीं मरणोपरांत भी बाबा साहब अम्बेडकर का अपमान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत तीन बातों को लेकर जनता के बीच जायेगी। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि अंबेडकर सम्मान अभियान एक वैचारिक आंदोलन है। इसे जन जन तक पहुंचना है। कांग्रेस पार्टी के झूठे दुष्प्रचार को उजागर करते हुए सच्चाई से जनता को अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि आगामी 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक अभियान चलाये जायेंगे। उन्होंने कहा 13 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिलों में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा की सफाई होगी। शाम को वहां दीपक जलाकर बाबा साहब को याद किया जायेगा।

14 अप्रैल को जयंती के अवसर पर प्रतिमा एवं चित्रों पर माल्यार्पण होंगे। सेवा बस्तियों में फल, भोजन आदि का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में अभियान के तहत 15 से 25 अप्रैल के बीच गोष्ठियां आयोजित होंगी।उन्होंने कहा कि अभियान केलिए प्रमंडल सह टोली बनाई गई है।


**कोर्ट नोटिश**

न्यायालय में,
अवर न्यायाधीश प्रथम,
औरंगाबाद (बिहार)
हकीयत वाद संख्या - 94/2024
जुलेखा खातून ..... वादी
बनाम
जूनियर इंजीनियर डिपार्टमेंट ऑफ ड्रिंकिंग वाटर एंड सेनीटेशन वगैरह ..... प्रतिवादीगण
नोटिश बनाम
1. रिजनल चीफ इंजीनियर डिपार्टमेंट ऑफ ड्रिंकिंग वाटर एंड सेनीटेशन रांची झारखंड।
2. चीफ इंजीनियर डिपार्टमेंट ऑफ ड्रिंकिंग एंड सेनीटेशन रॉंची (झारखंड)

चुंकि बजरिय नोटिश आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी द्वारा वर्तमान मुकदमा मेरे न्यायालय में दाखिल किया गया है जिसमें उपस्थिति वास्ते नजारत एवं निबंधित डाक से नोटिश भेजा गया है फिर भी आपलोग उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मुदकमा में निर्धारित अगली तिथि दिनांक - 15/04/2025 को 10 बजे दिन में वकालतन या असालतन/स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी।

ह.
अवर न्यायाधीश प्रथम
व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद (बिहार)


### आइएएस रामनिवास यादव को हाईकोर्ट ने दिया हाजिर होने का निर्देश

**रांची।** आइएएस अधिकारी रामनिवास यादव को हाईकोर्ट ने गुरुवार को अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने यह आदेश दिया है। रामनिवास यादव फिलहाल उच्च शिक्षा निदेशक के पद पर तैनात हैं। दरअसल विनोबा भावे विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त उदय प्रसाद सिंह ने अपने रिटायरमेंट बेनिफिट की मांग के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। जिसपर सुनवाई के दौरान अदालत ने उक्त आदेश दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता समीर सौरभ ने पक्ष रखा। विनोबा भावे विश्वविद्यालय की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पक्ष रखा। अदालत ने प्रार्थी उदय सिंह के रिटायरमेंट बेनिफिट के भुगतान में देर पर नाराजगी जाहिर करते हुए उच्च शिक्षा निदेशक के विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई करने की बात कही है।

# झामुमो का महाधिवेशन पार्टी के भविष्य को देगा आकार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) का 14 और 15 अप्रैल को होने वाला 13वां महाधिवेशन कई मायनों में अहम होगा। इस महाधिवेशन में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं जो पार्टी के भविष्य को आकार देंगे। यह महाधिवेशन रांची के खेलगांव में टाना भगत इंडोर स्टेडियम में होगा। यह महाधिवेशन झामुमो के 50 वर्षों से अधिक के इतिहास में सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण संगठनात्मक जलसा माना जा रहा है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व नए सिरे से राजनीतिक लक्ष्य निर्धारित करने की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए तैयार है।

इस महाधिवेशन में पार्टी की रणनीति तय होगी। पार्टी की रणनीति अब झारखंड के बाहर अन्य राज्यों में संगठन का विस्तार करने पर केंद्रित है। बिहार और बंगाल के आगामी विधानसभा चुनावों पर भी पार्टी की नजर है। खासकर इन दोनों राज्यों की सीमाओं से सटे जिलों की सीटों को चिन्हित कर अपने उम्मीदवार उतारने पर महाधिवेशन में ठोस निर्णय लिया जा सकते हैं।

### इन प्रस्तावों पर होगी खुलकर चर्चा

**पार्टी संविधान में संशोधन :** पार्टी के संविधान में बदलाव के लिए गठित उपसमिति ने ड्राफ्ट तैयार कर लिया है।

**कल्पना सोरेन का प्रमोशन :** कल्पना सोरेन को पार्टी में महत्वपूर्ण पद पर लाने का निर्णय लिया जा सकता है।

**भूमि पुनर्वापसी कानून :** पार्टी भूमि पुनर्वापसी कानून बनाने का प्रस्ताव लाएगी, जिससे आदिवासियों की जमीन उनके मूल मालिकों को वापस की जा सके।

**वक्फ कानून का विरोध :** पार्टी वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ प्रस्ताव ला सकती है।

**राष्ट्रीय पार्टी बनाने की योजना :** महाधिवेशन में झामुमो को राष्ट्रीय पार्टी बनाने पर मंथन होगा।

**बिहार और बंगाल पर ध्यान :** पार्टी बिहार और बंगाल के आगामी विधानसभा चुनावों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

**जिलाध्यक्षों को अधिक शक्तियां :** पार्टी के जिला और प्रखंड अध्यक्षों को अधिक राजनीतिक शक्तियां देने का निर्णय लिया जा सकता है।

**हाई पावर कमेटी का गठन :** महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए हाई पावर कमेटी बनाने का निर्णय लिया जा सकता है।

# मानव तस्कर पन्नालाल की पत्नी और भाई को जमानत देने से हाइकोर्ट का इनकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मानव तस्कर पन्नालाल महतो की पत्नी सुनीता देवी एवं उसके भाई शिव शंकर गंझू उर्फ शिव शंकर महतो को जमानत देने से हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी।

पन्नालाल, उसकी पत्नी सुनीता देवी एवं अन्य के खिलाफ ईडी ने प्राथमिकी दर्ज की है। मनी लांड्रिंग एक्ट में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मानव तस्कर पन्ना लाल महतो की तीन करोड़ 36 लाख 65 हजार 968 रुपये 86 पैसे की चल-अचल संपत्ति को जब्त कर चुका है। उक्त संपत्ति पन्ना लाल व उसके रिश्तेदारों के नाम पर है। सुनीता देवी और शिव शंकर 6 अप्रैल 2022 से जेल में बंद हैं। झारखंड की बच्चियों को काम दिलाने के नाम पर दिल्ली-मुंबई समेत बड़े शहरों में बेचने के मामले में तीन जुलाई 2019 को पन्ना लाल और उसकी पत्नी सुनीता के खिलाफ ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थाने में एफआईआर दर्ज की गयी थी। चार मार्च 2020 को मामले को टेक ओवर करते हुए एनआईए ने भी प्राथमिकी दर्ज की थी। बाद में ईडी ने भी मामला दर्ज किया था।

### 2003 से ही कर रहे थे मानव तस्करी

पन्ना लाल महतो खूंटी जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के गनालोया गांव का निवासी है। उस पर 15 साल में झारखंड की 5000 लड़कियों का सौदा कर 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अर्जित करने का भी आरोप है। उसके खिलाफ झारखंड पुलिस के अलावा एनआइए भी केस दर्ज कर जांच कर रही है। पन्नालाल को पुलिस ने खूंटी से गिरफ्तार किया था। उसने अब तक हजारों नाबालिग लड़के-लड़कियों को देश के विभिन्न शहरों समेत विदशों में भी बेचा है। पन्ना लाल और उसकी पत्नी सुनीता वर्ष 2003 से ही मानव तस्करी कर रहे हैं। पन्ना लाल झारखंड समेत ओडिशा के विभिन्न जिलों से बच्चों को काम दिलाने के बहाने बाहर ले जाकर उन्हें बेच देता था।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02**
**(E-mail:cetjusnl@gmail.com)**

**e-TENDER NOTICE**

**RFP No. – 13/PR/ JUSNL/ 2025-26**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Request for Proposal (RFP) for providing domain based official E-mail solution/ services with 100 GB storage in Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd. (JUSNL). |
| Earnest Money Deposit | Rs. 40,000.00 Online mode |
| e-Tender fee | Rs. 5,000.00 + 18% GST Online mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 15.04.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 15.04.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 05.05.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 06.05.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
PR 350108 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)#D General Manager, C&M (NWBP)


### छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद .बिक्री कर उस अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने से जुड़े मामले में आरोपी पूर्व डीसी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। इससे पूर्व मामले में जेल में बंद आरोपियों को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अगली पेशी की तारीख 25 अप्रैल निर्धारित की गई है। अदालत ने छवि रंजन, अमित अग्रवाल, तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन दलाल बरियातू के मिल्लत कालोनी निवासी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, डोरंडा के मनी टोला का निवासी इम्तियाज अहमद, मो सद्दाम हुसैन, तल्हा खान एवं फैयाज अहमद की हिरासत अवधि बढ़ा दी है। वहीं, एक आरोपी दिलीप घोष जमानत पर चल रहा है।

# झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के केन्द्रीय समिति की बैठक में की गयी सांगठनिक समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय समिति का बैठक रांची स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कैंप कार्यालय हरमू में दिन के 11:30 बजे आहूत हुई। बैठक में केंद्रीय समिति के पदाधिकारी सहित सभी केंद्रीय सदस्य एवं सीसीएल, बीसीसीएल एवं ईसीएल के जोनल पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की सांगठनिक समीक्षा, यूनियन की सदस्यता एवं केंद्रीय समिति के आठवीं महाधिवेशन पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। 20 मई 2025 को चार केंद्रीय श्रमिक संगठन द्वारा एक दिन का भाजपा केंद्र सरकार द्वारा 44 लेबर कोर्ट को चार लेबर कोर्ट में बदलने एवं एमडीओ के तहत कोलियरी को आउटसोर्सिंग को देने एवं असंगठित मजदूर को सुविधा से वंचित करने के विरोध में हड़ताल का झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन समर्थन करेगी। वर्ष 2025 में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का सदस्य बनाने का लक्ष्य 30 हजार निर्धारित की गई। साथ ही दिनांक 20.4.2025 से दिनांक 20.5.2025 तक परियोजनओ में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सदस्यता अभियान समाप्ति के उपरांत महाधिवेशन की तिथि निर्धारित कर सभी कमेटियों का गठन कर केंद्रीय महाधिवेशन संपन्न की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष सह विधायक मथुरा प्रसाद महतो, केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा, केंद्रीय संगठन सचिव विनोद कुमार पांडे ,केंद्रीय सचिव जय नारायण महतो, धनंजय वर्मा, चंद लाल सोरेन इतयादि उपस्थित हुए।

# लैंड स्कैम : अफसर अली और फैयाज को बेल देने से हाईकोर्ट का इनकार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जमीन से जुड़े फजीर्वाड़े में जेल में बंद अफसर अली और फैयाज खान को जमानत देने से इनकार करते हुए दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। दोनों आरोपी इस मामले में वर्ष 2023 के अप्रैल महीने से जेल में बंद है। इडी ने इस संबंध में कांड संख्या 5/2023 दर्ज किया है। दरअसल लैंड स्कैम की जांच के दौरान इडी ने अमित अग्रवाल, दिलीप घोष ,रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार किया था। उक्त आरोपियों में से कई अब भी न्यायिक हिरासत में हैं।

**तापस घोष को हाईकोर्ट ने नहीं दी बेल :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम मामले में जेल में बंद कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष को बेल देने से हाईकोर्ट में इनकार कर दिया है। तापस की गिरफ्तारी पिछले वर्ष रांची से हुई थी। इससे पहले रांची इडी की विशेष कोर्ट तापस को बेल देने से इनकार कर चुका था, जिसके बाद उसने हाईकोर्ट में अपनी बेल के लिए गुहार लगाई थी। लेकिन वहां भी उसे राहत नहीं मिली।


**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉंची**
**E-mail id – csofficeranchi@yahoo.com**

e-Tender No. : 1433 Date 9.4.2025

**पुर्न अति अल्पकालीन ई– निविदा**

सदर अस्पताल, रॉंची एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानो के लिए विभिन्न विभाग के लिए दवादि मशीन उपकरण एवं अन्य विविध सामग्रियों का दर निर्धारण एवं कय हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/फर्म से दिनांक 24.4.2025 के अपराह्न 5.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा से तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि **website http://jharkhandtenders.gov.in** पर दिनांक 12.4.2025 से देखा जा सकता है। ई–निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्धि पत्र **website http://jharkhandtenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

PR 348659 Health Med Edu and Family Welfare (24-25 #D)

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,रॉंची

PR 350118 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D


# अब पंचायत और गांव में लगेगा कृषि मेला

**मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की मैराथन समीक्षा बैठक**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि अब प्रखंड के बजाय पंचायत एवं गांव में मेला का आयोजन होगा। वह शुक्रवार को हेसाग स्थित पशुपालन निदेशालय में समीक्षा बैठक कर रही थीं। इस दौरान स्पष्ट तौर पर वित्तीय वर्ष 2025-26 का ब्ल्यू प्रिंट तैयार कर लिया गया है। झारखंड में कृषि ए पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने रोजगार के लिए पलायन करने वाले गांव को योजनाओं की सौगात देने की

### झारखंड में पलायन वाले पंचायत और गांव पर कृषि विभाग को विशेष जोर

योजना बनाई है। इसके तहत पलायन का दंश झेल रहे पंचायत और गांव में कृषि मेला का आयोजन होगा। अब प्रखंड कार्यालय परिसर में कृषि मेला लगाने से विभाग परहेज करेगा। इतना ही नहीं पशु हेल्थ कैंप का आयोजन भी अब जिला मुख्यालय के बजाय प्रखंड और पंचायत में लगाने की तैयारी है। समीक्षा बैठक के क्रम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आम लोगों से मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुये संबंधित अधिकारियों के खिलाफ करवाई का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री पशुधन योजना की सफलता के लिए विभागीय अधिकारियों को कलस्टर बना कर काम करने को कहा गया है। इस योजना के तहत पशु वितरण की लंबित योजनाओं को जून माह तक हर हाल में पूर्ण कर लेने को कहा गया है। शूकर पालन को बढ़ावा देने से लेकर पलामू के इलाके में भेड़ वितरण की योजना को प्रमोट करने की योजना है। उन्होंने किसान समृद्धि योजना की रफ्तार बढ़ाने का दिशा निर्देश दिया है। इस योजना के तहत सौर ऊर्जा से संचालित पंप का वितरण विभाग के द्वारा किसानों के बीच किया जा रहा है। राज्य में बन कर तैयार 20 कोल्ड स्टोरेज का संचालन अगले 6 माह में शुरू करने की समय सीमा निर्धारित की गई है। समीक्षा बैठक में विशेष सचिव गोपाल जी तिवारी, सभी निदेशालय के निदेशक सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# बिरसानगर पीताम्बरा मंदिर में माता के दर्शन के लिए लगी रही भक्तों की भीड़



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मोहरदा बिरसानगर जोन नंबर 2 बी में नवनिर्मित मॉ पीताम्बरा मंदिर में श्री गणेश मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, वास्तु पूजन और मॉ पीताम्बरा प्राण प्रतिष्ठा का धार्मिक अनुष्ठान के तीसरे दिन शुक्रवार की सुबह सार्वजनिक आरती के बाद माता का दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ दिन भर लगी रही। कामाख्या से आये गुरूदेव स्वामी हदयानंद जी महाराज की देखरेख में राजीव शर्मा और अमल शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना करायी। यजमान स्वामी विजयानंद ने सपत्नी पूजा की। आज की पूजा में भी काफी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। इसका आयोजन मॉ पीताम्बरा शक्ति पीठ द्वारा किया गया। शुक्रवार को दोपहर में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम में स्थानीय भजन मंडली विनय कुमार आचार्य की टीम ने दो घंटे तक माता के भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। शाम को कामाख्या से आये पुज्य गुरूदेव स्वामी हदयानंद जी महाराज ने प्रवचन के दौरान यह संदेश दिया कि आपको अपनी कृत्याओं पर भरोसा करना चाहिए, किन्तु यह भी ध्यान रखना चाहिए, कि दूसरा व्यक्ति भी कृत्याओं से संपन्न हो सकता हैं। बिरसानगर में मंदिर का निर्माण करने वाले स्वामी विजयानंद घोषाल को कामाख्या के कुलाचार तंत्र मार्ग के तहत, उन्हें उनके गुरु ने वर्ष 2005 में दक्षिणसार पथ में और 2010 में वामाचार पथ में शक्ताभिषेक के बाद 2023 में पूर्णाभिषेक के रूप में दीक्षा दी थी।

# रेलवे की लेट लतीफी से जनता कर रही है त्राहिमाम, चैम्बर ने दिया धरना

**व्यापारी एवं सामाजिक संस्थाओं के सैकड़ों लोग हुए शामिल**




जुगसलाई में धरना देते चैम्बर के पदाधिकारीगण।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर के द्वारा जुगसलाई के वीर कुवर सिंह चौक/घोड़ा चौक पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर रेलवे को नींद से जगाने का कार्य किया गया जिससे पिछले कई महीनों से दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत चलने वाली रेलगाड़ियां जो भाया टाटानगर होकर गुजरती है के लगातार घंटों विलंब से परिचालित होने एवं रेलगाड़ियों के रद्द कर दिये जाने से परेशान रेल यात्रियों को छुटकारा मिल सके और रेलवे इसमें सुधार हेतु जल्द से जल्द कदम उठाते हुये त्वरित कार्रवाई करने के लिये बाध्य हो। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने उपस्थित व्यवसायी उद्यमियों को संबोधित करते हुये कहा कि यह देखा जा रहा है कि पिछले कई महीनों से दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत चलने वाली रेलगाड़ियां जो भाया टाटानगर होकर गुजरती है उसमें अधिकांशतः घंटों विलंब से परिचालित हो रही है और कई रेलगाड़ियां रद्द कर दी जा रही है। कभी-कभी तो यह दस से बारह घंटे लेट परिचालित हो रही जिससे जनता त्राहिमाम किये हुये है। लोगों में रोष व्याप्त हो रहा है और वे सरकार और रेलवे के प्रति भी नाराजगी जता रहे हैं। इससे यात्री सही समय पर अपने गंतव्य पर नहीं पहुंच पा रहे हैं, समय पर नहीं पहुंचने से व्यवसायियों की मीटिंग रद्द हो रही है और उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है, छात्र-छात्रायें युवा जो नौकरी हेतु इन्टरव्यू के लिये जाने वाले युवा अपने गंतव्य स्थानों तक सही समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। हमें जवाब मिलता है कि रेलवे के विकास के कार्यों के कारण रेलगाड़ियों के समय से परिचालन में कठिनाई हो रही है। मानद महासचिव मानव केडिया ने कहा कि चैम्बर ने इसके लिये कई बार रेलवे के मंत्री, रेलवे बोर्ड, उच्च अधिकारियों को पत्र के माध्यम से इस मुद्दे को रखा लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। आज हम इस प्रदर्शन के माध्यम से रेलवे एवं इनके उच्च अधिकारियों तक इस बात को पहुंचाने हेतु आंदोलनरत हैं। प्रदर्शन के दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक भालोटिया ने कहा कि रेलवे को यात्रियों की परेशानियों को समझना होगा। कई बार ऐसी शिकायतें मिलती है कि मालगाड़ियों यात्रियों से भरे रेलगाड़ी से ज्यादा तरजीह दी जा रही है और यात्रियों के परेशानियों से रेलवे को मतलब नहीं रह गया है। ट्रेन की लेट लतीफी से सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को हो रही जिन्हें घंटों टेज्न में बेवजह समय बिताना पड़ रहा है। उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल गोल्डी एवं सचिव सुरेश शर्मा लिपु ने बताया कि धरना-प्रदर्शन के बाद व्यापारियों ने डीआरएम के नाम एरिया मैनेजर अभिषेक सिंघल को रेलगाड़ियों के लेट-लतीफी एवं रेलगाड़ियों के रद्द कर दिये जाने के मुद्दे पर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर एरिया मैनेजर ने कहा हम इस दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं और जल्द इसमें सुधार होगा। धरना प्रदर्शन में एसिया के महासचिव प्रवीण गुटगुटिया, चैम्बर के उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, सचिव भरत मकानी, अंशुल रिंगसिया, बिनोद शर्मा एवं कोषाध्यक्ष सीए अनिल रिंगसिया ने गुजराती सनातन समाज के दिनेश पठाड़िया, रेड क्रॉस के महासचिव विजय सिंह, जैन समाज बिष्टुपुर के चन्द्रकांत देसाई, सत्यनारायण अग्रवाल, चन्द्रकांत जटाकिया, अरूण अग्रवाल, पवन नरेडी ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुये जल्द से जल्द इसमें सुधार करने की मांग रखी। इस अवसर पर जमशेदपुर के अन्य संस्थाओं जैसे कॉमर्शियल टैक्स बार एसो, मारवाड़ी युवा मंच शाखा, मारवाड़ी युवा मंच, राणी सती सत्संग समिति भी धरना प्रदर्शन में शामिल होकर इसके लिये आवाज उठाई।

## स्पीड न्यूज

### ग्राम प्रधान बुचेन शुगर फ्री शकरकंद की खेती कर बढ़ायेंगे आमदनी



जमशेदपुर। आटी पुआल मशरूम प्रा. लिमिटेड वद्धमान के एमडी डॉक्टर अमरेश महतो के मार्गदर्शन में पटमदा के गाड़ीग्राम गांव के ग्राम प्रधान बुचेन लाया ने 2 बीघा जमीन पर शुगर फ्री शकरकंद की खेती शुरू की है । इस मौके पर वहां मौजूद डॉक्टर अमरेश महतो ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को चुनौती देने और देश के समग्र विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में नई कृषि तकनीक का उपयोग करके देश को समृद्ध बनाना हमारे देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी का मिशन, विकासशील भारत 2047 का लक्ष्य है , जिसके तहत बीईएफ (इएऋ) द्वारा – ₹2047 तक विकसित भारत संवाद और पुरस्कार₹ लॉन्च किया गया है । इसी उद्देश्य की कड़ी में ग्राम प्रधान बुचेन लाया की 2 बीघा जमीन पर शर्करा एवं ग्लूटन मुक्त पौष्टिक शकरकंद (नारंगी रंग के गुदे ) की खेती शुरू किया गया है जो तीन महीने में फसल तैयार हो जाता है । यह शकरकंद कम चीनी और ग्लूकोज से मुक्त एक पौष्टिक आहार है। साथ ही यह कैंसर, मधुमेह और गैस्ट्रिक रोगियों के लिए एक उत्कृष्ट भोजन भी है । उन्होंने कहा कि दो बीघा में शकरकंद की खेती के अलावा पेडीस्ट्रा मशरूम और कसाबा की खेती तथा सीआर धान 310 की खेती भी यहां किया जाएगा । डॉक्टर महतो ने यह भी बताया कि पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र में और भी कई किसान इस तरह की खेती शुरू करने वाले हैं । उक्त सभी फसल के उत्पादन में कम पानी , कम मेहनत और कम समय लगता है और मुनाफा अधिक होता है ,जो किसान को आर्थिक स्थिति सुधारने में सक्षम है । इसी उद्देश्य से प्रभावित होकर ग्राम प्रधान बुचेन लाया ने इस नई तकनीक पर आधारित खेती को करने के लिए मन बनाया है और खेती शुरू की। डॉक्टर महतो ने बताया कि इस मुहीम में महिला एवं आदिवासी किसानों को विशेष रूप से प्राथमिकता दी जाएगी । इस मौके पर डॉक्टर अमरेश महतो के साथ दीन बंधु ट्रस्ट के महासचिव सह वरिष्ठ पत्रकार नागेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे। अन्य लोगों में महेन्द्र लाया, महादेव लाया, भूपेंद्र सिंह, समर सिंह, अरुण मांडी, विशोखा लाया, गुलापी लाया आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### स्वर्णरिखा नदी से युवक का शव बरामद

जमशेदपुर। बिहार घाट, स्वर्णरेखा नदी से सूरज लाल उम्र 25 साल नामक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। उसे बुरी तरह मारपीट कर नदी में फेंक दिया गया था।

### गम्हरिया : सड़क किनारे से विक्षिप्त महिला का शव बरामद


गम्हरिया। प्रखंड के दुगनी के समीप सड़क किनारे स्थित झाड़ियों में शुक्रवार को मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला का शव पाया गया है। शव से आ रहे दुर्गंध से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला की मौत चौबीस घंटे पूर्व हो चुकी थी। सुबह में कुछ लोगों ने जब उस शव को देखा तो इसकी सूचना सरायकेला थाना को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### गम्हरिया : नुवागढ़ गांव में पेड़ से लटकता मिला युवती का शव

गम्हरिया। गम्हरिया पुलिस ने नुवागढ़ गांव में नदी किनारे पेड़ से लटकता एक युवती का शव बरामद किया है। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतिका की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से युवती के संबंध में पूछताछ की गई, किन्तु किसी ने भी उसकी पहचान नहीं किया है। थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने उक्त युवती के संबंध में यदि किसी को कोई जानकारी मिलने पर थाना में सूचित करने की अपील किया है।

# अरका जैन विवि में आयोजित जॉब फेयर में 40 से अधिक कंपनियां लेंगी भाग

**झारखंड का सबसे बड़ा मेगा जॉब फेयर 16 अप्रैल को**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी, गम्हरिया कैंपस में 16 अप्रैल को झारखंड का अब तक का सबसे बड़ा मेगा जॉब फेयर आयोजित होने जा रहा है। इस भव्य आयोजन में एफएमसीजी, रिटेल, मैन्युफैक्चरिंग, बैंकिंग और सर्विस सेक्टर से जुड़ी 40 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। यह जॉब फेयर देशभर के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां वे निःशुल्क भाग ले सकते हैं। पिछले वर्ष हुए जॉब फेयर में लगभग 4,000 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया था, जिसमें दो दिनों के भीतर 700 से अधिक जॉब ऑफर्स जारी किए गए थे और 8 लाख रुपये तक का हाईएस्ट पैकेज ऑफर किया गया था। इस वर्ष के आयोजन में और भी बड़े अवसरों की उम्मीद की जा रही है, जिसमें छात्र कई कंपनियों में इंटरव्यू देने के साथ अपने करियर को एक नई दिशा दे सकेंगे। इस जॉब फेयर में अंतिम वर्ष के छात्र भी भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को पूर्व पंजीकरण करना अनिवार्य है, जिसके लिए वे 9831664615 पर संपर्क कर सकते हैं या गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जॉब फेयर के दिन प्रतिभागियों को अपना अपडेटेड रिज्यूमे और पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लाना आवश्यक होगा। अरका जैन यूनिवर्सिटी के अभिषेक कुमार ने बताया कि सभी प्रतिभाशाली युवाओं का इस अवसर पर हार्दिक स्वागत करती है और उन्हें बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देती है।

## श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में श्री हनुमान चालीसा का अखंड पाठ आज

**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर (बिड़ला मंदिर, केबुल टाऊन) के जीर्णोद्धार कार्य को गति देने के निमित्त और श्री हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित श्री हनुमान चालीसा का 108 बार पाठ शनिवार को आयोजित किया जा रहा है। जीर्णोद्धार समिति के संयोजक सरयू राय ने बताया कि हनुमान चालीसा का पाठ सुबह 10 बजे से आरंभ होगा और शाम 5 बजे के आसपास पूरा होगा। ग्यारह पंडितों का समूह निरंतर हनुमान चालीसा का अखंड पाठ करता रहेगा। इसके साथ ही जो श्रद्धालु नियमपूर्वक हनुमान चालीसा का पाठ करने के इच्छुक हैं, उनके लिए भी मंदिर प्रांगण में बैठने की व्यवस्था की गई है। श्री राय ने बताया कि श्री हनुमान चालीसा पाठ का उद्देश्य श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, केबुल टाऊन के जीर्णोद्धार कार्य सिद्धि को गति प्रदान करना है।

## एक नजर में

### अमीरों पर टैक्स बढ़ाओ गरीबों को राहत पहुंचाओ : नेशनल हॉकर फेडरेशन



जमशेदपुर। नेशनल हॉकर फेडरेशन द्वारा वेल्थ टैक्स कैंपियन के तहत करनडीह एवं महिला कल्याण समिति सुंदरनगर के अलावा अन्य जगहों में कर प्रणाली में संतुलन तथा आर्थिक असमानता को कम करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। वहीं मौके पर नेशनल हॉकर फेडरेशन के सचिव उत्तम चक्रवर्ती एवं नागेन्द्र कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि एक भारत है जिसमें करीब 70 लाख भारतीय है जो विकसित दुनिया के सबसे अमीर लोगों के बराबर कमाते है। वहीं दूसरे भारत में 70 करोड़ से ज्यादा भारतीय दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे है। इसलिए इस अभियान के माध्यम से हमारी मांग है कि अमीरों पर टैक्स बढ़ाया जाए ताकि उन्हीं टैक्स के रुपयों से हर गरीब, पथ विक्रेता एवं असंगठित मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ा जा सके। आवश्यक खाद्य पदार्थों एवं बुनियादी जरूरतों के समानों को टैक्स मुक्त किया जा सके। वहीं सुनीता पोयडा ने कहा यह अभियान जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जाएगा तथा इस हस्ताक्षरयुक्त याचिका को संबंधित पदाधिकारियों को भेजा जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नेशनल हॉकर फेडरेशन के सचिव उत्तम चक्रवर्ती, नागेन्द्र कुमार, सुनीता पोयडा, समाजसेवी अंजलि बोस, बेबी दत्ता,शोभा मार्डी, अरुण रजक तथा अन्य सहयोगियों का अहम योगदान रहा।

### साईं सेंटर में साईं भजन संध्या संपन्न



जमशेदपुर। साई महोत्सव सर्किट हाउस साईं सेंटर में आयोजित किया गया। साईं भजन आशीष सट्टा और टीम के द्वारा किया गया। सभी भक्तों को बैठा कर भोग खिलाया गया। प्रेसिडेंट एस के बेहरा, संगीता बेहरा, डेजी ईरानी, शक्ति शर्मा, कोमल चोपड़ा, राजीव चोपड़ा, विजय मेहता, किरण मेहता, प्रतिभा महंती, विजय सिंह राणा, रोहन मेहता, बी एन दास, आर सी नंदरजो, डी सी अनन्य मित्तल, एस एस पी किशोर कौशल, एसडीओ शताब्दी मजूमदार, बासुदेब, अमरेश जी, पूरबी घोष, सौम्य सेन, नीरज मिश्रा और अन्य उपस्थित थे।

### अग्नि पीड़ित परिवार की विधायक मंगल कालिंदी ने की आर्थिक मदद



जमशेदपुर। जुगशालाई विधानसभा जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत लोको कॉलोनी, हरिजन बस्ती निवासी रवि करुवा के घर पर शुक्रवार को रखे जलते हुए दीया से आग लग गई थी। आग लगने की वजह से रवि करुवा के घर का सभी सामान जलकर राख हो गया। जिसे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी मिलते ही जुगशालाई विधायक मंगल कालिंदी ने उनके घर पर पहुंच कर रवि करुवा और उनके परिजनों से मुलाकात की और उनके घर का मुआयना किया। मौके पर ही विधायक ने जमशेदपुर के सी ओ को फोन के माध्यम से घटना की जानकारी दी जिसपर तुरंत संज्ञान लेते हुए सीओ ने कर्मचारियों को घटना स्थल का मुआयना करने के लिये भेजा। विधायक ने रवि करुवा को जल्द से जल्द मुआवजा उपलब्ध कराने का निर्देश कर्मचारियों को दिया। मौके पर विधायक ने परिवार के साथ उत्पन्न विकट परिस्थिति में हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया तथा साथ ही तात्कालिक रूप से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई।

### विधायक सबिता महतो एवं जिला पार्षद ने दो आंगनबाड़ी केंद्र का किया भूमिपूजन



चांडिल। गुरुवार को चांडिल प्रखण्ड क्षेत्र के काठजोड़ एवं मकुलाकोचा में जिला परिषद मद से बनने वाले दो आंगनबाड़ी केंद्र का ईंचागढ के विधायक सविता महतो एवं चांडिल के जिला पार्षद सदस्य पिंकी लायेक ने भूमिपूजन किया। पिंकी लायेक ने कहा यह 15 वें वित्त आयोग के मद से 22,32,800 की लागत से दो आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण कार्य कराया जाएगा। उन्होंने संवेदक को ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। इस मौके पर पूर्व जिप सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक, काबलु महतो, आनंद सिंह सरदार, कृपाकर महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### डोमजूडी गांव में अखंड हरिनाम संकीर्तन से पूरा गांव हुआ भक्तिमय



जादूगोड़ा। नरवा पहाड़ से सटे डोमजूडी गांव में मदन मोहन मंदिर कमिटी की ओर से मदन मोहन मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्री श्री सार्वजनिक अखंड हरिनाम संकीर्तन के आज तीसरे दिन मंदिर में भक्तों की भारी उमड़ी। इधर हरिनाम संकीर्तन से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। इस मौके पर कमिटी के सक्रिय सदस्य गोपी दास ने कहा कि हरि नाम संकीर्तन से पापों से मुक्ति पाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि श्री चैतन्य महाप्रभु ने भी कलयुग में हरिनाम संकीर्तन को भगवान को प्राप्त करने का सबसे सरल और प्रभावी साधन बताया है। इस अवसर पर चैतन्य महाप्रभु व भगवान श्री कृष्ण व उनकी मां की लीला को प्रदर्शित करती झाकियां लोगों को बरबस हरिनाम संकीर्तन की ओर खींच रही थी। इस हरिनाम संकीर्तन में भारी संख्या में महिलाओं की भीड़ मंदिर में उमड़ी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मदन मोहन मंदिर कमिटी की ओर से फनी भूषण दास, बबलू दास पतित पावन दास समेत समस्त ग्रामीण व युवाओं की भागीदारी रही। कल शनिवार को इस अखंड हरिनाम संकीर्तन का समापन हो जाएगा।

### यौन शोषण मामले में जादूगोड़ा का धीरज गिरफ्तार



जादूगोड़ा। शादी का झांसा देकर यौन शोषण व युवती के साथ मारपीट के मामले में जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव का धीरज महतो उर्फ बंटी महतो को जादूगोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर घाटशिला जेल भेज दिया। उसके खिलाफ गांव के बगल की रहने वाली पीड़िता के बयान पर जादूगोड़ा पुलिस ने आरोपी धीरज महतो के खिलाफ थाना कांड सं 23/25 के तहत प्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया था।

## राजेंद्र मध्य विद्यालय बागबेड़ा को उच्च विद्यालय में उन्नयन की सख्त जरूरत : डॉ कविता परमार




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा कॉलोनी स्थित राजेंद्र मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में प्रोन्नत करने के मामले को लेकर शुक्रवार को जिला पार्षद डॉक्टर कविता परमार रांची में माध्यमिक शिक्षा निदेशक श्री राजेश प्रसाद से मिली। माध्यमिक शिक्षा निदेशक को उन्होंने एक मांग पत्र भी सौंपा। उन्होंने कहा है कि बागबेड़ा समेत इनके आसपास के 25 पंचायतों को मिलाकर एक भी हाईस्कूल नहीं है। इस क्षेत्र के लगभग 95 प्रतिशत बच्चे अभिवंचित, आदिवासी तथा पिछड़े वर्ग के हैं जो इस विद्यालय में पढ़ते हैं। तथा दिहाड़ी मजदूरों के बच्चे हैं। ये बच्चे झुग्गी-झोपड़ियों में रहते हैं। हाई स्कूल दूर होने के कारण यहां के अधिकांश बच्चे बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। खासकर लड़कियां इससे प्रभावित हो रही है। वर्ष 2022 जिला शिक्षा प्रारंभिक शिक्षा समिति ने इस विद्यालय को हाई स्कूल में प्रोन्नत करने का प्रस्ताव भी पास किया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक राजेश प्रसाद ने मामले को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारी को बुलाकर हाई स्कूल में प्रोन्नत के लिए मार्गदर्शन दिया तथा पार्षद को आश्वस्त किया।

## पार्किसंस रोग का इलाज दवा, सर्जरी : डॉ एमएन सिंह




न्यूरो सेंटर में कार्यक्रम का उद्घाटन करते डा एमएन सिंह।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विश्व पार्किसंस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एक कार्यक्रम साकची न्यूरो सेंटर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर एम एन सिंह ने बताया कि पार्किसंस रोग की खोज जेम्स पार्किसंस ने किया था। उन्हीं के जन्मदिन को विश्व पार्किसंस दिवस के रूप में हम लोग मानते हैं। पार्किसंस रोग में मुख्य रूप से मस्तिष्क प्रभावित होते हैं। जिसके कारण शरीर में कंपन, अकड़न, स्थिरता, धीमापन, बोलने में कठिनाई, चलने में संतुलन आदि इनके मुख्य लक्षण है। इसका मुख्य कारण ब्रेन में प्रोटीन जमा हो जाना है। जो वहां ब्रेन के सेल्स को मार देते हैं। उन्होंने बताया कि पार्किसंस रोग का इलाज दवा, सर्जरी, योग और संतुलित खानपान के द्वारा किया जाता है। एक लाख लोगों में 50 से 70 लोग इस बीमारी से ग्रसित होते हैं। शुरूआत में ही इलाज हो जाने से जल्दी सुधार होता है। उन्होंने बताया कि 60 वर्ष के आयु के बाद ज्यादा होने की संभावना रहती है, लेकिन अब तो 50 वर्ष के बाद से ही कई लोगों में इस तरह के लक्षण देखने को मिलते हैं। पार्किसंस रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## जमशेदपुर में एनडीए की को-ऑर्डिनेशन कमेटी बनाने की जरुरत : सरयू



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जदयू पूर्वी सिंहभूम जिला पदाधिकारी की प्रथम व परिचयात्मक बैठक शुक्रवार को बारीडीह स्थित जद (यू) जिला कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने की तथा बैठक में मुख्य रूप से जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय उपस्थित हुए। विधायक राय ने नवमानोनित जिला पदाधिकारियों को अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। प्रदेश युवा अध्यक्ष निर्मल सिंह, प्रदेश महासचिव संजय ठाकुर, जदयू प्रदेश महासचिव कौशल सिंह, महानगर अध्यक्ष अजय कुमार ने नवम्नोनित पदाधिकारियों को संबोधित किया। पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कहा की अभी संगठन का विस्तार 20 प्रतिशत ही हुआ है। बहुत जल्द संगठन का पूर्व रूप में विस्तार किया जाएगा। सभी अन्य जेडीयू कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है। योग्यता अनुसार सबको संगठन में जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। सभी मोर्चा अध्यक्ष, थाना अध्यक्ष को जल्द से जल्द अपनी समिति विस्तार करने का निर्देश दिया गया है। विधायक सरयू राय ने अपने संबोधन में कहा की राजनीतिक दल के रूप में किस समस्या को उठाएं और किस प्रकार समस्याओं का निराकरण हो इसपर विवेचना करनी चाहिए। जमशेदपुर मजदूरों का शहर है जिसमें आउटसोर्स पर कार्य करने वाले अस्थाई मजदूरों की संख्या अधिक है। हम उनके हित को देखें, ठेका पर कार्यरत मजदूरों की समस्याओं को समझे और निराकरण का प्रयास करे। श्री राय ने आगे कहा की जद (यू) प्रदेश की इकाई से समन्वय बनाकर संगठन के कार्यों को संपादित करे। संगठन में जो पद खाली है उन पर प्रदेश नेतृत्व से विचार विमर्श करे। सरयू राय ने एनडीए की कोऑर्डिनेशन कमिटी बनाकर कार्य करने का सुझाव दिया।

## सेवानिवृत यूसिलकर्मियों को डेढ़ लाख की हेल्थ बीमा की आधी राशि यूसिल देगी

जादूगोड़ा। सेवानिवृत यूसिल कर्मियों को डेढ़ लाख की सालाना हेल्थ बीमा की आधी राशि यूसिल देगी। जिसको लेकर यूसिल के उपमहाप्रबंधक राकेश कुमार ने इस बाबत बीते 9 अप्रैल को अधिसूचना जारी कर सभी यूनियन नेताओं को प्रतिलिपि भेज दी गई। नई अधिसूचना के तहत 31 मार्च 2018 के बाद सेवानिवृत होने वाले कंपनी कर्मी इसका लाभ उठा सकेंगे। यूसिल से सेवानिवृत यूसिल कर्मियों के इस हेल्थ स्कीम की मजदूर नेता श्रीनिवास सिंह ने इसे मजदूरों के साथ छलावा बताया है। उन्होंने कहा कि आज कोई भी बीमा कंपनियों न्यूनतम 5 लाख से कम का स्वास्थ्य बीमा 60 से अधिक उम्र के लोगों का नहीं करती। इतना ही नहीं कई जांच से गुजारने के बाद बीमा स्वीकार करती है। ऐसे में यूसिल द्वारा सेवानिवृत के बाद अपने कर्मचारियों को मिलने वाली स्वास्थ्य बीमा का लाभ 90 प्रतिशत लोग नहीं ले सकेंगे। ऐसे में इसे लागू करना या न करना मायने नहीं रखती। उन्होंने कहा कि यूसिल परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन आती हैं। ऐसे अपने सेवानिवृत कर्मचारियों को परमाणु ऊर्जा विभाग में मिलने वाली स्कीम की लागू करे या कंपनी अधिकारियों को मिलने अंशुदायिक स्वास्थ्य सेवा स्कीम के तहत बेसिक का 110 प्रतिशत मुश्त राशि की कटौती कर 21 लाख सालाना हेल्थ बीमा का लाभ दे, जो अपने अधिकारियों को मुहैया कराती है।

# बाघ का नाम रुद्र और बाघिन का नाम मेघना रखा गया

**टाटा स्टील जूलोजिकल सोसायटी ने शहरवासियों से मिले सुझाव पर रखे नाम**







खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जू लोजिकल पार्क में लाये गए नर बाघ का नाम रुद्र और मादा बाघिन का नाम मेघना होगा। टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क ने लौहनगरी के नागरिकों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद बाघ और बाघिन के नामों को अंतिम रूप दे दिया है। टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क ने 21 मार्च को नागपुर जू से आए नए बाघ और बाघिन के जोड़े के लिए नाम सुझाने के लिए जमशेदपुरवासियों से आग्रह किया था। शहर के नागरिकों ने इस पहल में जबरदस्त रुचि दिखाई और अपने पसंदीदा नाम एसएमएस और व्हाट्स एप के माध्यम से भेजे।

24 मार्च, जो प्रतिभागिता की अंतिम तिथि थी, तक कुल 318 लोगों ने बाघ और बाघिन के लिए 318 अलग-अलग नाम सुझाए। इसके बाद जूलॉजिकल पार्क प्रशासन ने एक समिति गठित की, जिसने नर और मादा बाघ के लिए सर्वोत्तम नामों का चयन किया। समिति ने नामों के चयन में उनकी लोकप्रियता, प्रासंगिकता और पशुओं के स्वभाव के अनुरूप अर्थ को प्राथमिकता दी। अंततः समिति ने सहिल शर्मा द्वारा सुझाए गए नामों को अंतिम रूप दिया, जो इस प्रतियोगिता के विजेता के रूप में चुने गए। दिलचस्प बात यह है कि बाघ के लिए सुझाया गया नाम रुद्र 10 अन्य प्रतिभागियों ने भी भेजा था। विजेता साहिल शर्मा को बाघों के साथ क्लोज-अप फोटो खिंचवाने का विशेष अवसर मिलेगा। साहिल के साथ ही उन अन्य 10 प्रतिभागियों को भी सोमवार, 21 अप्रैल को होने वाले बाघ के नए बाड़े के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। दोपहर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट एवं टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी के अध्यक्ष चाणक्य चौधरी शामिल होंगे। यह कार्यक्रम शाम 4:00 बजे आयोजित होगा। सभी चयनित प्रतिभागियों को इस सराहनीय गतिविधि में उत्साही सहभागिता के सम्मानस्वरूप चिड़ियाघर की ओर से स्मृति-चिह्न प्रदान किए जाएंगे।

स्पीड न्यूज

### तालाब बना काल : हरैया गांव में डूबने से पुणाडीह निवासी सहित चार युवतियों की दर्दनाक मौत



नीलाम्बर पीताम्बरपुर। प्रखंड क्षेत्र के पूणाडीह निवासी अभिषेक सिंह उर्फ कालू सिंह की लगभग 12 वर्षीय पुत्री मीठी सिंह की तालाब में डूबने से मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब मीठी अपने मामा के घर गढ़वा जिले के हरैया गांव गई हुई थी। शुक्रवार को वह गांव के ही आरा टोला स्थित तालाब में स्नान के लिए गई थी, जहां यह दर्दनाक हादसा घटित हो गया। जानकारी के अनुसार, मीठी सिंह अपने भाई रोमा सिंह, लाडो सिंह और अंकिता सिंह के साथ तालाब में स्नान करने गई थी। स्नान के दौरान तालाब में पानी गहरा होने के कारण चारों युवतियां डूबने लगीं। मीठी का छोटा भाई किसी तरह खुद को बचाकर बाहर निकला और दौड़कर परिजनों को सूचना दी। जब तक लोग पहुंचे, तब तक चारों की जान जा चुकी थी। ये सभी युवतियां छठी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने रिश्तेदारों के घर आई हुई थीं। इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही पूर्णा डीह गांव में मातम पसर गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव के अगल बगल क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

### टेढ़वा श्मशान घाट का सुंदरीकरण और चारदीवारी निर्माण की मांग



मेदिनीनगर। नगर निगम के वार्ड नंबर 6 के भावी प्रत्याशी शशिकांत तिवारी ने मेदिनीनगर नगर निगम के नगर सहायक आयुक्त को ज्ञापन देकर टेढ़वा शमशान घाट के सुंदरीकरण, चारदीवारी एवं साफ सफाई कराने एवं चापाकल मरम्मत, लाइट लगाने की मांग की है। तिवारी ने मांग पत्र के माध्यम से कहा कि नगर निगम अतर्गत पांकी रोड टेढ़वा के पास श्मशान घाट कई वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ है, जिसके कारण यहां के आम जनमानस को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। तिवारी ने नगर सहायक आयुक्त से टेढ़वा श्मशान घाट का नियमित साफ सफाई, चार दिवारी निर्माण कराने एवं लाइट लगवाने का मांग किया है। मांग पत्र सौंपने वालों में तिवारी के साथ पप्पू गुप्ता, वुन्नू प्रजापति शामिल थे।

### ट्रैफिक प्रभारी ने टेंपो स्टैंड के पास चलाया सघन जांच अभियान



मेदिनीनगर। सदिक चौक टेंपो स्टैंड के पास ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन गाड़ियों का जांच किया गया जिसमें दोपहिया, वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट और बिना लाइसेंस के थे। जिसमें से 12 दोपहिया मोटरसाइकिल वाहन गाड़ियों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। जिसे जिला परिवहन कार्यालय पलामू चालान फाइन हेतु भेजा गया है। जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 11 बाइक का चालान फाइन राशि 27,535 रूपये आया है। ट्रैफिक प्रभारी ने कहा कि यातायात नियमों के पालन नहीं करनेवाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जायेगी। उन्होंने कहा कि लोग सुरक्षित चलने के लिए हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।

### किसान पुत्र शक्ति मोर्चा ने हरही नदी का जीर्णोद्धार करने की मांग की



हुसैनाबाद पलामू। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत शहर की पुरानी व चर्चित हरही नदी में अवैध अतिक्रमण से अपना अस्तित्व को धीरे धीरे खोती जा रही है। एक तरफ सरकार पर्यावरण को संरक्षित करने व बचाने की अभियान चला रही ताकि जल व जीवन को सुरक्षित किया जा सके, वहीं दूसरी तरह शहर के हृदय कही जाने वाली नदी अब गंदे नाले का पानी के साथ कचरा बिगने का डम्पिंग यार्ड बन चुकी हैं, एक समय मे शहर की आधी आबादी इसी नदी से पानी पीते थे वहीं आज दूषित बदबूदार गन्ध से आस पास के लोगो को संक्रमित कर रही हैं। सबसे गौरतलब बात यह हैं शहर के सभी अधिकारियों की गाड़ी प्रत्येक दिन इसी नदी से गुजरती हैं लेकिन हम कह सकते थे हुसैनाबाद की प्रशासनिक उदासीनता कि पराकाष्ठा का इससे बेहतर उदाहरण और कोई नही हो सकता हैं। इसे लेकर किसान पुत्र शक्ति मोर्चा ने हुसैनाबाद नगर पंचायत को आवेदन देकर शहर के गंदे पानी और कचरे को नियंत्रित करते हुए हरही नदी की जीर्णोद्धार कर दोनों किनारें रिवर फ्रंट बनाने व पर्यावरण के साथ जल संरक्षण कर प्रदूषण एवं जलसंकट मुक्त हो और जलीय जीवों के साथ लोगों को साफ-सुंदर नदी दिलाने की मांग की है।

### डुमरहाथा में 14 अप्रैल को होगा शिव परिवार मंदिर का भूमि पूजन



हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत ग्राम डुमरहाथा में श्रद्धा और भक्ति का माहौल चरम पर है। ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयास से बनने जा रहे शिव परिवार मंदिर का भूमि पूजन समारोह 14 अप्रैल को संपन्न होगा। यह पवित्र अनुष्ठान सुबह 9 बजे से आरंभ होगा, जिसमें महान संत यतिराज श्री सुंदरराज स्वामी जी महाराज स्वयं उपस्थित होकर अपने कर कमलों से भूमि पूजन करेंगे। मंदिर निर्माण की इस पहल को लेकर ग्रामवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गांव के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक, सभी इस आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। माना जा रहा है कि यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को भी एक नई दिशा देगा। ग्रामवासियों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुजनों और शुभचिंतकों से समय पर उपस्थित होकर भूमि पूजन में सहभागी बनने की अपील की है। आयोजन में भंडारे, भजन-कीर्तन और संत प्रवचन की भी व्यवस्था की गई है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर होगा।

### स्कूटी-ट्रेक्टर में टक्कर, युवक की मौत

छतरपुर पलामू। छतरपुर फोर लाइन सड़क पर स्कूटी और ट्रैक्टर में टक्कर से एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। छतरपुर मे फोर लाइन सड़क निर्माण के बाद सड़क हादसे लगातार हो रहे हैं। छतरपुर अधिकारियों के पहल से दुर्घटना से बचने के लिए सड़क पर कुछ जगह बैरिकेटिंग लगाया गया है लेकिन फिर भी सड़क दुर्घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को 11 बजे करमकाला महिंद्रा पेट्रोल पंप के निकट ट्रैक्टर और स्कूटी में जोरदार टक्कर हो गई। लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर और स्कूटी एक दूसरे की विपरीत लेन से गुजर रहे थे अचानक ट्रैक्टर डिवाइडर क्रॉस करते हुए दूसरे लेन पर गुजर रही स्कूटी से टक्कर हो गई। दुर्घटना में मृतक युवक अंकुश यादव 26 वर्षीय पिता शिव यादव ग्राम तेलाड़ी का रहने वाला था जिसे अगले महीने उसकी शादी होने वाली थी। वहीं घायल युवक विजय यादव 25 वर्षीय ग्राम तेलाड़ी का ही रहने वाला है दोनों छतरपुर से शॉपिंग कर अपने घर स्कूटी से जा रहा था। खबर मिलने पर परिजन सहित तेलाड़ी गांव से सैकड़ो लोग घटनास्थल पहुंचकर औरंगाबाद-डाल्टेनगंज मुख्य सड़क फोर लाइन को जाम कर दिया। सड़क जाम सूचना मिलते छतरपुर अधिकारी प्रशासन पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझाने एवं सरकारी मुआवजा की घोषणा करने के बाद लोगों ने जाम हटाया। घटनास्थल पर छतरपुर सीओ उपेंद्र कुमार, छतरपुर बीडीओ आशीष कुमार साहू, इंस्पेक्टर द्वारिका राम के प्रयास से जाम हटाया गया।

# जिलेवासियों के सहयोग से रामनवमी, ईद सरहुल शांतिपूर्ण संपन्न : रीष्मा रमेसन

रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण संपन्न होने पर बाजार एकता मंच ने एसपी को किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में सरहुल, ईद एवं रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इस दौरान पलामू जिले के किसी भी थाना क्षेत्र से कोई अप्रिय घटना दुर्घटना नहीं घटी। जो जिला में एक शांति का पैगाम लोगों के बीच गया। सभी पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने तत्परता व शालीनता के साथ एक विशेष कार्य योजना तैयार कर जिले के मातहत पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रखी थी। पलामू जिला में अक्सर पर्व त्योहारों में तनाव की भय लोगों में बना रहता है। जिसे देखते हुए एसपी ने जिलेवासियों से विशेष अपील करते हुए सावधानी बरतने का आग्रह की थी। पुलिस के चाक चौबंद व्यवस्था को देखकर बाजार व्यवसायी एकता मंच ने एसपी रीष्मा रमेसन को उनके कार्यालय में भव्य स्वागत किया। उन्हें चुनरी भेंटकर तथा प्रेम का प्रतीक राधा कृष्ण का तस्वीर भेंटकर बधाई दिया। इस पर एसपी ने लोगों को धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस पूरी तन्मयता के साथ कार्य कर रही थी लेकिन इसमें पलामूवासियों का बहुत बड़ा योगदान है जिन्होंने संयम बरतते हुए पुलिस के हरेक कार्य में सहयोग प्रदान किया। तीनों पूजा शांतिपूर्ण संपन्न होना जिलेवासियों का श्रेय जाता है। इस मौके पर अध्यक्ष धीरज गुप्ता, टिवंकल गुप्ता, टीके बोराल, सुमन चंद्रवंशी, विजय प्रसाद, चंदन केसरी, राजन कुमार, संजय कुमार, उमेश गुप्ता, प्रकाश प्रसाद, दीपक सिंह, विजय गुप्ता, अनमोल सिन्हा, मोती गुप्ता, अंकित सौरव समेत कई शामिल थे।

### रामकृष्ण सनातन धर्म महासभा का आमसभा कल

# एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में होगी चर्चा : विधायक डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रखंड के नीलांबर पीतांबरपुर के अटल स्मृति भवन में 13 अप्रैल दिन रविवार को अपराह्न 12 बजे रामकृष्ण सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में एक राष्ट्र-एक चुनाव के समर्थन में एक आमसभा का आयोजन किया गया है। इस आमसभा में मुख्य रूप से पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, श्यामनारायण दूबे, धर्मेन्द्र उपाध्याय, अविनाश वर्मा, जिला के पदाधिकारी, सभी मंडलों के अध्यक्ष, सभी मंडलों के पदाधिकारी, समाज के प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि महासभा के आम चुनाव में एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में चर्चा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य है। उक्त जानकारी बिधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के मीडिया प्रभारी राकेश कुमार उर्फ सोनू ने दी।

# आलोक चौरसिया ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया स्मार्टफोन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के तत्वाधान में शुक्रवार को सदर प्रखंड के सदर ब्लॉक में ग्रामीण आंगनबाड़ी सेविका के बीच स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डालटनगंज भंडारिया विधानसभा के विधायक आलोक चौरसिया ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन वितरण किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत गोद भराई एवं अन्नप्राशन भी कराई गई। मौके पर विधायक चौरसिया ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ग्रामीण क्षेत्रों में वैसे जगह से आती है जहां सरकारी मूलभूत सुविधा नहीं पहुंच पातीद्ध इन्हीं महिलाओं के कारण आज गरीब असहाय लोगों तक सरकारी सुविधा पहुंचती है फिर भी वर्तमान झारखंड सरकार इन्हें इनका हक मनरेगा के मजदूर से भी कम आकती है। विधायक ने सरकार को सलाह दिया कि वर्तमान सरकार को चाहिए कि आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिका को उनका हक एवं अधिकार की बात करें। चौरसिया ने कहा कि यह मोबाइल फोन सुदूरवर्ती इलाके में भी डिजिटल माध्यम से प्रखंड एवं जिला से जुड़ने का माध्यम होता है। साथ ही सेविकाओं के कार्यों में तेजी आयेगी। मौके पर बीडीओ जागो महतो, सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा समेत सभी आंगनबाड़ी सेविका मौजूद थी।

# ग्रासिम सीएसआर ने राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

महिलाओं के बीच पोषण किट का भी किया गया वितरण

**बिश्रामपुर पलामू।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर विभाग द्वारा शुक्रवार को रेहला के बिशनपुर टोला स्थित स्वास्थ्य केंद्र परिसर में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे गर्भवती व धात्री महिलाओं को जागरूक किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन महिला मंडल की अध्यक्षा नमिता अवस्थी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान महिला चिकित्सक डॉ अनुपा कुजूर द्वारा सुरक्षित मातृत्व के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को होने वाली समस्या व उसका समाधान भी बताया। इसके अलावा उचित स्वास्थ्य देखभाल के बारे में भी महिलाओं को जागरूक किया। नमिता अवस्थी ने कहा कि एक स्वस्थ व सुरक्षित मातृत्व न केवल मां बल्कि शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिये अत्यंत आवश्यक है। गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण से ही स्वच्छता, संतुलित आहार, आवश्यक टीकाकरण व चिकित्सकीय परामर्श के माध्यम से सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जा सकता है। अवस्थी ने 50 गर्भवती व धात्री महिलाओं के बीच पोषण किट वितरित किया। साथ ही नवजात शिशुओं के विशेष देखभाल के लिये एक अतिरिक्त देखभाल किट का भी वितरण किया। मौके पर कंपनी के जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार, सीएसआर के अनिल गिरि, डॉ पीपी पांडेय, महिला मंडल की उपाध्यक्ष वंदना कोहली, महिमा सचान, निशा पाठक, अनुश्री नायक, सुदीप्ता दास, दीपिका उपाध्याय सहित जनसेवा ट्रस्ट के सामाजिक कार्यकर्ता व महिला मंडल की कई सदस्या मौजूद रहे।

### सरकारी दफ्तरों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजसेवी का हल्ला बोल कार्यक्रम आज



विश्रामपुर (पलामू)। सरकारी दफ्तरों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजसेवी गोरखनाथ पांडेय का हल्ला बोल कार्यक्रम शनिवार को बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष होगा। कार्यक्रम की सफलता के लिये श्री पांडेय ने शुक्रवार को नगर परिषद क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान उन्होंने आम लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का अपील किया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद कार्यालय हो या फिर प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभी में भ्रष्टाचार चरम पर है। पदाधिकारी से लेकर कर्मचारी तक भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। बगैर रिश्वत दिये आम लोगों का कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है। मजबूरन आंदोलन का रुख अख्तियार किया गया है।

# वक्फ बिल के खिलाफ नेउरा में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विरोध जुलूस निकालकर किया पुतला दहन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** जुम्मे की नमाज के बाद जिप सदस्य फजायल अहमद के नेतृत्व में काफी संख्या में आसपास के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने चैनपुर प्रखंड के ग्राम नेउरा पहुंचकर बक्फ बिल के खिलाफ विरोध जुलूस व पुतला दहन कार्यक्रम किया। मौके पर चैनपुर पूर्वी के जिप सदस्य फजायल अहमद ने कहा कि वक्फ बोर्ड बिल काला कानून है। केंद्र सरकार के द्वारा मुस्लिम समुदाय की जमीन को हड़प कर पूंजीपतियों के देने का सोची समझी साजिश है। उन्होंने कहा कि हम इस काला बिल को स्वीकार नहीं करेंगे। मुस्लिम समुदाय के लोग सड़क से लेकर सदन तक सदन से लेकर न्यायालय तक इसकी लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा इसके समर्थन में नीतीश की पार्टी, चंद्रबाबू की पार्टी, चिराग की पार्टी, जयंत चौधरी की पार्टी, जीतन मांझी की पार्टी ,जो खुद को मुस्लिम के हमदर्द बताती है। वोट मुसलमानों से लेती है और इस बिल का समर्थन करती है। मौके पर नेउरा जामा मस्जिद के इमाम इम्तियाज कादरी मौलाना शौकत अली, अयूब अंसारी, लुकमान अंसारी, कासिम अंसारी, अब्दुल गफ्फार, सद्दाम अंसारी, मुख्तार, अब्दुल रऊफ, डॉ रईस, जमीर अंसारी, सोहेल, ताज अंसारी, जहुर अंसारी, आफताब, कौशर अंसारी, ताजुल, फखरुद्दीन, तैयब, शाहिद आदि लोग शामिल थे।

### कार व ऑटो में टक्कर, पांच घायल



विश्रामपुर (पलामू)। रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत बी मोड़ के पास शुक्रवार को आर्टिगा व टेम्पू में आमने-सामने की टक्कर हो गयी। जिससे पांच लोग घायल हो गये। जिसमें से दो की हालत नाजुक बनी हुयी है। जानकारी के अनुसार बी मोड़ चौक पर आर्टिगा कार बिश्रामपुर की ओर जा रहा था इसी बीच सामने से आ रही एक तेज रफ्तार टेम्पू से उसकी टक्कर हो गयी। जिसमे सिगसिगी के आकाश कुमार, महाराणा प्रताप सिंह, वर्षा कुमारी, अनिल कुमार सिंह व बंशी मेहता घायल हो गये। स्थानीय लोगो ने सभी घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां सभी का प्राथमिक उपचार हुआ। बंशी मेहता व अनिल कुमार सिंह के गंभीर स्थिति को देखते हुये बेहतर इलाज के लिये मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर किया गया।

### आंधी से पेड़ गिरा, विद्यालय भवन में आई दरार



हरिहरगंज पलामू। प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार की शाम तेज आंधी से कई पेड़ धाराशायी हो गये। इससे शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। हालांकि देर रात शहरी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई थी। जबकि ग्रामीण फीडर से समाचार लिखे जाने तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। उधर तेज हवा से शहर स्थित सीता प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में एक पेड़ टूट कर विद्यालय भवन पर गिर पड़ा। जिससे वर्ग कक्ष की दीवार में दरार आ गई है। प्रधानाचार्य अजय कुमार राय ने बताया कि विद्यालय परिसर में कई यूकिलिप्टस का पेड़ है। जो हमेशा टूट कर गिरता रहता है। इससे जान माल की क्षति होने की संभावना हमेशा बनी रहती है। उन्होंने विभाग से पेड़ों की छंटाई कराने की अनुमति मांगी है।

### महात्मा ज्योतिबा फुले की 203वीं जयंती मनाई गयी



मेदिनीनगर। बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले की 203वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने किया और संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर फूल माला चढ़कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि ज्योति राव फुले भारतीय सामाजिक क्रांति के जनक थे । ये एक महान विचारक समाज सुधारक और क्रांतिकारी थे। उन्होंने जीवन भर निम्न जाति महिलाओं एवं दलितों के उधर के लिए काम किया। उन्होंने कहा था जब तक निम्न जातियों का उत्थान नहीं होगा तब तक समाज के विकास संभव है। मौके पर आयुष कुमार, उत्तर कुमार, जसवंत कुमार, प्रदीप राम, उमेश कुमार, राजू राम, संजय मिस्त्री सिंह, सुधीर कुमार, श्री राम कुमार, विनय कुमार, विकास कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन रामनरेश महतो ने किया।

### आरपीएफ इंस्पेक्टर उमाकांत को किया गया सम्मानित

मेदिनीनगर। भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के धनबाद डिवीजन अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मेदिनीनगर रेलवे माल गोदाम के अधीनस्थ कार्यरत श्रमिकों के कमेटी द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के स्थानीय नव पदस्थापित इंस्पेक्टर उमाकांत को रेलवे सुरक्षा बल डालटनगंज कार्यालय में पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए सम्मानित किया। मौके पर श्रमिक नेता राकेश सिंह ने कहा कि उमाकांत का पिछले कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है।

# दो जगहों पर जमा हो गये थे ग्रामीण, मुखिया की अनुपस्थिति में ग्राम सभा की बैठक स्थगित

बीडीओ ने मुखिया से मांगा स्पष्टीकरण

**मनीष दूबे**

### मामला उताकी में धुमकुड़िया भवन निर्माण का





**पाटन पलामू।** प्रखंड के उताकी में धुमकुड़ीया भवन निर्माण को लेकर लाभुक समिति गठित करने के लिए उताकी पंचायत भवन में ग्राम सभा का बैठक आयोजित किया गया था लेकिन उताकी मुखिया प्रतिमा देवी के बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण ग्राम सभा अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया। पाटन के उताकी में कल्याण विभाग के द्वारा 2022/23 वर्ष में धुमकुड़िया भवन निर्माण को लेकर उताकी पंचायत के बघबर ग्राम में स्थल चयन किया गया था जिसका शिलान्यास 2023 में विधायक पुष्पा देवी ने किया था लेकिन उताकी पंचायत के ग्राम तमवा के ग्रामीणों ने आवेदन देकर धुमकुड़िया भवन तमवा ग्राम में बनाने का मांग किया था । तमवा ग्राम के लोगों ने अधिक आदिवासी की संख्या होने की बात कही थी जिसके आलोक में विभाग ने पुनः जांच कर रिपोर्ट मांगी। पलामू उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त से स्थल की जांच कराई थी। डीडीसी ने मुखिया पंचायत सचिव से तमवा ग्राम और बघबर ग्राम के आबादी के सर्वे कराईं । सर्वे में बघबर ग्राम की आबादी को ज्यादा बताया गया था। पाटन बीडीओ ने इसी को लेकर ग्राम सभा का बैठक पंचायत भवन में रखा था लेकिन पंचायत भवन से बघबर ग्राम की दुरी ज्यादा होने के कारण लोग पंचायत में उपस्थित नहीं थे। पंचायत भवन में पाटन बीडीओ ने लोगों से विभाग के द्वारा लाभुक समिति का गठन करने के लिए आम सभा के बारे बताया। जबकि उपस्थित तमवा ग्राम के लोग स्थल चयन करने की मांग कर रहे थे जिस पर बीडीओ ने कहा कि पुनः आवेदन विभाग को दें । विभाग के द्वारा जो पत्र जारी किया जायेगा उसके अनुसार ग्राम सभा आयोजित किया जायेगा। ग्राम सभा बैठक में बीपीआरओ अहमद हुसैन अंसारी, पंचायत सचिव पीयुष तिवारी उपस्थित थे। उताकी पंचायत के मुखिया प्रतिमा देवी ने कहा कि प्रखंड के द्वारा ग्राम सभा के लिए जो पत्र जारी किया गया था बैठक को लेकर दोनों गांवों के लोगों में असमंजस हो गयी थी जिसके कारण दोनों गांवों के लोग दो जगहों पर एकत्रित हो गये थे। इस कारण पंचायत भवन में उपस्थित नहीं हो पाये। वहीं पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर मुखिया प्रतिमा देवी से स्पष्टीकरण मांगा है।

# उताकी आवासीय विद्यालय में मनाई गयी कस्तुरबा गांधी की जयंती



समारोह का उदघाटन विद्यालय की शिक्षिकाओं ने दीप प्रज्वलित कर किया।



शिक्षक के साथ विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के उताकी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कस्तूरबा गांधी की जयंती मनाई गई।

जयंती समारोह का उदघाटन विद्यालय के वार्डेन सुषमा कुमारी एवं विद्यालय के शिक्षिकाओं ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर वार्डेन सुषमा कुमारी ने कहा कि कस्तूरबा गांधी समाज के लिए समर्पित थी।

उन्होंने कहा कि उनके समाज में किये गये कार्यों को आत्मसात कर चलना चाहिए। वार्डेन ने कहा कि महात्मा गांधी एवं कस्तूरबा गांधी ने समाज के लिए अनेक काम किये। गरीबों को आगे बढ़ाया। आज उन्हीं के किये गये कार्यों पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का स्थापना किया गया है। जहां पर निःशुल्क शिक्षा लड़कियों को दिया जा रहा है।

विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बच्चियों का स्वास्थ्य जांच किया गया। कार्यक्रम में वार्डेन सुषमा कुमारी, सह वार्डेन लक्ष्मी कुमारी, शिक्षिका सरिता कुमारी, रीना कुमारी, रुपा सिन्हा, रीना श्रीवास्तव, अराधना सिंह, श्वेता सिंह, पुजा कुमारी, कंचन कुमारी, प्रिती कुमारी, नाजनी परवीन, रुबीना खातुन, भास्कर पाण्डेय, कस्तूरबा विद्यालय के क्लास प्रधानमंत्री रिचा कुमारी, उप प्रधानमंत्री पायल कुमारी, अनुशासन मंत्री दिपाली कुमारी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के सभी छात्राएं उपस्थित थी।

# पीएमश्री प्लस टूविद्यालय परिवार ने नवोदय उत्तीर्ण छात्र को दी विदाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोहम्मदगंज पलामू।** जवाहर नवोदय विद्यालय-2 जपला की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण स्थानीय पीएमश्री प्लस टू उवि की पांचवीं कक्षा के छात्र तन्मय कुमार को इस विद्यालय का परित्याग प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए शुक्रवार को विदाई दी गई।

इस मौके पर शिक्षकों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस छात्र ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर इस विद्यालय के साथ ही गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। उन्होंने इसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। मौके पिता पूर्व उपमुखिया सिद्धार्थ कुमार के साथ ही शिक्षक अनिल कुमार सिंह, रामनाथ राम, कांति रमण सिंह, दशरथ राम, हेमंत कुमार, विजय कुमार, सुषमा कुमारी, बीपीओ कृष्णकांत द्विवेदी और बीआरपी शशिकला व अन्य शामिल थे।

**खबर एक नजर में**

## मेगा रक्तदान शिविर 16 को

**गढ़वा।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, गढ़वा के तत्वावधान में 16 अप्रैल दिन बुधवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से नीलांबर-पीतांबर बहुउद्देशीय सांस्कृतिक नगर भवन (टाउन हॉल) में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर डीसी ने सिविल सर्जन, गढ़वा को पर्याप्त चिकित्सीय व्यवस्था तथा मुख्य प्रबंधक वहीं जिला अग्रणी बैंक, गढ़वा को अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। डीसी श्री जमुआर ने जिले के सभी पदाधिकारीयों, कर्मचारियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की अपील की है। साथ ही 16 अप्रैल को पूर्वाह्न 10:30 बजे तक उक्त रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोगों के साथ स्वयं भी उपस्थित होकर रक्तादान करने की बाते कही है।

## झामुमो गढ़वा जिला कमेटी का पुनर्गठन, शंभु राम बने अध्यक्ष



नये पदाधिकारियों का स्वागत करते मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा गढ़वा जिला इकाई का पुनर्गठन कर लिया गया है। इस बार पार्टी में सभी पदों पर नये चेहरे को जगह दी गई है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों के नामों की घोषणा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। नवगठित कमिटी में शंभु राम को अध्यक्ष, श्रवण सिंह खरवार को उपाध्यक्ष, शरीफ अंसारी को सचिव तथा चंदन जायसवाल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। साथ ही पूर्व में सभी प्रखंड एवं नगर पंचायत कमिटियों का भी पुनर्गठन किया जा चुका है। शुक्रवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी नव मनोनीत जिला कमिटी व प्रखंड कमिटी के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर एवं बुके देकर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि नई कमिटी के सभी पदाधिकारी काफी अनुभवी एवं उजार्वान हैं। ये अपने कुशल नेतृत्व से पार्टी को नई उंचाईयों पर ले जायेंगे। ये पार्टी के सभी कार्यकताओं को एक सूत्र में पिरोकर संगठन को और भी मजबूत बनायेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन के रीढ़ होते हैं। संगठन में पदाधिकारियों की संख्या सीमित होती है। इसलिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर नये पदाधिकारियों के साथ मिलकर संगठन को और भी मजबूत बनायें। सभी लोग पार्टी के अंदर एवं बाहर बेहतर अनुशासन का परिचय दें। ताकि पार्टी की मजबूती बरकरार रहे। मौके पर मुख्य रूप से तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, जवाहर पासवान, अरविंद यादव, रेखा चौबे, शांति देवी, चंदा देवी, रेखा पाठक, आशीष अग्रवाल, सलीम जाफर सहित काफी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आभूषण दुकान से दिनहहाड़े छह लाख के जेवरात चोरी गये

खबर मन्त्र संवाददाता

### जांच में जुटी पुलिस



**रमना।** थाना क्षेत्र के सघन आबादी और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र हरि गणेश मोड़ के समीप बुधवार को करीब ग्यारह बजे नारायण सोनी उर्फ लल्तु सोनी के आभूषण दुकान में दिनदहाड़े लगभग छह लाख रुपए के सोना-चांदी के आभूषण और नगदी चोरी हो गई।

दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा में चोरी की घटना कैद हो गई है। जिसके सहारे पुलिस तहकीकात आरंभ कर दी है। दुकानदार नारायण सोनी के मुताबिक वह अपने दुकान से कुछ ही मिनट के लिए बाहर हुए थे, इसी बीच यह घटना घट गई। घटना की सूचना मिलते ही श्री बंशीधर नगर एससीडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह व प्रभारी थाना प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता रमना पुलिस के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## जमीनी विवाद में दो भाई घायल

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुढ़ीखांढ़ में जमीनी विवाद में जमकर हुई मारपीट में दो सगे भाई दिनेश यादव लगभग उम्र 50 वर्ष, वैद्यनाथ यादव उम्र 30 दोनों पिता नारायण यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबंध में घायल वैद्यनाथ यादव ने बताया कि हमारे गोतिया और हमारे बीच के जमीन का सरकारी अमीन द्वारा मापी कर सिमांकण किया जा रहा था

## मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन

**कांडी।** प्रखण्ड संसाधन केंद्र के सभागार में शुक्रवार को बीपीओ वीरेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस गोष्ठी में प्रखण्ड के सभी छः संकुल के शिक्षक शामिल हुए। बीपीओ वीरेन्द्र प्रसाद ने नए सत्र के प्रथम बैठक में शामिल सभी शिक्षकों का अभिवादन करते हुए धन्यवाद दिया।आज की इस बैठक में महत्वपूर्ण कई विन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। नए सत्र में वर्ग एक छः व नौ में नामांकन लक्ष्य के विरुद्ध अभी तक कितना नामांकन हुआ विद्यालयवार डाटा प्राप्त किया गया।

## रजवार ई एंड डी कोल ब्लॉक को लेकर पंचायत समिति की बैठक



पंचायत समिति की बैठक में मौजूद लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख मनीषा उरांव व संचालन बीडीओ चंदन प्रसाद ने लिया। उक्त बैठक अंचल कार्यालय के पत्रांक 271, 272, 273 दिनांक 25/3/2025 के आलोक में रजवार ई एंड डी कोल ब्लॉक के विकास हेतु तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड के पक्ष में भूमि का लीज बंदोबस्ती हेतु पंचायत समिति की सहमति प्राप्त करने को लेकर आहूत की गई थी। लेकिन बैठक में पंचायत समितियों ने प्रभावित हो रहे क्षेत्र के ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधियों के बिना समन्वय के किसी प्रकार का निर्णय देने से इनकार कर दिया। पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि आगामी 25 अप्रैल को ग्रामीणों के साथ बैठक आहूत की जाएगी जहां पर विस्तार से चर्चा के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान पंचायत समिति सदस्यों ने हाल सर्वे में हुई जमीन संबंधी त्रुटियों में सुधार, प्रभावित क्षेत्र आने वाले धार्मिक स्थल सरना, मसना, देवी मंडल, सरना का पुनर्स्थापना सुनिश्चित करने के भी मांग अधिकारियों से की। बैठक में प्रखंड उप प्रमुख अश्वनी मिश्रा, पंसस अयूब खान, मनोहर भगत संगीता देवी, बल्कू मुंडा, अनुरोध कुजूर, दुर्गा सिंह, अशोक भुइयां, लीलामणि कुमारी, रिंकी डेवी समेत अन्य मौजूद थे।

## अज्ञात हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर शुक्रवार की देर शाम बालूमाथ थाना क्षेत्र के पचपेड़ी ग्राम के समीप एक अज्ञात हाईवा वाहन के धक्के से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रमेश उरांव 35 वर्ष पिता स्व. जागेश्वर उरांव ग्राम खपराटोला, लावागड़ा थाना हेरहंज निवासी अपने मौसी के घर बरियातू थाना क्षेत्र के बारिखाप गांव गया हुआ था। जहां से वापस लौटने के क्रम में पचफेड़ी ग्राम के समीप एक अज्ञात हाईवा वाहन ने उसे टक्कर मारकर फरार हो गया। जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया ।वही घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस ने घायल इवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ द्वारा जाचोपरांत मृत घोषित कर दिया। वही घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।


**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा**

**अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना तथा अन्य योजना अन्तर्गत जिला के विभिन्न जलाशयों में अधिष्ठापित पुराने केजो में मोनोसेक्स तिलापिया, पंगेशियस एवं अन्य उपयुक्त मत्स्य बीज का संचयन कराया जाना है। तदनुसार मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड राँची का पत्रांक 268 मत्स्य/राँची, दिनांक 11.02.2025 में निहित शर्तो तथा भविष्य में प्राप्त राज्यादेश की अधीन पंगेशियस बीज उत्पादकों से पंगेशियस, मोनोसेक्स तिलापिया एवं अन्य मत्स्य बीज की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता से मुहर बंद लिफाफा में इच्छा की अभिव्यक्ति का आवेदन दिनांक 21.04.2025 को पूर्वाहन् 11:00 से 12:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते है एवं उसी दिन अपराहन् 02:00 बजे निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, जि0ग्रा0वि0अभि0, चतरा के अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समिति के समक्ष खोली जायेगी।

**तकनीकी शर्तें :–**

1. आपूर्तिकर्त्ता जी0एस0टी0 निबंधित हो।
2. आपूर्तिकर्त्ता को अपने निजी खर्च पर स्वस्थ एवं जीवित अवस्था में अच्छे गुणवत्ता वाले पंगेशियस अथवा मोनोसेक्स तिलापिया बीज को केज स्थल तक पहूँचा कर आपूर्ति करना होगा।
3. आपूर्ति की जाने वाली पंगेशियस बीज प्रति किलोग्राम 500–600 पीस एवं मोनोसेक्स तिलापिया बीज प्रति किलोग्राम 2000 से 2500 पीस से अधिक संख्या की नहीं होनी चाहिए।
4. मोनोसेक्स तिलापिया की आपूर्ति हेतु भारत सरकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
5. पंगेशियस एवं मोनोसेक्स तिलापिया बीज का सरकारी दर 1.50 रू0 प्रति पीस है( परिवहन सहित)।
6. चयनोपरांत पंगेशियस एवं मोनोसेक्स तिलापिया बीज का आपूर्त्ति नहीं किये जाने पर आपूर्तिकर्त्ता को काली सूची में नाम डाल दिया जायेगा।
7. आपूर्तिकर्त्ता का प्रस्ताव को रद्द करने का अधिकार बिना कारण बताये क्रय समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,चतरा

PR 350092 (Fish)25-26*D


## पंडरिया पंचायत भवन निर्माण को लेकर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा सक्रिय



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत पंडरिया पंचायत में लम्बे समय से लम्बित पंचायत भवन निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने की दिशा में जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद गढ़वा से मिलकर इस विषय में विस्तार से चर्चा की और निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने की मांग रखी। जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने कहा कि पंचायत पंडरिया के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए पंचायत भवन का नितांत आवश्यकता है। वर्षों से यह योजना लंबित पड़ी है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को यह भी बताया कि पंचायत भवन निर्माण से न केवल प्रशासनिक कार्यों में सुविधा होगी, बल्कि ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में भी गति आएगी। उनकी इस पहल पर उपायुक्त एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों ने पंचायत भवन निर्माण योजना को यथाशीघ्र नियमानुसार प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद सदस्य की अनुशंसा के आलोक में सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा।

# गोविंदपुर के 150 परिवारों ने लगायी बेदखल होने से बचाने की गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में विभिन्न लोगों की फरियाद सुनी।इसमें गोविंदपुर के कंगालो मौजा से आए ग्रामीणों ने अपर समाहर्ता को बताया कि उक्त स्थान पर विगत 65 वर्षों से आदिवासी और पिछड़ी जाति के 150 परिवार के लगभग 600 सदस्य झुग्गी झोपड़ी बनाकर रहते आ रहे हैं। उनको सरकार द्वारा पानी टंकी, आंगनबाड़ी केंद्र, कुआं, चापाकल, शौचालय, इंदिरा आवास, प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, पीसीसी सड़क इत्यादि सुविधाएं मिली है। ग्रामीणों ने बताया कि एक भू-माफिया द्वारा ग्रामीणों को जमीन खाली करने के लिए धमकाया जा रहा है। जबकि सभी ग्रामीण गरीब और भूमिहीन हैं। उन्होंने भू-माफिया के आतंक से और जमीन से बेदखल होने से बचाने की गुहार लगाई।

इस पर त्वरित संज्ञान लेकर अपर समाहर्ता ने गोविंदपुर के अंचल अधिकारी को पूरे मामले की जांच कर अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं कोलाकुसमा कोड़ाडीह से आए एक बुजुर्ग ने बताया कि उनके संबंधी जमीन हड़पने के लिए साजिश कर तीन माह के बाद मनगढ़ंत घटना बनाकर उनके विरुद्ध एक झूठी प्राथमिकी सरायढेला थाना में दर्ज कराई है। अपर समाहर्ता ने सरायढेला के थाना प्रभारी को मामले की जांच करने का आग्रह किया। जबकि तेतुलमारी के नगरीकला से आई दो बुजुर्ग महिलाओं ने बताया कि उनके पूर्वजों की 300 एकड़ जमीन है। इसमें से 5 से 7 एकड़ जमीन शक्ति चौक 8 लेन सड़क के बगल में है। इस जमीन को हड़पने की नीयत से 4 लोगों ने बहला फुसलाकर गलत एग्रीमेंट बनाकर जमीन हड़पने का षड्यंत्र रचा है। महिलाओं ने बताया कि वे साक्षर नहीं है।


**समाहरणालय, चतरा।**
**(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
sport.chatra@gmail.com

पत्रांक 206/खेल, चतरा दिनांक 10.04.2025

**आवश्यक सूचना**

निदेशानुसार एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उप निदेशक, खेलो इंडिया, भारत सरकार का File No.:01-28003(01)/21/2025-HQ-Events and Competition, दिनांक–09.04.2025 के आलोक में पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग अन्तर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में खेलो इंडिया युथ गेम, 2025 में झारखण्ड टीम का भागीदारी हेतु खेल विधावार (यथा–रग्बी, फुटबॉल, वॉलीबॉल एवं हॉकी) चयन ट्रायल (Selection Trial) का आयोजन दिनांक 14.04.2025 को निम्नवत् विवरणी अनुसार किया जाना है:–

| क्र0 सं0 | खेल विधा का नाम | चयन ट्रायल का स्थल | वर्ग (Under 18) | सहायतार्थ का नाम एवं दूरभाष संख्या | निर्धारित तिथि व समय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फुटबॉल | ध्वरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, राँची। | बालक एवं बालिका | सुश्री प्रेरणा मिश्रा, मो0नं0–9691320098 एवं श्री सोनाराम चंपिया, मो0नं0–7674917466 | 14.04.2025 को 9:00 बजे पूर्वा0 से | |
| 2 | रग्बी | एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगाँव, राँची। | बालक | श्री अभिषेक टुटी, मो0नं0–7870701922 | | |
| 3 | वॉलीबॉल | ऑक्सीजन पार्क, मोरहाबादी राँची। | बालिका | श्रीमती रेशमा बानो, मो0नं0–6207583082 एवं श्री निशिकांत पाठक, मो0नं0–9471710195 | | |
| 4 | हॉकी | मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम, राँची। | बालक एवंबालिका | श्रीमती करूणापूर्ति, मो0नं0–8084522135 एवं श्री सुधिर गोला, मो0नं0–8296987887 | | |

❖ **Athlete Eligibility:**
Age Cut-off: The age eligibility for participation in Khelo India Youth Games 2025 is-an athlete born on or after 1st January 2007 (U-18)

❖ **Eligibility Documents:**
The following documents shall be required from States/UTs for participation of their contingent:

| S. No. | Eligibitity | If the athlete qualified through the SGFI/CBSE Quota | If the athlete qualified through the NSF/Host State/Wild Card Quota |
|---|---|---|---|
| 1 | Athletes List | Letterhead duly signed by the competent authority issued by the State/UT | |
| 2 | Age Proof | To verify age eligibility, any two of the following documents ate required: • Aadhar Card or Passport • Matriculate Certificate • Birth Certificate (issued at least 5 years ago, i.e., on or before I January 2020 by Municipal Corporation/Gram Panchayat | |
| 3 | Eligibility to participate from the State | School Bonafide Certificate (An athlete will represent the State/UT where he/she is attending the school) | To be eligible to represent a State/UT, One of the following documents is required: • State Domicile • Passport |
| 4 | Result | Result of the recent National Championship/Rankings-Certificate/Notification/Letterhead duly signed by an appropriate authority and issued by SGFI/CBSE as the case may be | Results of the recent National Championship/Rankings-Certificate/Notification/Letterhead duly signed by an appropriate authority and issued by SGFI/CBSE as the case may be ((not applicable for Host State, Wild Card Quota) |

सामान्य दिशा निर्देश :–

1. उक्त चयन ट्रायल में झारखण्ड राज्य के सभी अहर्त्ताधारी खिलाड़ी भाग ले सकते है।
2. 02 (दो) तत्कालीन पासपोर्ट साईज फोटो ग्राफ्स लाना अनीवार्य होगा।
3. उक्त चयन ट्रायल में भाग लेनेवाले प्रतिभागी खिलाड़ियों को किसी प्रकार का TA/DA देय नहीं होगा तथा किसी अन्य जानकारी के लिए उपरोक्त संबंधित सहायतार्थ से सम्पर्क कर सकते है।
4. चयन ट्रायल में भाग लेनेवाले इच्छुक अहर्त्ताधारी खिलाड़ी आवेदन पत्र चतरा जिला के वेबसाईट www.chatra.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, चतरा
–सह–नोडल पदाधिकारी,
खेलो इंडिया युथ गेम 2025, झारखण्ड

PR 350193 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (25-26)D


## 51 जोड़े वर-वधू के बीच वस्त्र वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता




वितरण करते डीडीसी

**गढ़वा।** 21 अप्रैल को आयोजित परमपूज्य अघोरेश्वनर भगवान राम निःशुल्क सामूहिक विवाह को लेकर बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में 51 जोड़े वर-वधू को वस्त्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने अघोरेश्वर भगवान रामजी की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर डीडीसी ने कहा कि किसी भी ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य गरीब लोगों का भला कैसे हो, इसी पर निरंतर काम करना चाहिए। डीडीसी ने इस कार्य के लिए वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट का सराहना किया और विवाह समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष रंजित कुमार सिंह और सभी सदस्यों को धयवाद दिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सह कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट अपने स्थापना काल से समाज के उत्थान के लिए बहुत सारे निःशुल्क सेवाएं दी रही है। निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह, निःशुल्क चिकित्सा शिविर, वस्त्र, कंबल, दवाई का वितरण, रक्तदान शिविर जैसे कार्यक्रम समय समय पर विभिन्न स्थान पर कैंप का आयोजन कर लोगो की सहायता करती है। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एमके सिंह ने कहा कि ट्रस्ट विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के प्रतिनिधित्व अपनी सहभागिता समाज में रहने वाले गरीब, शोषित तथा सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए सेवा भाव से विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा सहायता करती आ रही है। मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं परमार्थी आदि उपस्थित थे।

## शिक्षकों ने 11 सूत्री मांगों को लेकर अंचल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन




ज्ञापन सौंपने पहुंचे शिक्षक

**मझिआंव।** झारोटेक के तत्वावधान में मझिआंव प्रखंड के शिक्षकों के द्वारा अन्य राज्य कर्मियों की भांति अपने अधिकारों की मांग को लेकर आज प्रखण्ड मुख्यालय में जोरदार 'ध्यानाकर्षण रैली' निकाली गई। इस रैली के माध्यम से संघ ने झारखंड सरकार का ध्यान कर्मचारियों की 11 सूत्री ज्वलंत एवं न्यायोचित मांगों की ओर आकृष्ट किया। वहीं इस संघ के प्रखण्ड सचिव, जीतेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में यह आंदोलन प्रांतीय कार्यकारिणी के निदेर्शानुसार पांच चरणों में प्रस्तावित है। पहले चरण के तहत 'हस्ताक्षर महाअभियान' में सैकड़ों कर्मियों ने हिस्सा लेते हुए सरकार से मांगें पूरी करने का आग्रह किया। इसके पश्चात आज दूसरा चरण 'ध्यानाकर्षण रैली' के रूप में सम्पन्न हुआ। इस रैली में राज किशोर मेहता, विजय सिह, राजेश तिवारी, रामसागर शुक्ला, सरोज कुमारी, सहित दर्जनों प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक लोग शामिल थे।


**झारखण्ड सरकार,गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

72 वीं औपबंधिक सूची, जिला– सिमडेगा (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भुवनेश्वर सेनापति द्वारा आयोग के मा0 सदस्य भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–02/25 2. आवेदक–सुरजीत बेक , पिता –अलक सियुस बेक<br>3. ग्राम–कुल्लूकेरा , पोस्ट–कुल्लूकेरा थाना–सिमडेगा प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कंधे पर घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–03/25 2. आवेदक–गोविंद पेठाई, पिता –नारायण पेठाई<br>3. ग्राम–फरसाबेड़ा , पोस्ट–खूँटी टोली थाना–सिमडेगा प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–तर्जनी अँगूली के मूल में कटे का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–04/25 2. आवेदक–जौन तिर्की पिता –स्व0 मतियस तिर्की<br>3. ग्राम–टैंसेर (जामटोली), पोस्ट–टैंसेर थाना–केरसई प्रखण्ड–केरसई<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में दाहिने आँख के नीचे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–05/25 2. आवेदक–पास्कल केरकेट्टा, पिता–स्व0 बृशियुस केरकेट्टा<br>3. ग्राम– टैंसेर (पथरीटोली), पोस्ट– टैंसेर थाना–केरसई प्रखण्ड–केरसई<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के घुटने पर घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–06/25 2. आवेदक–शशिकान्त प्रसाद , पिता –स्व0 राधाकृष्ण प्रसाद<br>3. ग्राम–टुकुपानी , पोस्ट–टुकुपानी थाना– ठेठईटांगर प्रखण्ड– ठेठईटांगर<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में टेटु। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–07/25 2. आवेदक–बुधेश्वर अहिर पिता –स्व0 मंगरा अहिर<br>3. ग्राम–जोकबहार , पोस्ट–जोकबहार थाना–सिमडेगा प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–08/25 2. आवेदक–सुचित डुंग , पिता –इलियाजर डुंग<br>3. ग्राम–टोनिया कुलाबुपु , पोस्ट–गेनमेर थाना–बानो प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–09/25 2. आवेदक–जोहन संगा पिता –मसिदास संगा<br>3. ग्राम–टेम्बरो , पोस्ट–रायकेरा थाना–बानो प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग– पुरूष ,आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना भौंवा के उपर घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–10/25 2. आवेदक–मरियानुस कन्डुलना पिता –स्व0 मरसेल कन्डुलना<br>3. ग्राम–टोंगरी टोली गेनमेर पोस्ट–गेनमेर थाना–बानो प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के बांह में तिलक का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–11/25 2. आवेदक–नोबेन तोपनो पिता –मनसिद्ध तोपनो<br>3. ग्राम–जोरोबाढ़ी पोस्ट–हुरदा थाना–बानो प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–12/25 2. आवेदक–भोलेश्वर पेठाई, पिता –स्व0 राम कृष्ण पेठाई<br>3. ग्राम–जोकबहार , पोस्ट–जोकबहार थाना–सिमडेगा प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–13/25 2. आवेदक–श्याम सुंदर सिंह पिता –स्व0 सत्यव्रत सिंह<br>3. ग्राम–जोकबहार पोस्ट–जोकबहार थाना–सिमडेगा प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–14/25 2. आवेदक–प्रवीन कुजुर पिता –प्रेम मसीह कुजुर<br>3. ग्राम–कल्लुकेरा , पोस्ट–कुल्लुकेरा थाना–सिमडेगा प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–15/25 2. आवेदक–अमरेन जोजो पिता –मनसिद्ध जोजो<br>3. ग्राम–जामताई पोस्ट–हुरदा थाना–बानो प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिलक का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–16/25 2. आवेदक–ग्लेडसन तोपनो पिता –जोहन तोपनो<br>3. ग्राम–टेम्बरो , पोस्ट–रायकेरा थाना–बानो प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां घुटना में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–17/25 2. आवेदक–अनूप कुमार मिंज पिता –स्व0 बिश्राम मिंज<br>3. ग्राम–कुम्हारटोली पोस्ट–खूँटीटोली थाना–सिमडेगा प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |

नोट :–1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरांव) अध्यक्ष

PR 350129 Home(25-26).D

# ट्रंप का टर्न

भारत और यूरोपीय संघ के सदस्यों समेत दुनिया के साठ देशों के खिलाफ घोषित पारस्परिक टैरिफ को नब्बे दिनों को टालने की घोषणा की है। बहरहाल, उनके इस अप्रत्याशित फैसले ने वैश्विक बाजारों को राहत दी है। जो यह दशार्ता है कि अड़ियल माने जाने वाले डोनाल्ड ट्रंप प्रतिकूल वैश्विक प्रतिक्रिया और घरेलू स्तर पर लगातार तेज होती असंतोष की आवाज से पूरी तरह से बेखबर नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर ट्रंप ने चीन के खिलाफ टैरिफ बढ़ाने की रफ्तार तेज कर दी है। अमेरिका ने चीनी उत्पादों पर लगाये जाने वाले कर की दर को बढ़ाकर एक सौ पच्चीस कर दिया है। ऐसा लगता है कि चतुर सुजान ट्रंप को इस बात का अहसास हो गया है कि दुनिया के बहुत सारे देशों को नाराज करने की तुलना में एक मुख्य प्रतिद्वंद्वी पर निशाना केंद्रित करना अधिक सुरक्षित और समझदारी से भरा फैसला होता है। दरअसल, टैरिफ वॉर के बाद अमेरिका में शेयर बाजार जिस तेजी से ध्वस्त हुए हैं, उसके मद्देनजर उनके अमेरिका ग्रेट अगेन के सपने को खतरा पैदा होने की आशंका पैदा हो गई है। तभी वह अपने टैरिफ थोपने के फैसले को कुछ दिनों के लिये आगे टाल रहे हैं। लेकिन अनिश्चय के दौर से गुजर रहे वैश्विक बाजार को कुछ समय के लिये राहत जरूर मिली है। जिसका असर दुनिया के शेयर बाजारों पर भी नजर आया है। जिससे मंदी की तरफ बढ़ रही दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं कुछ समय तक राहत की सांस ले सकती हैं। बहरहाल, भारत ने ट्रंप के द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का तत्काल जवाब न देकर सकारात्मक पहल की है। ऐसा लगता है कि भारत ने ट्रंप के टैरिफ पर आक्रामक रुख अपनाने के बजाय इंतजार करने का फैसला करके समझदारी भरा कदम उठाया है। हालांकि, इस फैसले को लेकर विपक्षी आलोचना के स्वर भी सुनाए देते रहे हैं।

## आज का राशिफल

मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

वृष : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

मिथुन : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

कर्क : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

सिंह : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

तुला : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

वृश्चिक : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

धनु : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे। शुभांक-2-4-5

मकर : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-5-7-9

कुंभ : शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

मीन : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# भौतिक चकाचौंध व सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल






\- योगेन्द्र योगी

**आंकडों** के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए। ये तमाम कत्ल 19 अलग अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती।

विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की सीख देने वाले भारत जैसे आध्यत्म और शांति की धरा वाले देश में बढ़ती भौतिक विलासिता की चकाचौंध और सोशल मीडिया का जिन्दगी में बढ़ता दखल, पारिवारिक-सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। संबंधों में तकरार और फिर नृशंस तरीके से हत्या जैसे मामलों ने देश को झकझौर कर रख दिया है। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपुत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फरनगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिलाकर मार दिया। रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरू में देखने को मिला, वहां के हुलीमावु क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी बॉडी को सूटकेस में भर दिया। देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। आखिर ये सिलसिला कहां जकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है।

पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किया। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर ग्यारवें मिनट में एक महिला या लड़की का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाईजेशन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ एफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर। ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा ये भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है। ब्रिटिश मेडिकल जनरल लेनसेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसदी महिलाओं के कत्ल मौजूदा या फिर पूर्व पार्टनर की वजह से होती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में महिलाओं के कत्ल का सबसे ज्यादा खतरा उन्हीं के मौजूदा या पूर्व पार्टनर से ही होता है। जबकि पूर्व या मौजूदा महिला पार्टनर के हाथों पुरुषों के कत्ल का प्रतिशत सिर्फ साढ़े 6 फीसदी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक देश में हर साल कितने पति अपनी पत्नी का या पत्नी अपने पति का कत्ल करती हैं। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इश्क और रिश्तों में लोग अब जान नहीं देते बल्कि जान लेते हैं। भारत में जिन वजहों से सबसे ज्यादा कत्ल होते हैं। उनमें लव अफेयर और शादी के बाद संबंधों के मामलों में होने वाला कत्ल तीसरे और चौथे नंबर पर आता है। देश में होने वाले हर 10 में से औसतन एक कत्ल किसी ना किसी आशिक-माशूक या पति-पत्नी के हाथ से ही होता है। आंकडों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए। ये तमाम कत्ल 19 अलग अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती। परेशान करने वाली बात यह है कि इन 19 वजहों में से तीसरी और चौथी नंबर पर कत्ल की जो वजह बनी वो इश्क, धोखा, फरेब और शादी के बाद के संबंध थे। 28 हजार 522 कत्ल के कुल मामलों में से कुल 2 हजार 821 कत्ल इसी वजह से हुए। ऐसा नहीं है कि इश्क में पहले कत्ल नहीं हुआ करते थे। पहले भी आशिकों ने हाथों में खंजर या तमंचे उठाए हैं। लेकिन 2010 के बाद से पति-पत्नी, इश्क, बेवफाई और अवैध संबंध की वजह से होने वाले कत्ल की तादाद तेजी से बढ़ी।

> आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा ये भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है।

पिछले 15 सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो साफ पता चलता है कि जैसे जैसे सोशल मीडिया का चलन बढ़ा पति पत्नी के रिश्ते, शादी के बाद के संबंध और इश्क और खूनी होता चला गया। आंकड़ों के हिसाब से 2010 से 2014 के दरम्यान लव अफेयर और संबंधों की वजह से होने वाले कत्ल का प्रतिशत 7 से 8 फीसदी था। लेकिन 2015 से 2022 के दरम्यान ये बढ़कर 10 से 11 फीसदी हो गया। ये गिनती लगातार बढ़ती जा रही है। एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक 2022 में देशभर में खुदकुशी के कुल 17 हजार 924 केस दर्ज हुए थे। जिनमें से अकेले शादी से जुड़े मामलों में 8 हजार 204 पति या पत्नी ने खुदकुशी की। जबकि इश्क के चलते 7 हजार 692 प्रेमी जोड़ों में से किसी एक ने खुदकुशी कर ली। इसके अलावा अवैध संबंधों की वजह से भी 855 लोगों ने खुदकुशी की।

एनसीआरबी के अलावा नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के एक आंकड़ें के मुताबिक 4 फीसदी शादीशुदा महिलाओं ने ये माना है कि वो अपने पति को शारिरिक तौर पर चोट पहुंचाती है। इसी तरह स्टडी ऑफ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंस (आईआईपीएस) की एक रिपोर्ट के मुताबिक नौकरीपेशा महिलाएं जो पैसे कमाती हैं और मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं, अपने पति से ज्यादा झगड़ती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की जैसे जैसे उम्र बढती जाती है वो अपने पति से ज्यादा झगड? लगती हैं। जबकि पति के मामले में ये उल्टा है। पति की उम्र जैसे जैस बढ़ती है वो बीवियों से झगड़ा कम करने लगते हैं। आईआईपीएस की ये रिपोर्ट ये भी कहती है कि एकल परिवार में पति पत्नी के बीच हिंसक लड़ाई ज्यादा होती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर एक हजार पति में से 29 पति अपनी पत्नियों की हिंसा का शिकार होते हैं। जबकि एकल परिवार में यही आंकड़ा पत्नियों के लिए हर एक हजार में 32 है। वैसे पति पत्नी से जुड़े दर्ज कत्ल के मामलों के एक आंकड़े के मुताबिक 2022 में देशभर में पत्नी के हाथों पति के 220 कत्ल के मामले सामने आए थे। इसी दौरान पति के हाथों पत्नी के कत्ल के 270 से ज्यादा मामले सामने आए। फिलहाल 2025 की तो अभी शुरूआत है। वर्ष 2024 का आंकड़ा एनसीआरबी ने अभी जारी नहीं किया है।

## लेटर टू एडिटर

### जनाकांक्षाओं की बात

**सरकार** जनाकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो जनता उसे बदल भी देती है। नई सरकार से जनता उम्मीद करती है कि वह उसकी आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। यही सत्ता परिवर्तन के निहितार्थ हैं। लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि सरकार बदलने के साथ अक्सर चेहरे बदल जाते हैं। लोकतंत्र में सरकारों का बदलना एक सामान्य प्रक्रिया है। आवश्यकता इस बात की है कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनाकांक्षाओं पर खरी उतरे।

**-सतीश शर्मा, हजारीबाग**

### सख्त कार्रवाई हो

**बांग्लादेश** को 1971 में भारत ने मुक्ति वाहिनी की मदद से स्वतंत्रता दिलाई थी, लेकिन आज वहां के कट्टरपंथी हिंदू विरोधी हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं। बांग्लादेश को यह याद रखना चाहिए कि वह कई मामलों में भारत पर निर्भर है। कट्टरपंथियों की धमकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी है, ताकि हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जा सके। **-रवि, रांची**

## ट्वीट

**एमएसपी** की गारंटी और कर्ज. माफी समेत अन्य मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जी की तबीयत बिगड़ना चिंताजनक है। सरकार को बातचीत करके अनशन खत्म करवाना चाहिए।

जायज मांगों के लिए किसानों को बार-बार अनशन और प्रदर्शन के लिए मजबूर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। 700 से ज्यादा किसानों की शहादत के बाद भी सरकार निर्दयी बनी हुई है। मैंने पहले भी कहा है और फिर दोहरा रहा हूं - जैसे मोदी सरकार कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर हुई, वैसे ही उसे इन मांगों को मानने के लिए मजबूर किया जाएगा। किसानों और देश के लिए बेहतर यही होगा कि देर करने की बजाय जल्द से जल्द मान ले।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# श्री हनुमान के स्मरण के साथ बल, तेज और निर्भीकता की भावनाएं जुड़ती हैं

धर्म

हनुमान जयंती (12 अप्रैल)

**गिरीश्वर मिश्र**

**संस्कृति** के लोक का कलेवर अत्यन्त विशाल, व्यापक और आमजन को सामर्थ्यवान बनाने वाला होता है। उसके अंतर्गत परिकल्पित परिवेश के पात्र अक्सर देश- काल की सीमाओं का अतिक्रमण करते हुए विचार, प्रतिमा, प्रथाओं और विभिन्न अनुष्ठानों की सहायता से सबके लिए उपलब्ध रहते हैं। उनके साथ कथाएँ और किंवदंतियाँ भी जुड़ती रहती हैं क्योंकि उनसे लोगों को जीवन जीने के लिए जरूरी समर्थन, प्रेरणा और शक्ति मिलती है। राम-भक्ति के सिरमौर पवनसुत श्री हनुमान शारीरिक बल और उत्तम कोटि की मेधा या बुद्धि में श्रेष्ठ ऐसे ही विरल भारतीय व्यक्तित्व की सर्जना हैं। हनुमान जी कई अर्थों में विलक्षण हैं। वे कई तरह के परस्पर विरोध दिखाने वाली विशेषताएँ भी रखते हैं। मानवेतर होने पर भी गूढ़ राम-रसायन का तत्व उन्हीं के पास है। वे श्रीराम के निकट परिवार के सदस्य न होकर भी राम पंचायतन के प्रमुख और स्थायी सदस्य हैं। मंदिरों और चित्रों में सर्वत्र श्रीराम का स्मरण श्री हनुमान के बिना पूरा नहीं होता है।

भगवान श्रीराम अपने प्रिय भक्त हनुमान को भरत की ही तरह सगा छोटा भाई मानते हैं। भरतजी भक्त-शिरोमणि कहलाते हैं। उन्हीं की तरह महावीर श्री हनुमान भी निर्विवाद रूप से श्रीराम के परम भक्त हैं। गोस्वामी जी उनको कपीश्वर कहते और कवीश्वर वाल्मीकि के साथ याद करते हैं। ये दोनों सीताराम के गुणों के पुण्य जंगल में विचरण करते रहते हैं - सीतारामगुणग्रामपुण्यारण्यविहारिनौ कवीश्वरकपीश्वरौ। श्रीराम की कथा हनुमान जी को अत्यंत प्रिय है और यदि वे उसके रसिया हैं तो श्रीराम और सीताजी को भी हनुमान जी अत्यंत प्रिय हैं और उनके मन में बसे रहते हैं। श्री हनुमान की लौकिक उपस्थिति और अलौकिक कार्य-शैली सबको चकित करने वाली है। यही कारण है कि उनकी लोकप्रियता असाधारण रूप से बढ़ती रही है। बचपन से ही श्री हनुमान के स्मरण के साथ बल, तेज और निर्भीकता की भावनाएँ जुड़ जाती हैं। श्री हनुमान के कई मंदिरों की सिद्ध स्थानों के रूप में प्रसिद्धि है और बड़ी आस्था के साथ भक्त और दुखियारे सभी वहाँ पहुँचते हैं।

रामकथा के ब्यौरे में जाएँ तो पता चलता है कि जब जटिल प्रसंग आते हैं, जब कठिन समस्या का कोई समाधान नहीं मिलता तो हनुमान का स्मरण किया जाता है। वे रामदूत और एक संवादी के रूप में जगत प्रसिद्ध हैं। जैसा कि हम सब जानते हैं, श्रीराम द्वारा लंका विजय की मानुष अवतार वाली रामकथा में कई जटिल अवसरों पर बजरंग बली के बिना उलझनों का समाधान ही नहीं मिलता और कथा आगे ही नहीं बढ़ती। हनुमान जी सभी सिद्धियों के आगार और गुणों में निष्णात तो हैं ही उनके पास सभी निधियाँ भी हैं। यह सब होने के बावजूद अतुलित बलशाली हनुमान जी बड़े सरल स्वभाव के हैं। सभी तरह की संपदा होने के बावजूद उन्हें अहंकार का लेश मात्र नहीं है। उनका अहं भाव विगलित हो चुका है और वे इस मायावी जाल से परे हैं। श्रीराम और उनके भक्तों के साथ उनका व्यापक तादात्मीकरण है। इस तरह के अद्वैत के साथ वह प्रभु श्रीराम के साथ निर्विकल्प रूप से जुड़े हुए हैं। रामकाज करना ही उनका प्रथम और अंतिम ध्येय है। विमल यश वाले हनुमानजी मित्रता, शौर्य, साहस, धैर्य, चातुर्य और बुद्धिमत्ता आदि गुणों में अतुलनीय मानक सदृश हैं। वे दुर्मति को हटा कर सुमति को प्रतिष्ठित कर भक्तों का क्लेश दूर करते हैं।

वस्तुतः श्रीराम तक की यात्रा बिना हनुमानजी की सहायता के संभव नहीं है और उन जैसे निःस्पृह स्वभाव वाले को निश्छल प्रेम के सिवा कुछ भी नहीं चाहिए। इसलिए हनुमान जी सर्वजनसुलभ हैं। आज देश के कोने-कोने में गाँव और शहर सर्वत्र उनकी पूजा-अर्चना के लिए लोग तत्पर रहते हैं और अनेकानेक भव्य मंदिर उनको समर्पित हैं। लोग अपनी मनोकामना की साध लिए बड़े भरोसे के साथ हनुमानजी की शरण में आते हैं। हनुमानजी को रिझाने के लिए मंदिरों में मंगलवार को भीड़ टूट पड़ती है। पर हमें यह भी जरूर याद रखना चाहिए कि सच्ची भक्ति तो भक्त और भगवान के बीच किसी तरह का हिसाब-किताब नहीं करती। वह निर्मल मन से समर्पण और अखंड प्रीति चाहती है। हनुमानजी की भक्ति हमें अपने जीवन में अभय, परदुखकातरता, निष्कपट मित्रता, सदाचार और ईश्वर के प्रति समर्पण जैसे मूल्यों को उतारने के लिए प्रेरित करती है।

(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)

# लाहौर पर मराठा और रणजीत सिंह की दोहरी विजय

इतिहास

अप्रैल की गौरवगाथाः

**प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा**

सात शताब्दियों तक दमनकारी विदेशी आक्रान्ताओं के आधिपत्य में रहने के बाद 18वीं सदी में भारतभूमि की अस्मिता ने अप्रैल मास में दो बार लाहौर को स्वतंत्रता की सांस दी। एक बार 1758 में मराठा सेनापति रघुनाथ राव और मल्हार राव होलकर के नेतृत्व में और दूसरी बार 1799 में महाराजा रणजीत सिंह के विजयी अभियान के माध्यम से। इन दोनों ऐतिहासिक क्षणों में अप्रैल मास न केवल विजय का प्रतीक बना, बल्कि नागरिक सम्मान और स्वाभिमान का गौरवपूर्ण उत्सव भी बना।

11 अगस्त 1757 को मराठों ने दिल्ली को अफगान आधिपत्य से मुक्त कर स्वराज का उद्घोष किया। इसके तुरंत बाद वे खैबर तक बढ़े और मार्च 1758 में सरहिन्द विजय के साथ गुरु गोविन्द सिंह के अमर साहेबजादों की शहादत स्थली पर भगवा ध्वज फहराया। अप्रैल 1758 में रघुनाथ राव और मल्हार राव ने लाहौर पर विजय प्राप्त की और 20 अप्रैल को शालीमार बाग में लाहौर के नागरिकों ने उनका अभूतपूर्व अभिनंदन किया। इसी



क्रम में तुकोजी होलकर ने अटक और पेशावर पर विजय प्राप्त कर, स्वराज का परचम सिन्धु पार खैबर तक फहरा दिया। यह क्षण भारतवर्ष के स्वाभिमान का शिखर था, जब दक्षिण एशिया का बड़ा भाग स्वराज के भगवे ध्वज के अंतर्गत आया।

महाराजा रणजीत सिंह ने जुलाई 1799 में लाहौर को विजित कर अपनी राजधानी बनाया। इसके पश्चात 12 अप्रैल 1801 को उनका भव्य राजाभिषेक एवं नागरिक अभिनंदन हुआ। उनके युद्ध ध्वज में दशभुजा माँ दुर्गा, वीरवर हनुमान और लक्ष्मण की छवियाँ अंकित होती थीं, जो राष्ट्रधर्म, शक्ति और सेवा के प्रतीक थे। रणजीत सिंह ने न केवल पश्चिम में खैबर दर्रे तक और उत्तर में जम्मू-कश्मीर तक साम्राज्य फैलाया, बल्कि ईस्ट इंडिया कम्पनी को भी पचास वर्षों तक सतलज पार नहीं बढ़ने दिया।

लाहौर जैसे ऐतिहासिक नगर में नागरिकों द्वारा अपने विजेताओं का स्वतःस्फूर्त अभिनंदन भारत के इतिहास में अत्यंत दुर्लभ प्रसंग हैं। चाहे वह 1758 का मराठा विजयोत्सव हो या 1801 का रणजीत सिंह का अभिषेकझ ये दोनों अवसर लाहौर के स्वराज गाथा में स्वर्णाक्षरों से अंकित हैं। इन प्रसंगों ने यह सिद्ध किया कि जनचेतना जब जागती है, तो केवल सैन्य विजय ही नहीं, सांस्कृतिक पुनर्जागरण भी होता है।

लाहौर पर अप्रैल की इन दो विजयों ने भारतवर्ष को यह स्मरण कराया कि स्वराज केवल राजनीतिक सत्ता का नाम नहीं, वह सांस्कृतिक चेतना, परंपरा और जनभागीदारी का उत्सव भी है। रघुनाथ राव और रणजीत सिंह की यह दोहरी विजयगाथा न केवल इतिहास की गौरवगाथा है, बल्कि आज के भारत के लिए प्रेरणा की धरोहर भी है।

**गर्मी में खीरा हीरा से अधिक सुख देता है। अपनी खेत की खीरा बाजार में बेचने ले जाती एक महिला कृषक। तस्वीर अजय सानी की**



## कार्टून वर्ल्ड



# खिरगांव में युवक की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

- बाकर गली में बिहार के प्रभात कुमार साव की धारदार से हत्या
- परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया, बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया, रास्ते में प्रभात कुमार की मौत हो गयी
- गुस्साए लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सड़क को जाम कर दिया

**हजारीबाग ।** हजारीबाग में उस वक़्त सनसनी में बदल गई जब गुरूवार रात नमस्कार चौक के पास बाकर गली में 25 वर्षीय प्रभात कुमार साव, पिता प्रेमचंद साव की बेरहमी से हत्या कर दी गई। यह वही प्रभात था, जो अपने परिवार का इकलौता सहारा था, बिहार मुज्जफरपुर में रहकर मेहनत करता, मां और छोटी बहन और छोटे भाई की उम्मीद बनकर जीता था। वह महज दो दिन के लिए रामनवमी मनाने घर आया था। गुरूवार रात 8:30 बजे वह हमेशा के लिए चला गया, एक धारदार हथियार की वार से।

सूचना के बाद परिजनों ने घायल अवस्था में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां से बेहतर इलाज हेतु उसे रिम्स रेफर किया गया, रांची ले जाते वक़्त रास्ते में उसकी मौत हो गयी। इधर इस मामले पर उसकी बहन और मोहल्ले वालों का कहना है कि प्रभात न तो किसी झगड़े में पड़ता था, न ही किसी से दुश्मनी रखता था। फिर भी, उसकी जान ले ली गई। वह शुक्रवार को वापस मुज्जफरपुर अपने काम पर लौटने वाला था। लोग गुस्से में थे। लोगो का दावा था कि इस गली में सालो पूर्व भी दो निर्दोष लोगों की हत्याएं हुई थीं, 1990-91 और 1994-95 में और दोनों बार आरोपियों की धर पकड़ में पुलिस नाकाम रही थी। इस बार भी इतिहास खुद को दोहराता दिख रहा है। लेकिन जो बात सबसे अधिक झकझोरती है, वह यह कि इस संवेदनशील बाकर गली जिसमे छिनतई, छेड़खानी होना आम बात है, यहाँ तक की हत्या भी हो जाती है इस तरह की गली में एक भी सीसीटीवी कैमरा नहीं है। गुस्साए लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सड़क को जाम कर दिया। प्रशासन से अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही युवक के छोटे भाई को नौकरी देने की मांग भी की गयी। मौके पर हजारीबाग के सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने पहुंचे और लोगों को समझाने बुझाने में जुटे रहे। लगभग 5 घंटे के बाद प्रशासन के आश्वासन के बाद जाम हटी।

इस दौरान सीओ ने पीड़ित परिवार को 35000 रुपये का आर्थिक मदद भी दिया। शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग के सदर अस्पताल भेज दी है। इधर इस मामले पर सदर एसडीओ अमित कुमार ने कहा है कि हत्या की बात सामने आ रही है, सारी तथ्यों की जानकारी, परिजनों के आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जायेगी। मामले की गंभिरता को देखते हुए नमस्कार चौक पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। अब पूरा हजारीबाग पूछ रहा है कि कब तक निर्दोष मरते रहेंगे? कब प्रशासन जागेगा? और क्या इस बार हत्यारों को सजा मिलेगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दफ्न हो जाएगा?



घटना की जानकारी देती मृतक की बहन।

## स्पीड न्यूज

### सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी का फेज टू खुला



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर में सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी फेज-2 का शुक्रवार को पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने उद्घान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से मुलाकात कर पढ़ाई-लिखाई की जानकारी ली और आत्मनिर्भर तैयारी के प्रति प्रोत्साहित किया। पूर्व विधायक ने संस्था के प्रोपराइटर आशीष कुमार, राहुल वर्मा व सतीश वर्मा द्वारा संचालित इस लाइब्रेरी की व्यवस्था की सराहना करते हुए अंबा प्रसाद ने कहा कि यदि जीवन में सफलता पानी है तो सेल्फ स्टडी सबसे जरूरी है। ऐसी लाइब्रेरी युवाओं को एकाग्रता और प्रेरणा का सकारात्मक माहौल देती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें युवाओं को सशक्त बनाती हैं और समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देती है। मौके पर राज किशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, गौतम मुखर्जी, अभय दुबे, दिवाकर सिंह, इमरान अंसारी, पवन कुमार, दीपक, ओम, करण, राशि, पूजा, पवन, निलेश, राहुल, आकाश, अंकित, रोहन, ड्रिंगल, सहित दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### भुरकुंडा में पीएनबी ने मनायी वर्षगांठ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पंजाब नेशनल बैंक की 131वीं वर्षगांठ के अवसर पर भुरकुंडा शाखा में शुक्रवार को एक भव्य समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत बैंक के संस्थापक लाला लाजपत राय के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद सीसीएल असिस्टेंट मैनेजर पर्सनल अपर्णा कुशवाहा और भुरकुंडा शाखा मैनेजर कृष्णा कुमार रजक ने केक काटकर वर्षगांठ मनाया। लोगों के बीच मिठाइयों का वितरण कर उपस्थित ग्राहकों व आमजनों के साथ इस खुशी को साझा किया। मौके पर शाखा प्रबंधक इंद्र शर्मा, क्लर्क राजेश कुमार, हेड कैशियर मोहम्मद असलम, रूबी, संजू, सुमित अंबष्टा, रीना चौधरी, मिथिलेश राय, ब्रजेश पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

### ज्योतिराव फुले की मनी जयंती



रजरप्पा। प्राथमिक विद्यालय छोटकी लारी में शुक्रवार को महात्मा ज्योतिराव फुले की 198वी जयंती मनाई गईं. इस मौके पर उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। सेवानिवृत प्राचार्य पुन्नू राम नायक ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले महान विचारक समाजसेवी तथा उच्च कोटी के लेखक थे। उन्होंने दलितों महिलाओं की शिक्षा पर विशेष काम किया। वे धर्म परिवर्तन के घोर विरोधी थे। मौके पर प्राचार्य भोला करमाली सहित शिक्षक मोगिश अहमद, सतीश कुमार गुप्ता, शिक्षिका अनीता कुमारी सहित सभी बच्चे मौजूद थे।

### पीसीसी पथ के लिए सांसद को दिया आवेदन

कुजू। सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी और वार्ड पार्षद अर्जुन यादव के साथ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत पोचरा ग्राम के लोगों ने पीसीसी सड़क की मांग को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को आवेदन दिया है।जिसमें ग्रामीणों ने विनोद यादव के घर से लेकर पुनीत यादव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कराने की मांग की है। आवेदन देने वालों में मंजू देवी, मनोज यादव, मुकेश यादव समेत अन्य लोग शामिल हैं।

### रामगढ़ में सम्मान समारोह आज




रामगढ़। श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति के द्वारा शनिवार को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।

इस संबंध में श्री श्री राम नवमी पूजा महासमिति रामगढ़ के मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर और महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को प्रेस वार्ता का आयोजन कर कहा कि रामगढ़ जिले में रामनवमी का महापर्व शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, आगे उन्होंने कहा कि श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ के द्वारा श्री हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर शनिवार को संध्या 5 बजे मां विघनेश्वरी मंदिर,सुभाष चौक रामगढ़ के प्रांगण में रामनवमी पूजा के दिन चलंत झांकी सह स्थाई झांकी समिति, सहित महानवमी को निकाले गए जुलूस कमेटी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। सम्मान समारोह में सभी को सम्मानित किया जाएगा।

प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष आशीष कुमार सिंहा, संदीप महतो, दीपक तिवारी, रोहित सोनी अन्य सहित शामिल थे।

# दारू में 50 लाख का अवैध शराब जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**पोल्ट्री फार्म के पीछे चलता था अवैध शराब का बनाने का अड्डा**

चरही। हजारीबाग में उत्पाद विभाग ने दारू थाना क्षेत्र के कनजीया में की छापेमारी में करीब 50 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद किया। उत्पाद विभाग ने अवैध शराब निर्माण और भंडारण के गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने गांव के एक पोल्ट्री फार्म के पीछे करकट से बने एक बड़े मकान पर छापा मारा, जहां से भारी मात्रा में अवैध रूप से निर्मित विदेशी शराब, स्प्रिट, विभिन्न ब्रांडों के रैपर, लेबल, कर्क (बोतल बंद करने का ढक्कन) और सैकड़ों खाली बोतलें बरामद की गईं। जानकारी के अनुसार, यह मकान पूरी तरह से अवैध शराब निर्माण और पैकेजिंग के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। सूत्रो के अनुसार मकान मालिक चंद्रिका प्रसाद रामदेव खरीका निवासी का बताया जा रहा है और इस अवैध शराब एवं स्प्रिट के कारोबार में दारू झुमरा के पुराने कारोबारी शामिल है। यह कार्य लगभग एक महीना पूर्व से जोर-शोर से चल रहा है। मौके पर मौजूद टीम को देखकर कुछ संदिग्ध लोग भागने में सफल रहे, जिनकी पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बरामद की गई सामग्री से स्पष्ट है कि यहां बड़े पैमाने पर अवैध शराब का निर्माण कर उसे विभिन्न नामी विदेशी ब्रांड के रूप में बाजार में बेचा जा रहा था। इस कार्रवाई से इलाके में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। विभाग की ओर से कहा गया है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अभियान और तेज किया जाएगा। पूरे मामले की जांच जारी है और जल्द ही इसमें शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी की उम्मीद है।



### चरही में फरार अभियुक्त अमन सिंह गिरफ्तार

**चरही।** चरही पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि धनबाद जिले के भूली थाना बैंक मोड़ निवासी अमन सिंह पिता शंकर प्रसाद सिंह के विरुद्ध चरही थाना कांड संख्या 36/25 के धारा 65(2)/62 बीएनएस & 6/18 पोस्को एक्ट 2012 के तहत चरही थाना में मामला दर्ज था।जिसकी तलाश में पुलिस लेगी रही।इसके लिए जगह-जगह छापेमारी भी की गई।लेकिन पुलिस की पकड़ से अभियुक्त बाहर रहा।अथक प्रयास के बावजूद अमन आखिर पुलिस के हाथ लग गया। उसे जेल भेज दिया गया।

# विजैया पंचायत में तहसील भवन दो वर्षों से वीरान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही प्रखंड में केवल दो राजस्व कर्मचारी हैं जिससे नहीं हो पा रहा है पदस्थापन : सीओ**

**बरही।** विजैया पंचायत में एक शानदार ईमारत खड़ी है, लाखों रुपये की लागत से बनी, पर दो वर्षों से वीरान। सरकार की ओर से राजस्व सेवा को गांव तक पहुंचाने का सपना जिस तहसील कचहरी भवन से जोड़ा गया था, वह आज खुद उपेक्षा की जमीन पर खंडहर बनने को मजबूर है। बरही अंचल अंतर्गत इस भवन का निर्माण राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की स्वीकृति के बाद कराया गया था। लेकिन जैसे ही निर्माण पूरा हुआ, उद्देश्य और जिम्मेदारी दोनों हवा हो गए। आज तक न कोई राजस्व कर्मचारी वहां बैठा, न कोई भूमि विवाद निपटा। किसान और भूस्वामी हर काम के लिए अब भी बरही अंचल कार्यालय की दौड़ लगा रहे हैं। जिससे उनका समय, श्रम और पैसे, तीनों की बबार्दी हो रही है। स्थानीय लोगों की उम्मीदें अब प्रशासनिक उदासीनता के मलबे तले दबी पड़ी हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण यह भवन अब सिर्फ एक ईंट-पत्थर की इमारत बनकर रह गया है, जिसे अब अराजक तत्व भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। लोगों का कहना है कि भवन निर्माण से सिर्फ ठेकेदारों को फायदा हुआ, जबकि आम जनता को आज तक इसका कोई लाभ नहीं मिला। मुखिया प्रतिनिधि मो. मंसूर ने कहा कि संबंधित विभाग को जल्द इस पर ध्यान देना चाहिए और राजस्व कर्मचारी की तैनाती कर कार्य शुरू करना चाहिए ताकि भवन निर्माण का उद्देश्य पूरा हो सके। इस मामले में बरही अंचलाधिकारी अमित किस्कू ने सफाई दी कि पूरे बरही प्रखंड में 20 पंचायतें हैं और मात्र 8 अंचल हैं। लेकिन फिलहाल केवल दो ही राजस्व कर्मचारी कार्यरत हैं, जिससे विजैया जैसे क्षेत्रों में पदस्थापन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जैसे ही अतिरिक्त कर्मचारी की नियुक्ति होगी, विजैया भवन में भी कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अब सवाल यह है कि करोड़ों की योजनाओं की सफलता के लिए सिर्फ भवन बनाना काफी है, या फिर उसमें जान डालना भी जरूरी है?



### विश्वरंजन सिन्हा ने अंबा प्रसाद के कार्यों की मांगी जानकारी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पार्टी के पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने बीडीओ पतरातू से सूचनाधिकार के तहत पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद के मद से हुए कार्यों की जानकारी मांगी है। आवेदन पत्र के माध्यम से अम्बा प्रसाद के कार्यकाल में हुए विधायक मद सहित अन्य मद से हुए विकास कार्य की जानकारी सहित उन योजनाओं के भौतिक निरीक्षण कराने का आग्रह किया गया है। साथ ही आवेदन में पूछा गया है कि भुरकुंडा में कांग्रेस कार्यालय का निर्माण किस मद से किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रखंड विकास के लिए कोष का इस्तेमाल किए जाने वाले बैंक के आदान-प्रदान संबंधी वैधानिक नियम की भी जानकारी मांगी गई है। ज्ञात हो कि ये बात सामने आ रही है कि पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद के द्वारा उनके मद से कराए गए कार्य अंकित कार्यस्थल से कहीं और हस्तांतरित कर तो नहीं दिया गया है। इसीलिए योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहे एवं भ्रष्टाचार पर रोक लगे इसके लिए सूचनाधिकार के माध्यम से जानकारी मांगी गई है।



# इफिको ने दो विद्यालयों को दिया बेंच और डेस्क

खबर मन्त्र संवाददाता

**अल फातिमा गर्ल्स हाई स्कूल, रामगढ़ को 17 और राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मरार को मिला 15 बेंच और डेस्क**

**रामगढ़ ।** एसआरयू इफिको प्रबंधन ने सीएसआर योजना के तहत गुरुवार व शुक्रवार को दो विद्यालयों को बेंच-डेस्क दिया। प्रबंधन ने दोनों विद्यालयों में जाकर बेंच डेस्क विद्यालय प्राचार्य को सौंपा। जानकारी के अनुसार गुरुवार को रामगढ़ स्थित अल फातिमा गर्ल्स हाई स्कूल को इफिको प्रबंधन द्वारा 17 संयुक्त बेंच-- डेस्क दिया गया। वहीं शुक्रवार को क्षेत्र के मरार स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय में जाकर 15 संयुक्त बेंच-- डेस्क विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सौंपा। इसके पूर्व एसआरयू इफिको प्रबंधन के अधिकारियों की टीम के विद्यालय पहुंचने पर दोनों विद्यालय प्रधानाध्यापक द्वारा बुके देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।मौके पर मुख्य रूप से मौजूद इकाई प्रमुख महाप्रबंधक बीबी कांता ने अपने संबोधन में कहा कि सेल रिफ्रेक्ट्रीज युनिट आशानुरूप उत्पादन करते हुए देश सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। साथ हीं साथ समय समय पर सामाजिक दायित्व का भी बखूबी निर्वहन करती है। हमारी कंपनी सीएसआर योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर रोगियों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच व दवाइयां वितरित करती है।

इसके अलावा विद्यालयों में बेंच डेस्क,शिक्षण सामग्री आदि वितरण कर सहयोगात्मक योगदान देना हमारी कंपनी का उद्देश्य है। उन्होंने भविष्य में भी विद्यालय को सहयोग करने की बात कही। वहीं विद्यालय परिवार ने भी मिले सहयोग के लिए एसआरयू इफिको प्रबंधन के प्रति आभार जताया। मौके पर महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) आरके साहा, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पीके गुप्ता, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) आनंद कुमार सिन्हा,प्रबंधक(मानव संसाधन) यश श्रीवास्तव, कनीय प्रबंधक राजीव कुमार, वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा के अलावे नंदकिशोर बेदिया, मुस्तफा आजाद, विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक--शिक्षकेत्तर कर्मचारियों सहित भारी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थे।



## एक नजर में

### झारोटेफ ने निकाली ध्यानाकर्षण रैली




**बरही।** झारखंड पदाधिकारी शिक्षक एवं कर्मचारी महासंघ (झारोटेफ) की प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देश पर बरही प्रखंड इकाई ने शुक्रवार को अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर ध्यानाकर्षण रैली निकाली। प्रखंड अध्यक्ष मथुरा प्रसाद और सचिव डॉ. सुनील यादव के नेतृत्व में यह रैली निकाली गई। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन बरही सीओ अमित किस्कू को सौंपा गया। झारोटेफ जिला सचिव किशोरी महतो ने बताया कि ज्ञापन में शिक्षकों व कर्मचारियों की 11 प्रमुख मांगें शामिल हैं, जिनमें सभी शिक्षकों को एमएसपी का लाभ, शिशु शिक्षा भत्ता, एनपीएस में जमा राशि की वापसी, सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में सभी कर्मचारियों की भागीदारी और सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष करने जैसी मांगें शामिल हैं। उन्होंने सरकार से इन मांगों को शीघ्र मानने की अपील की। इस मौके पर मीडिया प्रभारी तुलसी कुमार दास, शिक्षक विजय कुमार दास, रविकांत ओम, इम्तियाज अंसारी, मंजू कुमारी, तेज नारायण प्रजापति, पीतांबर प्रसाद, संदीप मिश्रा, अजय निषाद, रश्मि द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बरही में अनूप सिंह और अरुण साहू का स्वागत



**बरही।** बरही चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बेरमो विधायक सह झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक अनूप सिंह और बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अरुण साहू का जोरदार स्वागत किया। अनूप सिंह कोडरमा में एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे, इसी दौरान स्थानीय कांग्रेस कार्यकताओं ने उन्हें रोका और स्वागत किया। मुख्य सचेतक अनूप सिंह ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है और बरही में कार्यकताओं का उत्साह यह साबित करता है कि कांग्रेस आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है। उन्होंने अरुण साहू को जमीनी और समर्पित नेता बताते हुए बरही के भविष्य को सुरक्षित और प्रगतिशील बताया।अरुण साहू ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता का यह प्यार और समर्थन उन्हें लगातार प्रेरित करता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह बरही के विकास और न्याय के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे। इस कार्यक्रम में कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विष्णुधारी महतो, डॉ. निजामुद्दीन, बब्लू साहू, रवि सिंह, संतोष रजवार सहित कई वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ओलावृष्टि से किसानों को 1 करोड़ का नुकसान



**दारु।** गुरुवार को दोपहर बाद अचानक आई आंधी, तूफान, ओलावृष्टि और भारी बारिश ने दारु प्रखंड के किसानों की कमर तोड़ दी। इस आपदा से दर्जनों किसानों की फसलें बर्बाद हो गईं और करीब 1 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान आंका जा रहा है। किसान अब राहत की उम्मीद में अंचल कार्यालय की शरण में पहुंचे हैं। इरगा के विकास कुमार ने बताया कि उसने 15 एकड़ में तरबूज की फसल लगाई थी, जो बेचने के लिए तैयार थी, लेकिन तूफान ने सब बर्बाद कर दिया। उसका नुकसान लगभग 25 लाख रुपये का है। उसने कर्ज लेकर खेती की थी और अब आत्महत्या की बात कह रहा है। पेटो के मनमोहन प्रसाद की 5 एकड़ में गेहूं और खीरे की फसल नष्ट हो गई, जिससे उन्हें लगभग 3 लाख का नुकसान हुआ। छोटका इरगा के हरी साव की धान, महुआ और चारा भीग कर खराब हो गए, जिससे उन्हें 6 लाख रुपये का नुकसान हुआ। बासोबार निवासी भतू सिंह की 15 बकरियां वज्रपात में मारी गईं। उपमुखिया दसरथ प्रसाद समेत दर्जनों किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। अंचलाधिकारी रामबालक कुमार ने कहा कि किसानों के नुकसान का आकलन कर मुआवजा के लिए जिला कार्यालय भेजा जाएगा।

### कुजू में श्याम महोत्सव पर निकली निशान यात्रा



कुजू। बजरंग बली मंदिर डटमामोड से श्री श्याम परिवार, कुजू की ओर से गुरुवार को तृतीय श्याम महोत्सव पर भव्य निशान यात्रा निकाला गया। निशान यात्रा में शामिल श्याम भक्त खाटू श्री श्याम का गुणगान करते दिखे। वहीं, गाजे बाजे के साथ श्याम भक्त जय श्री श्याम के जयघोष के साथ नाचते गाते कुजू चौक स्थित एमआर कॉम्प्लेक्स पहुंचे। जहां निशान का विधिवत पूजार्चना कर स्थापित किया गया। इससे पूर्व, बजरंग बली मंदिर डटमामोड प्रांगण में पंडित रवि पांडेय द्वारा यजमान बने सरजू प्रसाद केशरी और सपत्नीक वीणा देवी के हाथों वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजार्चना कराया गया। तत्पश्चात निशान यात्रा कुजू चौक के लिए रवाना हुए। इस दौरान श्याम भक्तों में खाटू श्याम का अद्भुत आस्था देखने को मिला। वही देर संध्या महोत्सव के मौके पर बाबा श्री खाटू श्याम का दिव्य शीश का अलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योत, महाभोग, भजनो की अमृत वर्षा, संगीत के साथ भक्ति एवं ज्ञान की रस के गंगा प्रवाहित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल व विशिष्ट अतिथि के रूप में मांडू विधायक तिवारी महतो शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ज्योत जलाकर महोत्सव का शुभारंभ किया। मौके पर सांसद ने बताया कि इस भजन संध्या कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म को बढ़ावा देना, युवाओं में भगवान के प्रति आस्था को जागृत करना तथा भारतीय संस्कृति को उनके संस्कारों में समाहित करना है। टाटानगर से गायक अनुभव अग्रवाल, धनबाद से अभिषेक सिंघल, रांची से तनय कृपाल, रामगढ़ से कमल बगड़िया द्वारा श्रोताओं के बीच खाटू श्याम के भक्ति गीत जैसे हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा, हारा हूं बाबा मुझे तुझ पर भरोसा है, खाटू नगरी की महिमा जैसे कई भजनों की प्रस्तुति देकर बाबा के दरबार में अपना-अपना हाजिरी लगाया।

खबर का असर

ओम कौशल्या हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टर विशाल पर लापरवाही का आरोप

# बच्चे की हाथ का तीन लाख में हुआ सौदा

## पिता ने कहा- हाथ तो कोई लौटा नहीं पायेगा

## कृत्रिम हाथ लगवाने की पूरी कोशिश करूंगा : पूर्व जिप अध्यक्ष




ओम कौशल्या अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आ
बच्चे के पिता ने एसडीओ व थाना आवेदन देकर की कार्रवाई की मां



### डॉक्टर तीन लाख में मेरे बच्चे का हाथ तो नहीं लौटा पायेगा : पीड़ित पिता

पीड़ित पिता के द्वारा मामले को लेकर उपायुक्त, एसपी, एसडीओ एवं थाना में शिकायत दर्ज करवाई गयी थी, मगर इसपर कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इसके बाद राजनीतिक दल द्वारा पहल कर अस्पताल में इलाज के दौरान हुए खर्च कुल तीन लाख रुपये हर्जाने के रूप में दिया गया। वहीं पीड़ित पिता ने कहा कि राजनीतिक दबाव में आने के कारण मुझे तीन लाख रुपये में मानना पड़ा, मगर इतना तो मेरे बच्चे का ईलाज में खर्च हो चुका है। वहीं उन्होंने कहा गरीब की कौन सुनता है, तीन लाख में डॉक्टर मेरे बच्चेपी का हाथ तो नहीं लौटा पायेगा। मैं जिला प्रशासन से भी मांग करता हूं कि मुझे आर्थिक मदद की जाये, ताकि अपने बच्चे को कृत्रिम हाथ लगा सकूं।

- उपर्युक्त मामले में खबर मन्त्र संवाददाता ने प्रमुखता से अस्पताल की लापरवाही को उजागर किया, जिसके बाद कुछ राजनीति से जुड़े लोगों ने इसपर संज्ञान लिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के ओम कौशल्या हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टर विशाल कुमार द्वारा लापरवाही से एक बच्चे को अपना एक हाथ गंवाने के मामले में अस्पताल प्रबंधन द्वारा बच्चे के हाथ का सौदा तीन लाख में किया गया। विदित हो कि 16 मार्च 2025 को डोमचांच प्रखंड के जानपुर निवासी अजीत कुमार का बेटा अमन कुमार घर की सीढ़ी से गिर गया था, जिससे दाहिने हाथ की कलाई में चोट आई थी। इलाज के लिए उसे रांची-पटना रोड स्थित ओम कौशल्या हॉस्पिटल कोडरमा ले जाया गया, जहां डॉ.विशाल कुमार ने उसी दिन एक्स-रे कर पक्का प्लास्टर चढ़ा दिया, जिसके बाद दर्द रहने लगा तो दुबारा बच्चे को 22 मार्च 2025 को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके बाद डॉक्टर द्वारा 23 मार्च को बच्चे को बीएचयू बनारस रेफर कर दिया गया, मगर परिजन उसे धनबाद ले गए। वहां डॉ. कैलाश प्रसाद ने जांच कर बताया कि डॉक्टर की लापरवाही से हाथ में गेंग्रीन हो गया है और हाथ सड़ चुका है, जिसके बाद जान बचाने के लिए हाथ काटना पड़ा। उपर्युक्त मामले की भनक जब खबर मन्त्र संवाददाता को मिली तो मामले को संज्ञान में लेकर प्रमुखता से इस लापरवाही को उजागर किया और पीड़ित के दर्द को बयान किया। जिसके बाद कुछ राजनीति से जुड़े लोगों ने भी इसको संज्ञान में लिया।

### जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष ने क्या कहा

जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष डोमचांच मोती सिंह ने भी मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए पीड़ित को न्याय दिलाने की पूरी कोशिश में जुटे रहे। वहीं उन्होंने कहा कि आज किसी की गलती का खमियाजा एक बच्चा भुगत रहा है और पूरी जिंदगी इसका एहसास उसे होता रहेगा और इस दर्द को कोई बांट भी नहीं सकता, फिर भी होनी को कोई टाल नहीं सकता। वहीं उन्होंने कहा कि पूर्व जिप अध्यक्ष की पहल पर पीड़ित पिता को तीन लाख का मुआवजा दिलाया गया।

### पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ने क्या कहा

वहीं पूर्व जिप अध्यक्ष महेश राय ने कहा कि एक छोटे से बच्चे के साथ ऐसी घटना हुई मुझे भी इसका बहुत दुःख और अफसोस है। मैं पीड़ित के साथ हूं और आगे भी उसकी मदद करूंगा एवं कृत्रिम हाथ लगवाने की पूरी कोशिश करूंगा, ताकि बच्चे के दुःख को कुछ कम किया जा सके।

## कोडरमा जिले के कई लोग डॉ.विशाल कुमार की लापरवाही का हुए हैं शिकार



महावीर मुहल्ला निवासी **शिव शंकर राम** ने बताया कि 4 अप्रैल 2023 को मेरा हाथ टूट गया था, जिसके बाद डॉ विशाल के पास इलाज के लिए गया था, मगर डॉ विशाल की लापरवाही के कारण मेरा हाथ में इन्फेक्शन हो गया, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए मुझे वेल्लोर जाना पड़ा। जहां लगभग एक लाख पचास हजार रुपया खर्च कर अपना हाथ बचा पाया।



वहीं कोडरमा निवासी **कृष्णा पांडे** पिता बैजनाथ पांडेय ने कहा कि लॉकडाउन के समय मेरे पैर में जख्म हो गया था, जिसके बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल गया, वहीं सलाह दी गयी कि आप किसी हड्डी रोग विशेषज्ञ के पास जाकर इलाज करायें। जिसके बाद मैं डॉ.विशाल के हॉस्पिटल में गया, जहां उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कर आपके पैर को ठीक किया जा सकता है। जिसके बाद उन्होंने मेरे पैर का ऑपरेशन किया एवं ऑपरेशन के बाद मेरे पैर में इन्फेक्शन हो गया। तब मैं फिर डॉ विशाल कुमार के पास गया तो उन्होंने कहा आपका पैर काटना पड़ेगा और ऑपरेशन कर पैर काटा गया। वहीं उन्होंने कहा लगभग दो लाख रुपये खर्च कर ऑपरेशन कराया फिर भी मैं अब विकलांग हो गया हूं एवं कुछ भी काम करने से लाचार हूं।

वहीं महावीर मुहल्ला निवासी **दीपक कुमार** ने बताया कि मेरे हाथ की उंगली टूट गयी थी इस दौरान मैं भी डॉ विशाल कुमार के पास गया। उनकी लापरवाही का शिकार हो गया एवं उंगली को कटवाना पड़ गया था। वहीं कोडरमा वासियों ने डॉ विशाल पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जो कम खर्च में इलाज किया जा सकता है, उसे वे ज्यादा राशि वसूल कर भी ठीक नहीं कर पा रहे हैं। इससे लोग उनके हॉस्पिटल में जाने से कतरा रहे हैं। बताते चलें कि कोडरमा जिले के कई लोग डॉ.विशाल कुमार की लापरवाही का शिकार हुए हैं। वहीं कोडरमा वासियों ने जिला प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## मांगें पूरी नही होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए एम्बुलेंस कर्मी

- स्वास्थ्य सुविधा चरमराने की बढ़ी आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सदर अस्पताल में आउटसोर्सिंग के तहत कार्यरत एम्बुलेंस 108 के कर्मी मांगे पूरी नही होने पर अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। एम्बुलेंस चालकों समेत अन्य कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से सदर अस्पताल से रेफर होने वाले मरीजों के लिए समस्याएं खड़ी हो गयी। बताते चलें कि लम्बित प्रोत्साहन राशि, ग्रेच्युटी, पीएफ और नियमित रूप से वेतन, कंडम एम्बुलेंस वाहनों की अविलंब मरम्मती आदि की मांग को लेकर बीते 7 अप्रैल को एम्बुलेंस कर्मियों ने उपायुक्त और सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंप कर 10 अप्रैल तक मांगें पूरी करने अन्यथा 11 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने की चेतावनी दिया था, निर्धारित समय सीमा के अंदर कोई ठोस पहल नही होने पर एजेंसी के कर्मी शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। सदर अस्पताल में प्रदर्शन के दौरान हड़ताली कर्मियों ने कहा कि विभिन्न कार्य एजेंसियों के द्वारा हमलोगों से काम को लगातार लिया जा रहा है, लेकिन प्रोत्साहन राशि, ग्रेच्युटी, पीएफ आदि का नियमित लाभ नही दिया जाता है, कोरोना काल के समय का प्रोत्साहन राशि समेत अन्य लाभ नही दिया गया, लम्बित भुगतान की मांग को लेकर कई बार गुहार लगाई मगर कोई कार्रवाई नही हुई, बाध्य होकर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। वहीं कर्मियों ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नही हो जाती तब तक हड़ताल जारी रहेगा। मौके पर सुभाष कुमार यादव, विकास कुमार, विकास राजवंशी, लवकुश कुमार, मोहन वर्मा, सन्तोष कुमार, सिकन्दर पासवान, रणजीत महतो, राहुल सिंह, सुमंत कुमार, पवन कुमार, निशु पटेल, प्रकाश कुमार आदि मौजूद थे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में एसएमसी व पीटीए की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति और अभिभावक शिक्षक संघ की अलग-अलग बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसएमसी की अध्यक्षता मौसमी विश्वास और विद्यालय प्रबंधन द्वारा मनोनीत पीटीए के सदस्य प्रमोद कुमार एवं संचालन प्राचार्य सह सचिव प्रमोद कुमार शर्मा ने किया। बैठक में नए सत्र की शुरुआत होने, एनटीए द्वारा आयोजित जेईई की परीक्षा में छात्रों की सफलता पर हर्ष, 15 अप्रैल से डिजिटल लिटरेसी क्लास शुरू करने, आवश्यकता अनुसार नए शिक्षकों की बहाली करने, शैक्षणिक सत्र 2025-26 से इंटर कॉमर्स का क्लास प्रारंभ करने सहित अन्य बातों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के बाद दोनों समिति के पदाधिकारी और सदस्यों ने स्कूल परिसर में पौधरोपण किया एवं पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण का संदेश दिया। मौके पर धर्मेंद्र कुमार सिंह, आरिफ अंसारी, राजकुमार बोहरा, सुरेंद्र मिस्त्री, मनीष कुमार, मिनी कुमारी, अमृता सिंह, प्रवीण कुमार, सुभय कुमार, मनोज पांडेय, राजवीर मोदी, खुशी सिंह, प्रमोद कुमार, किशोर कुणाल, ललिता देवी, फ्रूटी सिंह, आरिफ अंसारी, शगुफ्ता परवीन समेत कई लोग मौजूद थे।

## आर्म्स एक्ट में तीन आरोपियों को दो वर्ष पांच माह का कारावास

**कोडरमा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने तिलैया थाना कांड संख्या 14/21 एसटी संख्या 42/21 आर्म्स एक्ट के मामले की सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों जबरा पोस्ट कोर्रा जिला हजारीबाग निवासी नीतीश कुमार पिता रविन्द्र महतो, हुटपा थाना मुफ्फसिल जिला हजारीबाग निवासी श्रवण कुमार पिता बसंत वर्मा और इचाक जिला हजारीबाग निवासी मनीष कुमार पिता युगल प्रसाद मेहता को धारा 25(1-बी)ए आर्म्स अधिनियम के तहत 2 वर्ष 5 महीने का कारावास और 5 हजार का आर्थिक जुर्माना लगाया है, जुर्माने की राशि नही देने पर 3 माह का साधारण कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। बताते चले कि तिलैया थाना क्षेत्र अंतगर्त रेलवे स्टेशन के नजदीक सागर होटल में पुलिस ने छापामारी कर तीन व्यक्तियों को एक देशी कट्टा और गोली के साथ गिरफ्तार किया था, घटना को लेकर तिलैया थाना में कांड संख्या 14/21 में मामला दर्ज किया गया था। माननीय न्यायालय में सुनवाई के दौरान प्रभारी लोक अभियोजक शिवशंकर राम के द्वारा गवाहों का परीक्षण कराया गया और माननीय न्यायालय से आरोपियों के खिलाफ सख्त सजा देने की मांग की। वहीं बचाव पक्ष से दलीलें पेश की गयी। अदालत ने साक्ष्यों का अवलोकन कर सजा मुकर्कर किया।

## मंजुला शर्मा की 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत स्थित मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू अकादमी में शुक्रवार को स्वर्गीय मंजुला शर्मा की 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक रजनीश शर्मा, श्रीनिवास शर्मा, प्रशासक रामप्रवेश पांडेय, प्राचार्य शिव कुमार साव द्वारा मंजुला शर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके शिक्षा के योगदानों को याद किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में एक विशेष धार्मिक अनुष्ठान का



आयोजन किया गया, जिसमें गायत्री परिवार की शीला बर्णवाल के नेतृत्व में हवन और भजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं निवास शर्मा ने मंजुला शर्मा के जीवन और उनके कार्यों को विस्तार से याद किया। उन्होंने कहा कि वे शिक्षा जगत की एक अनुशासनप्रिय और समर्पित शिक्षिका थीं, जिन्होंने अपने शैक्षणिक जीवन में समय की पाबंदी और कर्तव्यनिष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

वहीं निदेशक रजनीश शर्मा ने कहा कि मेरी पहली गुरु मेरी मां स्व. मंजुला शर्मा रही हैं। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, परंतु उनके विचार आज भी हमारे बीच जिंदा हैं। शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाने की हमेशा से उनकी कोशिश रही।

वहीं विद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि सभा के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने भजन, कविता पाठ और नृत्य के माध्यम से मंजुला शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर स्व. मंजुला शर्मा की आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर अभिषेक कुमार, शिव कुमार साव, राकेश रोशन, राजन कुमार, अलख कुमार सिंह, प्रीति कुमारी चौधरी, रीता कुमारी, अमिता सिंह, मधु कुमारी, रिया सिंह, कुमुदनी लकड़ा, आरची कुमारी, एहसान अली, सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं समेत कई लोग मौजूद थे।

## श्री हनुमान संकीर्तन मंडल की 44वीं हनुमान जयंती पर निकली शोभायात्रा

- शोभायात्रा में बाल हनुमान रहा आकर्षण का केंद्र, फूलों से हुआ श्री राम दरबार का श्रृंगार

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का 44वां वार्षिकोत्सव सह हनुमान जयंती समारोह शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ। वहीं अड्डी बांग्ला रोड स्थित मेमर्स केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री से हनुमान दरबार की निकली सुसज्जित वाहन को स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 सुखदेव दास जी महाराज मुख्य रूप से शामिल हुए। यात्रा में मंडल के पदाधिकारी, सदस्यों व श्रद्धालुओं ने राम नाम की पट्टी लगा रखी थी। यात्रा स्टेशन रोड से निकलकर झंडा चौक राजगढ़िया रोड, विद्यापुरी, वापस झंडा चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री पहुंचकर समाप्त हुई। जहां मंडल के पदाधिकारी व सदस्यों ने महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन आयोजन स्थल में पूजा अर्चना के बाद सवा 25 घंटे की अखंड ज्योत, अलौकिक श्रृंगार किया गया। सुंदरकांड में यजमान के रूप में एआर. इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अभिषेक पांडेय शामिल हुए। कतरास से आए पंकज शर्मा के नेतृत्व में सुंदरकांड में शामिल लाल परिधानों में नमिता बर्णवाल, अंजू बर्णवाल, कंचन बाला, संगीता कुमारी, करुणा सिन्हा, बबीता देवी, आशा बर्णवाल, बेबी बर्णवाल, सुमन रानी, सुदेश छाबड़ा, सुनीता मोदी सहित लगभग 300 महिलाओं द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ के साथ संगीतमय भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ। सुंदरकांड पाठ में कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के भैया बहनों के साथ भजन मंडलियों द्वारा गाए जा रे भजनों से पूरा शहर गुंजयमान होता रहा। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न देवी देवताओं की तस्वीर के साथ फूलों का भव्य श्रृंगार के साथ दरबार सजाया गया। वहीं सवामणि प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा अर्चना पंडित अनिल मिश्रा ने कराई। जबकि यजमान में नवीन सिन्हा व उनकी पत्नी ललिता सिन्हा शामिल हुए। अखंड ज्योत मनीष पेड़ीवाल व उनकी पत्नी पेड़ीवाल के द्वारा संपन्न हुआ। यात्रा में मधुसुदन दारुका, अनिल अग्रवाल, अशोक मेरठी, विक्की केशरी, बबलू पांडेय, गौतम पांडेय, विजय पांडेय, सुजय सिंह, अरुण ओझा, दिलीप सिंह, प्रदीप सुमन, विजय सिंह, मुकेश सिंह, राकेश सिंह, विमल मोदी, मुन्ना भदानी, राकेश कप्सीमें, संजय बनर्जी, शुशील सिन्हा सहित दर्जनों मंडल के सदस्य व गणमान्य लोग मौजूद थे।

**श्री राम जानकी बैठे हैं कि प्रस्तुति ने बांधा समां :** दो दिवसीय इस भजन कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। जिसके बाद धनबाद के कतरास से आए भजन गायक शशी छाबड़ा द्वारा प्रस्तुत भजन हनुमान जी हमारे श्री राम जी के प्यारे हम पर दया करो., श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में.., कार्यक्रम में समा बांध दी। वहीं बोकारो से आए रजनी मेहरा द्वारा भजन प्रस्तुत भजन तेरे लिए मैं प्यारी प्यारी चुनरिया लाल लाई हूं.., प्रयागराज के बगीशा पांडेय व बनारस के हरिप्रिया पांडेय द्वारा प्रस्तुत भजन.. पर श्रद्धालु भक्त गोते लगाते रहे।

दो दिवसीय हनुमान जयंती के दूसरे दिन भी स्थानीय मंडलों, कलाकारों के द्वारा भजन का आयोजन किया जाएगा। वहीं भजन गायक में राकेश सिंह राजपूत, नवीन पांड्या, गिरिडीह के धीरज पांडेय के द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद भव्य गाजर के साथ समापन किया जाएगा, उसके बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## मनरेगा योजना में लापरवाही पर फूटा प्रमुख का गुस्सा

- बैठक में रोजगार सेवकों और पंचायत सचिवों को लगाई फटकार
- जेसीबी से खुदाई पर होगी कड़ी कार्रवाई : प्रमुख ममता कुमारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**हंटरगंज/चतरा।** शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रमुख ममता कुमारी की अध्यक्षता में मनरेगा कर्मियों और पंचायत समिति सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रमुख ने योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले रोजगार सेवकों और पंचायत सचिवों को जमकर फटकार लगाई। प्रमुख ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्धारित समय सीमा में कार्यों का निष्पादन नहीं करने वाले कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि मनरेगा योजनाओं को पंचायतवार बजट के अनुरूप सही ढंग से और समय पर पूरा किया जाए।प्रमुख ममता कुमारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि मनरेगा तालाबों की खुदाई में जेसीबी मशीन का प्रयोग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि ऐसा पाया गया, तो संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ शिकायतें मिली हैं कि वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करने वालों के खातों में भी मनरेगा मजदूरी की राशि भेजी जा रही है, जो गंभीर मामला है। मीरपुर पंचायत से ऐसी ही एक शिकायत मिलने पर संबंधित रोजगार सेवक, पंचायत सचिव और मनरेगा के जूनियर इंजीनियर को बैठक में कड़ी फटकार लगाई गई।प्रमुख ने बीडीओ से सभी जेई और कंप्यूटर ऑपरेटरों का तबादला करने की मांग की और कहा कि वे क्षेत्र का लगातार भ्रमण करती रहेंगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में बीडीओ निखिल गौरव, कमान कच्छप, उप प्रमुख राहुल गुप्ता, बीपीओ बिनोद गुप्ता, सभी पंचायत सचिव, मनरेगा कर्मी एवं पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

खबर एक नजर में

### भारतीय दर्शन ही विश्व का मार्गदर्शन करता है: योग गुरु सन्यासी शंकर चंद्रवंशी



**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शामिल किए गए भारतीय ज्ञान पद्धति विषय पर शुक्रवार को एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुलार ठाकुर ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध योगगुरु सन्यासी शंकर चंद्रवंशी उपस्थित थे। उनका स्वागत करने के बाद प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा दुनिया की सबसे पुरानी परंपरा है, और आज के युवाओं को संस्कारों के साथ शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। योगगुरु शंकर चंद्रवंशी ने भारतीय दर्शन, वेद, उपनिषद और भगवदगीता की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को भारतीय संस्कृति को अपनाने और रामायण, महाभारत तथा गीता के उपदेशों से जीवन को श्रेष्ठ बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ललित मोहन चौधरी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सकेंद्र मिस्त्री ने किया। इस अवसर पर प्रो. जानकी प्रसाद दांगी, प्रो. महेंद्र ठाकुर, प्रो. अखिलेश पांडेय, प्रो. मोइनुद्दीन अंसारी सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### टंडवा में वाणिज्य कर विभाग की बड़ी कार्रवाई, कई दुकानों पर पड़ा छापा

**टंडवा।** औद्योगिक नगरी टंडवा में वाणिज्य कर विभाग अन्वेषण ब्यूरो, हजारीबाग द्वारा शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की गई। छापेमारी की भनक लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी जीएसटी और आयकर में गड़बड़ी की शिकायतों के आधार पर की गई है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से कुछ व्यवसायियों द्वारा जीएसटी चोरी कर सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व क्षति पहुंचाई जा रही थी। विभाग की टीम ने टंडवा के विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में दस्तावेजों की गहन जांच शुरू कर दी है। हालांकि इस पूरे मामले में मीडिया द्वारा पूछे जाने पर असिस्टेंट कमिश्नर विनोद कुमार मिंज ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने केवल इतना कहा कि यदि इस संबंध में कोई जानकारी चाहिए तो हजारीबाग कार्यालय से संपर्क करना होगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र के व्यापारियों में खलबली मच गई है और अन्य व्यवसायी भी दस्तावेजों को लेकर सजग हो गए हैं।

### विधायक जनार्दन पासवान ने बोडामोड़ का किया दौरा, ग्रामीणों की समस्याओं से हुए अवगत



**हंटरगंज/चतरा।** शुक्रवार को दोपहर करीब 1 बजे चतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनार्दन पासवान ने हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत बोडामोड़ गांव का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव के लोगों से सीधी बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना ग्रामवासियों ने विधायक को पेयजल संकट, वृद्धा पेंशन में विलंब, जर्जर सड़कें, अधूरे शौचालय निर्माण, सोलर जलमिनार की खराबी और राशन कार्ड से जुड़ी परेशानियों के बारे में जानकारी दी। विधायक पासवान ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभागों के माध्यम से जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है। सरकार हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने को प्रतिबद्ध है। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

### महिला ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास



**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जामू पंचायत में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। वहीं महिला की पहचान रेखा देवी (35) पति होरिल मांझी गया निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह सास बहू में झगड़ा के कारण सास ने अपने कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसके बाद परिजनों के द्वारा उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारकर आनन फानन में सदर अस्पताल लाया गया। जहां उपस्थित डॉक्टरों ने इलाज कर गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। उक्त महिला का पुत्र ने बताया कि हम सब गया (बिहार) के रहने वाले हैं जो मरकच्चो जामू में ईंटा भट्ठा में काम कर अपना गुजर बसर करते हैं, सास बहू के झगड़ा के कारण मेरी मां ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त ईंटा भट्ठा परमानन्द साव का बताया जा रहा है।

### ग्रिजली पब्लिक स्कूल में हनुमान फेस मेकिंग एक्टिविटी का आयोजन



**कोडरमा।** ग्रिजली पब्लिक स्कूल में कक्षा दो के बच्चों के बीच शुक्रवार को हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान फेस मेकिंग एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में धार्मिक और नैतिक मूल्यों का विकास करना, उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और उन्हें भारतीय संस्कृति से जोड़ना था। कार्यक्रम में बच्चों ने प्रभु हनुमान जी के जीवन और उनके गुणों को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया। वहीं शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों के प्रस्तुतियों और कलात्मक अभिव्यक्तियों ने सभी का मन मोह लिया। वहीं प्राचार्या नीरजा ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों को न केवल हमारे संस्कारों और परंपराओं से जोड़ती हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होती हैं। हमारे बच्चों ने जिस प्रकार से समर्पण और मेहनत का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। एक्टिविटी को सफल बनाने में अनीता कुमारी, मायावती, अंजु, रानी, मुकेश कुशवाहा, फैजान, विकास तथा सभी प्रशासनिक कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जिले में अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगायें : उपायुक्त

- उपायुक्त गुमला ने की कारा, खनन एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित संयुक्त समीक्षात्मक बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को एनसीओआरडी समिति, कारा, खनन एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित संयुक्त समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। एनसीओआरडी समिति की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले में अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों एवं कॉलेज के 100 गज के अंतराल में लगी दुकानों में किसी भी प्रकार के तंबाकू, गुटखा, गांजा एवं नशीले पदार्थों की बिक्री निषेध है। ऐसा पाये जाने पर उक्त दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को किसी नशीले पदार्थों की लत न लगे। इसके लिए नियमित जांच एवं आवश्यक छापेमारी करें। अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले दुकानदारों एवं सप्लायर के यहां लगातार छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में सभी अनुमण्डल पदाधिकारी एवं सभी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी को साप्ताहिक बैठक करने की बात कही गई। बैठक में बीते एक वर्ष में हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा की गई। सड़क सुरक्षा से संबंधित समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिवारजनों को शीघ्र ही मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की बात कही। इसके आलावा उन्होंने मृतकों के परिवार जनों को इंश्योरेंस की राशि एवं आपदा प्रबंधन समिति से मिलने वाली मुआवजा राशि भी दिलाने हेतु सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना से मृतकों के परिवारजनों को सड़क सुरक्षा के तहत दो लाख रुपए की मुआवजा राशि दी जाती है। वहीं इसके अलावा आपदा प्रबंधन से भी परिवारजनों को एक लाख रुपए की मुआवजा राशि प्रदान की जाती है। उपायुक्त ने सभी लाभुकों को योजनाओं का लाभ सही समय पर देने का निर्देश दिया। अभियंता राजकीय पथ प्रमण्डल को निर्देश दिया गया है कि बसिया रोड के टूटे हुए गार्डवाल को यथाशीघ्र ठीक कराया जाए ताकि दुर्घटना में कमी लायी जा सके। इस दौरान खनन अंतर्गत अवैध माइनिंग पर भी कड़ी नजर रखने एवं छापामारी करने आदि का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा अन्य कई मुख्य बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कारा अंतर्गत व्यवस्थाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कारा अंतर्गत आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कारा अंतर्गत सभी नियमों का सख्ती से पालन करने की बात कही। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी गुमला, एसडीओ गुमला, एसडीओ बसिया, एसडीओ चैनपुर, सिविल सर्जन गुमला, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, डीएसपी गुमला, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, मोटरयान निरीक्षक गुमला, कार्यपालक अभियंता रास्ट्रीय उच्च पथ, कार्यपालक अभियंता राजकीय पथ प्रमण्डल, परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग, गुमला, शल्य चिकित्सक, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज़

### सिद्धकोफेड का तीन दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**गुमला।** विकास भारती के आंबेडकर सभागार में सिद्धकोफेड द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण में लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड से 45, सिमडेगा जिला के जलडेगा प्रखंड से 02, गुमला जिला के बिशुनपुर प्रखंड से 25 कुल 72 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। जिसमें 41 महिला और 31 पुरुष मधुमक्खी पालकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर सफल प्रशिक्षणार्थियों को गैर विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र, खादी और ग्रामोद्योग के प्राचार्य पंकज कुमार सिंह के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। श्री सिंह ने बताया कि सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट्स, 5 मधुमक्खी पालक पर एक मधु निष्कासन यंत्र एवं 10-10 मधुबक्सा, 8 फ्रेम मधुमक्खी के साथ एक सप्ताह के अंदर दिया जाएगा। जिससे सभी लाभुक करंज मधु का लाभ ले सकेंगे। इस कार्यक्रम में रैमिन हनी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड हेन्जला के मो. नौशाद आलम, मधुमक्खी पालन के प्रशिक्षक और विकास भारती के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रसोईया-संयोजिका ने बीईईओ से बकाया मानदेय भुगतान की लगायी गुहार



**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया-संयोजिका अध्यक्ष संघ गुमला के सदस्यों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बकाया मानदेय का भुगतान व 60 वर्ष हो चुके रसोईया के स्थान पर उसके परिवार के सदस्य को ही रखने की मांग की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष देवकी देवी ने कहा कि 11 रसोईया के बकाये मानदेय का भुगतान जल्द करें। साथ ही कहा कि जब तक रसोईया-संयोजिका की नियमावली नहीं बनती है तब तक 60 वर्ष हो चुके रसोईया को नहीं हटाया जाए या फिर उनके परिवार के सदस्य को ही उसके स्थान पर रखें। क्योंकि जब विद्यालयों में मध्याह्न भोजन चालू हुआ तो छह माह तक वे मुफ्त भोजन बनाती रही। जिसके बाद 20 पैसे प्रत्येक बच्चा के अनुसार उन्हें मिल रहा था। लगभग 20 वर्ष से रसोईया-संयोजिका एक उम्मीद से कार्य करती आ रही हैं। कोई अच्छी सरकार आएगी तो उन्हें न्यूनतम मानदेय का भुगतान किया जाएगा। देवकी देवी ने कहा कि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो 15 अप्रैल को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय में ताला जड़ा जाएगा। इस अवसर पर शोभा देवी सहित कई संघ की महिलाएं उपस्थित थी।

### दी दार्जिलिंग चिराग, एलिट 11 और एजी 25 की टीम ने अपने-अपने मैच जीते



**गुमला।** शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में आईपीएल की तर्ज पर आयोजित गेट टू गेदर सीजन 5 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को तीन मुकाबले हुए। पहला मुकाबला दी दार्जिलिंग चिराग और हिंदुस्तान हीरोज के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हिंदुस्तान हीरोज की टीम ने 8 ओवर में छह विकेट खोकर 106 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें रोशन उरांव ने 47 रनों की पारी खेली। जवाबी पारी खेलने उतरी दी दार्जिलिंग चिराग की टीम ने 6.4 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दी दार्जिलिंग चिराग की ओर से रवि उरांव ने 13 बॉल में 42 रनों की पारी खेली। वहीं दूसरा मुकाबला एलिट 11 और ऑक्सफोर्ड ग्लेडिएटर के बीच खेला गया। ऑक्सफोर्ड ग्लेडिएटर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में 101 रन बनाए। जिसमें संजीव कुमार ने 22 रन की पारी खेली। जवाबी पारी खेलने उतरी एलिट 11 की टीम ने 6.2 ओवर में 102 रन बनाकर यह मैच जीत लिया और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में एलिट 11 के जावेद अली ने 9 छक्के की मदद से 68 रनों की पारी खेली। तीसरा मुकाबला एजी 25 और पावर हीटर CM के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एजी 25 की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 98 रन बनाए। जिसमें पंकज ने 40 और राज ने 36 रन की पारी खेली। जवाबी पारी खेलने उतरी पावर हीटर CM की टीम निर्धारित 8 ओवर में 94 रन ही बना सकी। जिसमें अंकित ने 35 रनों की पारी खेली। इस अवसर पर आयोजन समिति के जितेंद्र सिंह, ओमशंकर सिंह, मनोज चौधरी, सुनील सिंह, लाल शेखरनाथ शाहदेव, सिद्धेश्वर सिंह, सौरभ कुमार अंकित, शशि रंजन, पुनीत सोनी, विनीत नाग, मधुसूदन उरांव, प्रबल सिंह, जय सिंह, झुन्नू सिंह, शुभम सिंह, आनंद भारती सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रामपुर पंचायत में मनरेगा के तहत आम बागवानी का दिया गया प्रशिक्षण



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत के सदान बुकमा गांव में मनरेगा द्वारा संचालित आम बागवानी का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में चैनपुर प्रखंड के सभी पंचायत सेवक, मुखिया, रोजगार सेवक, जूनियर इंजीनियर और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य आम बागवानी के लेआउट, गड्ढा खुदाई की विधि और मिट्टी को संभालने की जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चैनपुर प्रखंड के मुखिया शोभा देवी, मधुरा मिंज, संतोष यादव, सुमित खलखो, संजय उरांव, संदीप तिवारी, अर्जुन मंडल, अनीता उरांव और अनुकम्पा टोप्पो के साथ-साथ अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने आम बागवानी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। मुखिया शोभा देवी, मधुरा मिंज ने कार्यक्रम के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण हम सबके लिए महत्वपूर्ण है। आम बागवानी से न केवल हमारे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि यह ग्रामीण विकास में भी सहायक साबित होगा। प्रतिभागियों को बताया गया कि आम बागवानी के उचित तरीके अपनाने से न केवल फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि आम की खेती से किसानों को अच्छी आय भी प्राप्त हो सकेगी। प्रशिक्षण में गड्ढा खुदाई, मिट्टी के प्रकार, खाद-फसल प्रबंधन, वृक्षारोपण की विधियों आदि के बारे में जानकारी साझा की गई। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने कहा कि आम बागवानी से किसान नई तकनीकों को अपनाकर अपनी खेती को लाभदायक बना सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मनरेगा योजनाओं के तहत ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया ताकि किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकें और सामुदायिक स्तर पर सतत विकास की ओर बढ़ सकें।

## वर्ष 2025 को संगठन सृजन के रूप में मना रही है कांग्रेस पार्टी : बंधु तिर्की

- संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में संगठन सृजन के तहत कांग्रेसियों की बैठक परिसदन भवन सभागार में शुक्रवार को हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी पूर्व विधायक बंधु तिर्की शामिल हुए। जिला प्रभारी बंधु तिर्की ने कहा कि वर्ष 2025 को संगठन सृजन के रूप में कांग्रेस पार्टी मना रही है। उन्होंने कहा कि बूथ, पंचायत, प्रखंड व जिला स्तर पर कांग्रेसी कार्यकर्ता जो सेवा भाव से पार्टी में कार्य करते हैं एवं ग्रामीणों के लिए काम करते हैं जो सक्रिय है और आगे बढ़ नहीं पाते हैं वैसे सक्रिय सदस्यों को आगे लाना है। जो आज हम सभी ने मिलकर संगठन का विस्तार करने हेतु बैठक कर रहे हैं। बैठक में कांग्रेस के पदाधिकारियों के बीच काम का बंटवारा किया गया है।

बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में रह कर अन्य राजनीतिक पार्टी को लाभ देने का काम कर रहे हैं, वैसे लोगों को पहचानना होगा। आज सभी लोगों को आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। जिला के सभी सम्मानित कार्यकर्ता नीति निधारक हैं। कांग्रेस पार्टी विचारधारा की पार्टी है। जो महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चल रही है। संगठन सृजन कार्यक्रम झारखंड में गुमला जिला में आज पहली बैठक हो रही है। बहुत जल्द जिला, प्रखंड, पंचायत, बूथ कमेटी की समीक्षा कर कमेटी को दुरुस्त किया जाएगा।

अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि आप सभी कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता हैं। राहुल गांधी सदन में गरीबों की आवाज बनते हैं। आप सभी उनके नक्शे कदम में चलते हुए लोगों की आवाज बनें। आप सभी को झारखंड के गठबंधन की सरकार द्वारा सभी लाभकारी योजना को लोगों को बताना है और इसका लाभ भी दिलाना है। सभी विंग के साथी पार्टी के रीढ़ हैं। ग्रामीणों की समस्या से मुझे अवगत करायें मैं हर वक्त आपकी समस्या का निदान के लिए तत्पर हूं। मौके पर पुष्पलता दुबे, अजित गुड़िया, बिजय बिरहोर, रघुनंदन प्रसाद, अखिल रहमान, राजनिल तिग्गा, तरुण गोप, फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद, गंगा उरांव, राजू साहू, खुर्शीद आलम, मो. मिनाज, लाडले खां, गौरी शंकर चौधरी, कादिर अली, प्रेम दत्ता, भूषण सिंह, अनिल साहू, अल्बर्ट तिग्गा, लाल मोहन साहू, निशांत दुबे, मनीष साहू, जास्मिन लुगुन, मो. मोकिम अंसारी, रमेश जयसवाल, सुसाना लकड़ा, अग्रणी मोर्चा संगठन जिला अध्यक्ष कलाम आलम, मो. मुख्तार आलम, मिरा हामिद, ज्योति कुजूर, आजाद अंसारी, मो साहेब वशीम, संजय गोप, भुनेश्वर राम, सुनिता तिर्की, क्रिस्टीना तिर्की, राजू भगत, राजेश टोप्पो, विकास कुमार साहू, गुलाम सरवर, अरुण पांडे, विकास साहू, निरंजन बाड़ा, राजेश्वर एक्का, आशिष नाथ शाहदेव आदि उपस्थित थे।

### गुमला जिले के सरकारी स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन पैड का किया जा रहा वितरण

**गुमला।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की पहल पर गुमला जिला अंतर्गत सभी सरकारी स्कूलों में प्रोजेक्ट किशोरी के तहत बनाए जा रहे सैनिटरी नैपकिन पैड का वितरण किया जा रहा। इसी कड़ी में आज जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा रायडीह प्रखंड के अंतर्गत अवस्थित विभिन्न स्कूलों में छात्राओं के बीच सैनिटरी नैपकिन पैड का वितरण किया गया। छात्राओं के बीच माहवारी को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुमला जिले के सभी सरकारी स्कूलों में सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया जा रहा।

### जर्जर बिजली तार बदलने व खंभे लगाने की मांग

**गुमला।** विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को पुगु ज्योति नगर के ग्रामीणों ने आवदेन देकर मुहल्ले के बीच में झूल रहे जर्जर विद्युत तार को किनारे करने व अतिरिक्त बिजला खंभा लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि जर्जर बिजली के तार घरों के उपर झूल रहा है। जिसे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। कई बार तार टूटकर गिर भी चुका है। जिसे ग्रामीण भयभीत भी रहते हैं। वहीं सड़क पर बेतरतीब बिजली खंभे होने से भी लोगों को परेशानी हो रही है। यह जानकारी भाकपा के जिला सचिव महेंद्र उरांव ने दी है।

### सरना प्रार्थना सभा सह सरहुल महोत्सव को लेकर बैठक संपन्न

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के टोटाम्बी गांव में सरना प्रार्थना सभा सह सरहुल महोत्सव को लेकर समिति के सदस्यों और ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित शिवराजपुर पंचायत के मुखिया विनोद उरांव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरना प्रार्थना सभा सह सरहुल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस निमित आगामी 12 अप्रैल दिन शनिवार को प्रात: 11:00 से कार्यक्रम की शुरूआत टोटाम्बी मैदान में आयोजित की जाएगी। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के एसटी एससी ओबीसी के मंत्री चमरा लिंडा मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील भी किया।साथी ही यह भी कहा कि सभी खोड़हा दल पारंपरिक वेशभूषा में सुशोभित होकर आएंगे। मौके पर उपस्थित लोगों में दुलिया भगत,अमित कुमार सिंह,जलेश्वर उरांव,कार्तिक उरांव, बादल उरांव,बेबी उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सांसद सुखदेव भगत आज कैरो में

**कैरो।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत आज शनिवार को दिन के 11 बजे कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचेंगे । जहाँ प्रखंड कर्मियों व आम जनता से मिलकर विकास कार्यो की समीक्षा के साथ साथ क्षेत्र की जनता से उनके हाल को जानेंगे। इसकी सूचना प्रखंड अध्यक्ष ने दिया।

### विकास योजनाओं को लेकर बीडीओ ने की समीक्षा बैठक

**कैरो।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र में चल रही अबुवा आवास, पीएम आवास, नाली निर्माण, सिचाई कूप सहित विभिन्न योजनाओं का पंचायतवार समीक्षा करते हुए सभी आवास लाभुकों से मिलकर जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करने, नाली, सिचाईं कूप सहित अन्य योजनाओं को गंभीरता पूर्वक निगरानी करते हुए बारिश के पहले निर्माण कार्य पूर्ण करवाने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि प्रखंड द्वारा संचालित सभी तरह: के योजनाओं को अविलंब पूर्ण कराएं। मौके पर बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, दिनेश कुमार, अमन शिखर, अधिश खाखा, जग्गू भगत, अमित कुमार, पंचम एतवा पहान, आनंद सिंह सहित प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## वोट बैंक सरकने के कारण हो रहा वक्फ संशोधन बिल का विरोध : संदीप प्रसाद

- वक्फ संशोधन बिल को लेकर भाजयुमो ने विपक्ष के नेताओं की शहर में की पोस्टरबाजी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर शुक्रवार को भाजपा युवा मोर्चा गुमला जिला अध्यक्ष संदीप प्रसाद के नेतृत्व में विपक्ष के नेताओं की पोस्टरबाजी शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में की गई। मौके पर संदीप प्रसाद ने कहा कि वक्फ संशोधन जो पास हो चुका है और अब कानून बन गया है। जिसका सीधा लाभ गरीब और पिछड़े तबके के मुस्लिम भाइयों को मिलने वाला है। लेकिन कुछ राजनीतिक दल और उनके नेता इस कानून का विरोध कर रहे हैं। उनके विरोध का सिर्फ एक ही कारण है उनका वोट बैंक उन्हें सरकता हुआ दिख रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वादे के अनुरूप वक्फ संशोधन बिल को दोनों सदनों से पास कराकर उसे कानून बना दिया। लेकिन विपक्ष के नेता मोदी जी का विरोध करते-करते अब देश की जनता के हित में बने कानून का भी विरोध करने लगे हैं। मौके पर युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म की राजनीति नहीं करती है सबका साथ सबका विकास के मंत्र के साथ भाजपा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

इस अवसर पर यशवंत सिंह, निर्मल गोयल, राजेश कुमार सिंह, भोला चौधरी, हरिहर कुमार, रविंद्र सिन्हा, दीपांकर साहू, नीतीश कुमार, छोटेलाल ताम्रकार, जय साहू, संदीप सिंह, शंकर उरांव सुधीर कुमार, प्रकाश नायक, जनक चौधरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल से गिरकर युवक-युवती हुए घायल

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के मकरा मोड़ के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर बिशनपुर डीपाडीह करमटोली निवासी बबलू उरांव और अरुणा उरांव गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं दोनों घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु अरुणा उरांव को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में युवक बबलू ने बताया कि वे लोग दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर गुमला से बिशुनपुर जा रहे थे। इसी बीच मकरा मोड़ के समीप बकरी सड़क पर दौड़ गई। जिससे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी और दोनों घायल हो गये।


## चैनपुर के किरतो तालाब से पुलिस ने अज्ञात नर कंकाल किया बरामद

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा हरिजन कॉलोनी के समीप किरतो डैम से एक अज्ञात नर कंकाल बरामद हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी, एसआई दिनेश कुमार और एएसआई निर्मल राय दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से नर कंकाल को डैम से निकाला। थानाध्यक्ष कुंदन चौधरी ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि किरतो डैम में एक नर कंकाल तैरता हुआ दिखाई दे रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और शव को बाहर निकालने का कार्य किया। शव को निकालने के बाद उसे सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया है। जहां उसकी पहचान और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी रहेगी। इस घटना ने क्षेत्र में हलचल मचा दी है, और लोगों में दहशत का माहौल है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव की पहचान के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे और मामले की गहराई से जांच की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि यदि किसी को इस शव की पहचान के बारे में कोई जानकारी हो, तो वह पुलिस से संपर्क करें। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आगे की जानकारी प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी।

### वज्रपात में मवेशी की हुई मौत

**घाघरा।** घाघरा पुटो रोड में गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि लगभग 3 बजे तेज बारिश में वज्रपात होने से गोहार घर में बैठे एक मवेशी की मौत हो गई। इस बाबत जानकारी देते हुए पीड़ित मुकेश जायसवाल ने बताया कि तेज बारिश में वज्रपात होने से गोहार घर में बैठे एक मवेशी की मौत हो गई। जबकि अन्य और मवेशी बच गए। वही पीड़ित ने अंचल प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

### हाइटेंशन तार की चपेट में आने से मालवाहक ट्रक और जेसीबी मशीन जलकर खाक



**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत बक्सीडीपा बदला रोड स्थित बिजली के हाइटेंशन तार की चपेट में आने से मालवाहक ट्रक और जेसीबी मशीन जलकर राख हो गई। ड्राइवर ने कूदकर जान बचाई। शॉर्ट सर्किट होने के आग कारण लगी थी। जानकारी के अनुसार बगडू से तेतर टोली मालवाहक ट्रक में जेसीबी मशीन को ले जाया जा रहा था इसी दौरान बक्सिडीपा बदला रोड के समीप 11 हजार वोल्ट के हाइटेंशन तार से जेसीबी मशीन टच हो गई और करेंट होने के कारण शॉर्ट सर्किट से दोनों गाड़ियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे गाड़ियों में फैल गई और बीच सड़क पर धू धू कर मालवाहक ट्रक और जेसीबी मशीन जलने लगी। वहीं घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को सूचना दी गयी। मौके पर दमकल विभाग की दो गाड़ियों के द्वारा बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं दोनों गाड़ियां पूरी तरह से जल चुकी हैं। जले हुए जेसीबी मशीन और मालवाहक ट्रक हजारीबाग के कांग्रेसी नेता अरूण साहू का बताया जा रहा है। घटना से बिजली विभाग की लचर व्यवस्था पर भी लोगों ने सवाल खड़ा किया है और इसे बिजली विभाग की लापरवाही बताया है।

## धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रशासनिक पदाधिकारियों को किया सम्मानित

- केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तमेड़ा ने किया धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों का नेतृत्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** केंदीय महावीर मंडल ने कहा कि विगत 30 मार्च से आरंभ हुए रामनवमी पूजनोत्सव तथा चैत्र दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित दुर्गा पूजा तथा रामनवमी शोभायात्रा के साथ-साथ विभिन्न अखाड़ों में आयोजित अस्त्र शस्त्र चालन तथा बाजा प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में विभिन्न धार्मिक संगठनों, मीडियाकर्मी, आम सनातन जनता का सहयोग के साथ साथ प्रशासन का सहयोग भी बहुत-बहुत सराहनीय रहा। पूरा त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में उत्साह व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस की चहुंओर तैनाती और सजगता की जितनी तारीफ की जाये कम है। इसके लिये पूरा पुलिस प्रशासन धन्यवाद का पात्र है। अतः प्रशासन की सराहनीय भूमिका को साधुवाद देने हेतु केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तमेड़ा की अगुवाई में विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रितेश कुमार, श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनिल अग्रवाल, सदस्य रितिक वर्मा, विकास साहू ने पुलिस अधीक्षक हैरिश बीन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल उपाधीक्षक श्रद्धा केरकेट्टा तथा सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर से मुलाकात कर उन्हें प्रसाद देकर तथा अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मनित किया। मौके पर सभी उपस्थित संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा भविष्य में भी होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों में प्रशासन द्वारा इसी तरह सहयोग प्राप्त कर शांतिपूर्ण माहौल में मिलकर काम करने व संपन्न करवाने की बात कही। वहीं उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा से भी मिलने का प्रयास किया गया परन्तु किसी कारणवश उनसे मुलाकात नहीं हो पाई।

## भाजपा नगर मंडल का ऐतिहासिक जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर में भव्य महाआरती आज

- महाआरती को खास बनाने की तैयारियों में जुटे लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले में इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन पूरी भव्यता और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। 12 अप्रैल को भाजपा नगर मंडल द्वारा तिवारी दूरा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजन को लेकर शहर में भक्तिमय माहौल बन चुका है और मंदिर परिसर में विशेष रूप से सजावट और स्वच्छता का कार्य जारी है। गुंजन अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, अर्चि गोयल, भूमि गोयल और प्रीति गोयल द्वारा मंदिर परिसर में महाआरती का पूर्वाभ्यास किया गया। अभ्यास के दौरान पूरे परिसर में भक्ति की अनुभूति देखने को मिली, जहां महिलाओं ने समर्पण भाव से तैयारी कर यह दर्शाया कि इस आयोजन में नारी शक्ति की प्रमुख भूमिका होगी। गुंजन अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि महाआरती के दौरान हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, सुंदरकांड का संगीतमय पाठ और अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालु एकत्र होकर भक्ति में लीन होंगे और साथ ही समाज में नारी शक्ति की उपस्थिति का प्रभावशाली संदेश भी प्रसारित होगा। पूर्वाभ्यास के पश्चात भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के नेतृत्व में मंदिर परिसर की सफाई की गई। उन्होंने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह सामाजिक समरसता, एकता और संस्कारों का प्रतीक है। इस आयोजन में महिलाओं की अग्रणी भूमिका इसे और भी खास बना रही है। कार्यक्रम की तैयारियों में नगर मंडल के कई प्रमुख सदस्य भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। सचिन कुमार साहू, सत्यम कुमार, रवि सिंह, अशोक जी और विजय चंद्रशेखर अग्रवाल सहित कई अन्य कार्यकर्ता लगातार व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं, ताकि आयोजन को यादगार और प्रेरणादायक बनाया जा सके।

# चैनपुर प्रखंड के हरिजन मुहल्ले के लोग पेयजल समस्या से परेशान

- हर घर नल से जल पहुंचाने का वादा मुहल्ले में फेल, जलमीनार खराब, दो चापाकल हैं बीमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** गर्मी के आगाज के साथ ही चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में पानी की किल्लत ने ग्रामीणों के जीवन को मुश्किल बना दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत के चलते लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। चापाकल खराब, जलमीनार की खराब स्थिति के मामलों ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। हरिजन मुहल्ला पानी टंकी बस्ती के निवासी शिकायत कर रहे हैं कि उन्होंने मुखिया से कई बार इस समस्या के समाधान के लिए आग्रह किया है। हालात यह है कि पिछले दो सालों से जलमीनार खराब है और मुहल्ले में केवल दो चापाकल हैं, जो खुद बीमार पड़े हैं। बताते चलें कि बीते चार वर्ष से अल्बर्ट एक्का एवं पीपल चौक में बने जलमीनार खराब पड़े हैं। मुखिया से शिकायत करने के बावजूद उसमें कोई सुधार नहीं आया। बल्कि जलमीनार में लगे मशीनों को खोल कर ऐसे ही छोड़ दिया गया है। बोरिंग भी खुला है। जिससे उसमें कंकड़ पत्थर प्रवेश कर रहे हैं। अगर उसे जल्द ठीक नहीं कराया गया तो बोरिंग भी खराब हो जाएगा। स्थानीय निवासी ममता देवी ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि हमें प्रतिदिन सुबह एक किलोमीटर दूर नदी से पानी लेकर आना पड़ता है। इससे अन्य घरेलू कार्यों में कठिनाई होती है। शांति देवी ने इस विषय पर कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने का वादा करती है। लेकिन चैनपुर प्रखंड में इसकी कोई प्रगति नहीं दिखाई देती। हम सभी महिलाएं नदी से पानी लाने के लिए मजबूर हैं। वहीं पुष्पा देवी ने जानकारी दी कि सरकार हर घर नल जल देने का दावा कर रही है। लेकिन चैनपुर प्रखंड में आज तक लोगों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पाया है। स्थानीय निवासी शालनी ने कहा कि चुनाव के समय नेता हमसे बड़े-बड़े वादे करते हैं। लेकिन अब हम सभी मुहल्ले वालों को पानी की समस्या के कारण संघर्ष करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या पूरे प्रखंड क्षेत्र की है। जो प्रशासनिक लापरवाही और अधिकारियों की उदासीनता का परिणाम है। हरिजन मुहल्ले वालों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत इस गंभीर मुद्दे का समाधान करें ताकि वे अपने दैनिक जीवन को सामान्य रूप से संचालित कर सके। अगर जल्द ही इस समस्या का निवारण नहीं किया गया तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। चैनपुर प्रखंड के विकास के लिए आवश्यक है कि सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से ले और ग्रामीणों को उचित जल आपूर्ति सुनिश्चित करे। इससे न केवल ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधरेगा, बल्कि उनकी आवश्यकताओं का सम्मान भी होगा। जल संकट के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना समय की आवश्यकता है।

## टीवीएनएल रजवार ई एंड डी कोल परियोजना को लेकर रेंची में हुई जन सुनवाई, भारी विरोध

# ग्रामीणों के हंगामे के बाद लौटे अधिकारी

## प्रशासन की एक भी बात सुनने को तैयार नहीं दिखे रैयत

- प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच कोलियरी खुलने के बाद होने वाले प्रभाव से कराया अवगत
- सामाजिक समाघात निर्धारण को लेकर आहुत थी ग्राम सभा, किसी भी बात सुनने को तैयार नहीं हुए ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** टीवीएनएल रजवार ई.एन.डी कोल ब्लॉक से प्रभावित हो रहे रेन्ची गांव के ग्रामीणों के सामाजिक समाघात निर्धारण को लेकर शुक्रवार को रेंची जतरा टांड़ परिसर में विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम सोशल एक्शन फॉर रूरल डेवलपमेंट (सारदा) छूटकी मुर्रम रामगढ़ कैंट के पत्रांक 217 दिनांक 7/6/2024 के आलोक में भूअर्जन अधिनियम 2013 के धारा पांच एवं नियम 11 के आलोक में आहूत थी। जिसकी अध्यक्षता वीरेंद्र उरांव, संचालन अजीत साहू कर रहे थे, वहीं जन सुनवाई में प्रभारी जिला भू अर्जन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, अपर समाहर्ता रामा रविदास व टीवीएनएल के अधिकारी, राजस्व

हालांकि जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों के द्वारा कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई व कंपनी वापस जाओ, लोक सभा, न ग्राम सभा सबसे बड़ा ग्राम का नारा लगाते हुए विरोध दर्ज करते हुए जमकर हो हंगामा किया। रैयतों व ग्रामीणों कहना था कि हम सभी ग्रामीणों के जीवकोपार्जन का आधार कृषि है। हमारे जमीन को भी विकास के नाम पर छीनने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व में जिन स्थानों पर कोल परियोजना खुला है वहां के रैयतों की स्थिति बदतर है। इस लिए हम सभी रैयत जमीन नहीं देंगे। इधर ग्रामीणों के विरोध के बाद जनसुनवाई पूर्ण नहीं हो पाई व अधिकारियों को बैरन वापस लौटना पड़ गया। जिला भूअर्जन पदाधिकारी



विरोध करते ग्रामीण।

सुरेंद्र कुमार ने कहा कि पूर्व में कुछ खामियां रही होगी, जिस कारण ग्रामीणों का विरोध दिख रहा है, टीवीएनएल सरकारी संस्था है, प्रशासन का प्रयास रहेगा कि सरकारी प्रावधान के तहत जो भी सुविधा मिलने वाली है, उसका शत प्रतिशत लाभ ग्रामीणों तक पहुंचे। आगे कहा कि अगर रैयत जमीन नहीं देना चाहते हैं तो हम उनकी बातों को सरकार तक भी पहुंचने का काम करेंगे। लेकिन ग्रामीण और युवा वर्ग को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। जनसुनवाई के मौके पर प्रभावित क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

कर्मचारी जनेश्वर राम रैयतों की बातों को सुनने के लिए मौजूद थे। जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने प्रभावित हो रहे गांव के रैयतों को कोल ब्लॉक खुलने के बाद लोगों के जीवन पर होने वाले प्रभावों एवं सामाजिक समाधात निर्धारण से संबंधित जानकारी साझा करने का प्रयास किया।अधिकारियों ने कहा कि रजवार कोल परियोजना में रेंची मौजा से 436.09 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। कोल ब्लॉक से प्रभावित हो रहे रैयतों की बातों को सुनने के लिए आपसभी के बीच आए है, आप सभी की जो भी समस्याएं है उसका समाधान कैसे निकले इसके लिए आए है। अपनी बातों को रखें, आपके सामंजस्य के बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

## आखिर कचरा कहां फेंके बाजारवासी?

- तीन साल से जंग खा रहा कचरा वाहन, बाजारवासियों को उठानी पड़ रही परेशानी
- रेलवे ने घेर ली जमीन, प्रशासन की अनदेखी के कारण गंदगी से परेशान है जनता



प्रखण्ड कार्यालय परिसर में धूल फांक रहा कचरा वाहन।

**दीपक राज**

**बरवाडीह।** आखिर हम कचरा फेंके तो फेंके कहाँ ? यह सवाल आज बाजार क्षेत्र के हर दुकानदार और निवासी की जुबान पर है। क्षेत्र में न तो कोई कचरा डालने की तय जगह है, न ही नियमित सफाई की व्यवस्था। प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से लोग नारकीय स्थिति में जीने को मजबूर हैं।

### प्रखंड कार्यालय में शोपीस बनकर खड़ा है कचरा वाहन

प्रखंड प्रशासन की लापरवाही का आलम यह है कि तीन साल पहले खरीदा गया कचरा वाहन अब तक शोपीस बनकर प्रखंड कार्यालय परिसर में ही खड़ा है। लाखों रुपये की लागत से खरीदे गए इस वाहन का आज तक कोई उपयोग नहीं किया गया। यह कचरा वाहन सिर्फ धूल फांक रहा है। न कोई चालक नियुक्त है, न उसे चलाने की कोई योजना। एक दुकानदार ने बताया कि सुबह दुकान खोलने से पहले खुद झाड़ू लगाते हैं, लेकिन कचरा डालने की कोई जगह ही नहीं है। पहले लोग रेलवे की खाली पड़ी जमीन पर कचरा फेंकते थे, लेकिन अब रेलवे ने अपनी जमीन का घेराव कर दिया है, जिससे लोगों के सामने कचरा फेंकने की भी समस्या खड़ी हो गई है। लोग कचरा फेंकने के लिए जगह की तलाश में रहते है।

### प्रशासन और जनप्रतिनिधि मौन

ऐसा नहीं है कि इस समस्या से प्रशासन व जनप्रतिनिधि अनजान है, सब कुछ जानते हुए भी उनके द्वारा इस समस्या के निदान के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। लोगों की मांग है कि बाजार क्षेत्र में कचरा फेंकने के लिए निश्चित स्थल निर्धारित किया जाए, बेकार पड़े कचरा वाहन को शीघ्र चालू किया जाए तथा नियमित सफाई और कचरा उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित हो। यदि जल्द समाधान नहीं किया गया, तो यह समस्या स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। लोगों की नाराजगी बढ़ रही है, और वे अब आंदोलन की तैयारी में हैं।


# दाखिल खारिज रोकने को लेकर रैयत ने अंचलाधिकारी से लगाई गुहार

## भूमाफियाओं पर गलत तरीके से जमीन हस्तांतरण करने का लगाया आरोप

- 1996 से वर्ष 2013 तक कटा हुआ है ऑफलाइन रसीद, ऑनलाइन में हो गई है गड़बड़ी

**खबर मन्त्र सवांददाता**

**चंदवा।** लातेहार जिला में हुए हाल सर्वे में जमीन संबंधित त्रुटियों का फायदा उठाकर भूमाफिया जैसे तैसे जमीन का खरीद बिक्री धड़ल्ले से कर रहे है। हाल सर्वे में हुई त्रुटि के कारण कई रैयतों का जमीन पुराने रैयतों के नाम पर उठ गया है, इसी का फायदा उठाकर भूमाफिया तत्व के लोग जमीन को ऑनलाइन रसीद कटाकर खरीद बिक्री कर दें रहे हैं, जिस कारण लगातार जमीन विवाद के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला अंचल अंतर्गत हल्का तीन मौजा रुद ग्राम से आया है, जहां रैयत ने हाल सर्वे में त्रुटि का फायदा उठाकर लगभग ढाई एकड़ रैयती जमीन का गलत तरीके से जमीन हस्तांतरण का प्रयास किए जाने का आरोप लगाया है। मामले में भुक्तभोगी रैयत उदय सिंह पिता राममोहन सिंह (दाना पुर पटना) ने अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक के नाम आवेदन देकर दाखिल खारिज रोकने की गुहार लगाई है। भुक्तभोगी उदय सिंह ने बताया कि हल्का 3 रुद मौजा अंतर्गत पुराना खाता संख्या 26, प्लॉट नंबर 178, 179 व 180 में 2 एकड़ 53 डिसमिल व नया खाता 98, प्लॉट 580, 574, 579 में लगभग 2 एकड़ 46 दर्ज है। जिसकी खरीददारी उन्होंने सुबसवा देवी पति श्री घासी ( ग्राम रुद टोला अम्बा खोलखा) से वर्ष 1996 में की थी, जिसके बाद 1996 से 2013 तक तक ऑफलाइन रसीद




गुहार लगाते रैयत।

काटा है, ऑनलाइन होने के बाद किसी कारण वह ऑनलाइन रसीद नहीं काटा पाया, वर्तमान में 25 फरवरी 2025 को दाखिल खारिज कर ऑनलाइन रसीद काटने को लेकर आवेदन किया था, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी बीच पुराने रैयत के वंशज के रिश्तेदार हाल सर्वे त्रुटि का फायदा उठाकर बेचे गए गए जमीन को गलत तरीके से अपने नाम दर्ज कर दुबारा बेचने के फिराक है व नामांतरण को लेकर आवेदन किया है, जिसे 8 मार्च को एक बार गलत वंशावली बता कर अस्वीकृति कर दिया गया लेकिन दूसरी बार आवेदन देकर पुनः प्रक्रिया शुरू कर दी गई। जिस पर रोक को लेकर मैने 20 मार्च को चंदवा अंचल में लगे भूमि सुधार के कैंप में आवेदन किया। लेकिन दर-दर भटकने के बाद भी अब तक आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जमीन का मूल केवला, शुद्धि पत्र एवं पुराना रसीद होने के बावजूद भी अंचल जाने के बाद उन्हें दौड़ाया जा रहा है। मामले को लेकर उन्होंने जिले के उपायुक्त को भी आवेदन दिए जाने की बात कही है। इस बाबत पूछे जाने पर अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने बताया कि दाखिल खारिज रोकने को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है। वर्तमान में अनलाइन पर उक्त जमीन कीनू घासी ने नाम पर उठा हुआ है। दोनों पक्षों को बुलाकर दस्तावेजों की जांच की जाएगी, जांचोंप्रांत जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## चंदवा पीएनबी शाखा ने 131 वां स्थापना दिवस मनाया

**चंदवा।** शुक्रवार को पंजाब नेशनल बैंक चंदवा शाखा ने अपने सभी अधिकारियों एवं सम्मानित ग्राहकों के साथ अपना 131 वॉ स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया। जिसमें ग्राहकों और वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाखा परिसर में ग्राहक मिलन सम्मेलन का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक राजकिशोर राजू ने बताया कि लाला लाजपत राय की ओर से 1894 में स्थापित पंजाब नेशनल बैंक की गौरवशाली यात्रा को भी श्रद्धापूर्वक याद किया गया। देश का पहला स्वदेशी बैंक होने के नाते पीएनबी ने सदैव भारत के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।


## 14 को रक्तदान शिविर को सफल बनायें: अनुरोध



ऐप के माध्यम से बैठक करते लोग।

**लातेहार।** वोलेंटियर ब्लड डोनर एसोसिएशन, लातेहार की एक बैठक कार्यकारी अध्यक्ष अनुरोध कुमार बाग की अध्यक्षता में ब्लड बैंक, लातेहार में आयोजित की गयी। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को एसोसिएशन के सचिव विकासकांत पाठक के पिता स्व रमेश पाठक की पुण्यतिथि को रक्तदान शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया। शिविर को सफल बनाने की अपील जिला वासी एवं विभिन्न रक्तदाता संस्थाओं से की गयी। इसके अलावा बैठक में जिले के प्रत्येक प्रखंड में एसोसिएशन की कमिटि का गठन करने एवं सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। श्री बाग ने लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के लिए मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। सचिव विकासकांत पाठक ने बताया कि सुरक्षित व सुलभ रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना जरूरी है। इसके लिए झारखंड सरकार के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदाताओं के लिए फिर से डोनर कार्ड की व्यवस्था की गयी है। इस कार्ड की अवधि छह माह की होगी. इन छह माह में कार्डधारी डोनर अंदर बिना किसी रिसप्लेसमेंट के एक यूनिट रक्त प्राप्त कर सकते हैं। श्री पाठक ने 14 अप्रैल को रक्तदान के लिए आने वाले लोगो से एक पहचान पत्र और एक फोटो लाने की अपील की, ताकि उन्हें हाथों हाथ डोनर कार्ड दिया जा सके। कार्यकारिणी सदस्य आशीष टैगोर ने रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए डोर टू डोर सर्वे करने का प्रस्ताव दिया। इस पर प्रखंड कमिटि का गठन होने के बाद डोर टू डोर सर्वे करने की बात कही गयी। बैठक में ब्लड बैंक, लातेहार के तकनीकि सहायक बिनय कुमार सिंह, जिला संयोजक श्याम किशोर अग्रवाल, रजनीकांत पाठक, मिलन गर्ग, केदार प्रसाद, जीवन समेंत कई एसोसिएशन के कई लोग ऑनलाइन मौजूद थे।

## बनहरदी कोल परियोजना (पी वी यू एन एल) के द्वारा बारी में लगाया गया मेडिकल कैंप



कैंप शिविर में मौजूद कर्मी व अन्य।

**चंदवा।** बनहरदी कोयला खनन परियोजना, पीवीयूएनएल के तत्वाधान में शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बारी में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बारी ग्राम पंचायत के मुखिया रोबेन उरांव, महाप्रबंधक के. चंद्रशेखर, तन्मय मिश्रा, ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। चिकित्सा शिविर से ग्राम बारी, हुचलू, एटे, तुरियाडीह और आस-पास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंच कर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। रोगियों को डॉ. के परामर्श के अनुसार नि:शुल्क दवाएं और पैथोलॉजी जांच की सुविधा ग्रामीणों को उपलब्ध कराया गया। दर्जनों कार्यो लोगों को इस शिविर का लाभ मिला। कंपनी इसी प्रकार अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन के लिए इस तरह शिविर लगा कर अपना सामाजिक दायित्व को पूरा कर रही है। मौके पर मनीष देवदत्त एक्का समेत विभाग के कई अधिकारियों की उपस्थिति थे।

## मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बिशनपुर ग्राम में शुक्रवार को मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। संतोष वर्मा 45 वर्ष पिता बंधन वर्मा ग्राम विशनपुर थाना बालूमाथ निवासी मोटरसाइकिल से अपने गांव में घूम रहा था इसी दौरान असंतुलित होकर मोटरसाइकिल से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल संतोष वर्मा को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉ. द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।


## मनिका प्रखंड कार्यालय में ससमय पदाधिकारियों के नहीं पहुंचने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

# 11 बजे तक कार्यालय बंद, खुलने के बाद भी कर्मी नदारत

- पूर्व में खबर छपने के बाद भी समय के प्रति पदाधिकारियों में नहीं हुआ सुधार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय में पदाधिकारियों को ससमय नहीं पहुंचने से प्रतिदिन ही आम-आवाम को प्रखंड कार्यालय संबंधित कार्यों के लिए भारी परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। जबकि सरकारी कार्यालयों के खुलने, बंद होने व संचालन के लिए सरकार के स्तर से प्रावधान बनाया गया है। लेकिन सरकारी अधिकारी व कर्मियों को इस प्रावधान का कोई परवाह नहीं है। यही वजह हो सकता है कि मुख्य द्वार समय से खुलने के बाद भी संबंधित अधिकारियों के कार्यालय में लगभग 11:00 बजे सुबह तक



समय अधिक होने के बाद भी बंद कार्यालय।

ताला नहीं खुलता है,तो किसी कार्यालय के कर्मी काम करने के बजाय कार्यालय से बाहर आकर एक-दुसरे से बात कर समय बिताने का काम करते हैं। वहीं दिन शुक्रवार को समय हो जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों का कार्यालय नहीं खुलने की ग्रामीणों से जानकारी मिलने पर प्रखंड कार्यालय के विभिन्न कार्यालयों में कुछ ऐसा ही नजारा देखा गया। वहीं प्रखंड कार्यालय लगभग 11 बजे तक बंद रहने के कारण प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से अपने कार्य के लिए आए हुए ग्रामीणों को काफी परेशानी होती देखी गई जिसके कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त था। मौके पर प्रखंड कार्यालय में अपने काम के लिए आए कई ग्रामीणों ने बताया कि 10:00 बजे हम लोग कार्यालय आए हैं लेकिन अभी घंटा होने को है फिर भी प्रखंड कार्यालय के कई पदाधिकारी का कार्यालय नहीं खुला है जिसके वजह से हमलोगों को इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसा सिर्फ आज ही नहीं प्रतिदिन का यही रवैया है विभागीय कर्मी अपने मनमर्जी तरीके से कार्यालय आते हैं और बिना समय पूरा किए ही घर चले जाते हैं जिसका खामियाजा प्रखंड कार्यालय से संबंधित कार्य के लिए दूर-दराज से आए हुए हम सभी को भुगतना पड़ता है। मौके पर देखा गया कि 10:50 बजे तक प्रखंड परिसर में स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय व निर्वाचन विभाग को छोड़कर सभी विभागों का कार्यालय पर ताला लटका हुआ था। जबकि ग्रामीणों के शिकायत पर समय से कार्यालय नहीं पहुंचने को लेकर पूर्व में भी प्रखंड कार्यालय का खबर प्रकाशित हुआ था, फिर भी पदाधिकारियों में समय के प्रति कोई सुधार नहीं देखा जा रहा है। वहीं प्रखंड कार्यालय स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना, कंपयूटर कक्ष, आधार सेवा केंद्र, 15 वें वित,खाद्य आपूर्ति, प्रखंड कृषि, प्रखंड सांख्यिकी प्रवेक्षक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग, समेत कई कार्यालयों में ताला बंद था।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 6 लाभुकों के बीच बकरा एवं बकरी का वितरण



मौके पर लोग।

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थिति पशु चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत वितीय वर्ष 2024-25 का योजना 90% व 75% के तहत 06 लाभुकों के बीच 4 बकरी तथा 1 बकरा का वितरण किया गया, जिसमें बारियातू पंचायत के ग्राम नचाना डाढ़ा पंचायत के पूकचु व शिबला पंचायत के राजगुरु ग्राम मे इन सभी पंचायत के लाभुकों को इस योजना का लाभ दी गई। प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आज 2024-25 के तहत स्वीकृत 06 लाभुकों को 4 बकरी 1 बकरा व इसके साथ में रोग से बचाव के लिए दवा का भी वितरण किया गया है। पशु चिकित्सालय पदाधिकारी डॉ. सुशीला बागे तथा बिनोद बैठा ने कहा कि लाभुक इस योजना का लाभ उठाकर अपने आय का स्रोत में वृद्धि करेंगे। बकरी बकरा को अच्छा से रख रखाव, खान पान करेंगे। इसके उपस्थित लाभुकों को साथ में कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। रख-रखाव का सुझाव भी दिया गया। मौके पर बारियातू पंचायत समिति सोनी देवी सहित अन्य लाभुक उपस्थित थे।

# झारोटेफ आंदोलन का दूसरा चरण मे कर्मचारियों ने मुख्य सचिव के नाम सौपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एंप्लॉई फेडरेशन (झारोटेफ) जिला इकाई लातेहार के बैनर तले जिला नेतृत्व के मौजूदगी मे बालूमाथ एवं हेरहन्ज प्रखंड मे ध्यानाकर्षण रैली-सह-ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन जोरदार ढंग से किया गया कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य कर्मचारियों की तीन प्रमुख मांगो को सरकार के समक्ष मजबूती से रखना है।

### तीन प्रमुख मांगे

राज्य भर के प्राथमिक से लेकर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक के शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देना, कर्मचारियों का सेवानिवृति 62 वर्ष करना एवं केंद्रीय कर्मचारियों की भाँति राज्य सरकार के कर्मचारियों को शिशु शिक्षण



ज्ञापन देते कर्मचारी।

भत्ता लागु करना हैं बालूमाथ प्रखंड मे कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष सुशील कुमार यादव सचिव योगेन्द्र कुमार ने किया साथ ही जिला प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह एवं विजय कुमार मौजूद थे वही हेरहन्ज प्रखंड का नेतृत्व प्रखंड सचिव श्यामा सिहं जिला प्रतिनिधि कुंदन प्रसाद के मौजूदगी मे संपन्न हुआ।

जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव एवं जिला सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने इस कार्यक्रम से सरकार को संदेश दी है कि अगर कर्मचारियों की मांग जल्द पुरा नही हुआ तो राज्य भर के कर्मचारी राज्यव्यापी आंदोलन को विवश होंगे। मौके पे बालूमाथ प्रखंड मे अभय कुमार यादव योगेंद्र प्रसाद विजय प्रकाश गुप्ता राकेश पाल द्रुपद कुमार पवन कुमार संजय कुमार देवनारायण मिस्त्री एव हेरहन्ज प्रखंड मे कुंदन प्रसाद, राजकुमार, अजय राम, शंकर राम, श्यामा सिंह, देवेंद्र दुबे,सुनील कुमार, गणेश सिंह, सुगन प्रसाद, बबन राम, दिनेश राम, विपिन सिंह, विनोद राम, आदि उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय महिला पुरुष लीग कम नॉकआउट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



उद्घाटन करते अधिकारी।

- शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल एक उच्च स्तरीय माध्यम है : प्रवीण कुमार गहराई

**लातेहार।** जिला स्तरीय महिला पुरुष लीग कम नॉकआउट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को मुख्य अतिथि आईटीडीए प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण कुमार गगराई विशिष्ट अतिथि मेजर लातेहार राजकुमार लकड़ा, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव एवं अन्य अतिथियों के द्वारा बॉल को सर्विस मारकर खेल प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज तिवारी के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। श्री तिवारी ने आयोजन में भाग लेने वाले पुरुष एवं महिला टीम के खिलाड़ियों का अभिनंदन किया साथ ही खिलाड़ियों को प्रतिभा को निखारने के लिए आगे आने को कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार गहराई ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल एक बहुत उच्च स्तरीय माध्यम है। खेलने से स्वस्थ जीवन की शुरूआत होती है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपना सौ प्रतिशत योगदान देने की बात कही। लातेहार मेजर राजकुमार लकड़ा ने खिलाड़ियों के संबोधन में कहा कि खिलाड़ियों के लिए खेल बहुत जरूरी है। शिक्षा के साथ-साथ खेल बहुत जरूरी है, फिटनेस लेवल बनाए रखने के लिए खेल बहुत जरूरी है। उद्घाटन के अवसर पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार में कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन से जिले में छुपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। खिलाड़ी छोटे-छोटे अवसर अवसरों का लाभ उठाकर बड़े स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। इस अवसर पर लातेहार जिला बॉलीबॉल संघ के सचिव प्रवीण मिश्रा, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार छोटू, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, आलोक कुमार सिंह, दिलेश्वर यादव, साजन कुमार, कामिल अंसारी, संतोष कुमार, शुभम साव, कमलेश उरांव, विशाल कुमार, रिंकू कच्छप, विवेक कुमार आदि उपस्थित थे।

## विभागों के साथ की गई समीक्षात्मक बैठक

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी व प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान की नेतृत्व मे प्रखण्ड क्षेत्र मे संचालित सभी योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गई। समीक्षा के दौरान मनरेगा प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी केतन गुप्ता ने बातया की मनरेगा के तहत लगभग 157 एकड़ भूमि पर विरसा मुण्डा आम बगवानी का लक्ष्य रखा गया है। प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी समीर सुमन भेंगरा ने बातया प्रखण्ड अंतर्गत कृषि क्रेडिट कार्ड मे कुल 309 लक्ष्य मे 109 फार्म सृजित किया गया है। कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत कुल 247 के विरुद्ध 130 किसानो का अब तक ऋण माफी किया गया है।

## लातेहार जिला महिला पुरुष लीग-कम-नॉकआउट वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025

# डे बोर्डिंग सेंटर और मनिका कस्तूरबा महिला वर्ग के फाइनल में

**खबर मन्त्र सवांददाता**

**लातेहार।** झारखंड वॉलीबॉल दिवस के अवसर पर आयोजित लातेहार जिला महिला पुरुष लीग कम नॉकआउट वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025 में शुक्रवार को महिला वर्ग में कुल 10 मैच खेले गए। इस अवसर पर खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु खेल मैदान पहुंचे जिला खेल पदाधिकारी, लातेहार संजीत कुमार, एनआरईपी कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, संजीव कुमार, सहायक प्रबंधक, डीवीसी, तुवेद कोल माइंस, लातेहार, मजदूर नेता दिलेश्वर यादव, आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने खिलाड़ियों से



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अधिकारी।

परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। आज खेले गए मैच में कनवद्दी एलटीआर ने सीएम सोई कस्तूरबा लातेहार को 25-16, 25-20 से डे बोर्डिंग बालिका वॉलीबॉल केंद्र ने कनवद्दी एलटीआर को 25-12, 27-25 से मनिका कस्तूरबा ने बालूमाथ कस्तूरबा को 25-10, 25-15 से मनिका कस्तूरबा ने लातेहार कस्तूरबा को 25-13, 25 -18 से कनवद्दी एलटीआर ने बालूमाथ कस्तूरबा को 25-9, 25- 6 से डे बोर्डिंग बालिका वॉलीबॉल केंद्र ने मनिका कस्तूरबा को 25-17, 25-16 से बालूमाथ कस्तूरबा ने लातेहार कस्तूरबा को 25-20, 25 -22 से मनिका कस्तूरबा में कनवद्दी एलटीआर को 26-24, 25-21 तथा डे बोर्डिंग सेंटर में बालूमाथ कस्तूरबा को 25-10, 25-3 से पराजित किया। आज खेले गए मैच में पॉइंट के आधार पर मनिका कस्तूरबा और डे बोर्डिंग बालिका वॉलीबॉल सेंटर लातेहार की टीम लातेहार जिला महिला पुरुष लीग कम नॉकआउट वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस अवसर पर लातेहार जिला वालीबाल संघ के कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, रविंद्र उरांव, कमलेश उरांव, शुभम साव, मनीष उरांव, कामिल अंसारी समेत सैकड़ो की संख्या में दर्शक उपस्थित थे। रात्रि में पुरुष वर्ग का मैच प्रारंभ किया गया।



मंचासीन अतिथि।

स्पीड न्यूज

## बोकारो जैविक उद्यान में गर्मी से बचाव हेतु जानवरों के लिए विशेष व्यवस्था



**बोकारो।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए जवाहरलाल नेहरू बायोलॉजिकल पार्क (जैविक उद्यान) में जानवरों को गर्मी से बचाव एवं राहत के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। जानवरों को गर्मी से राहत प्रदान करने हेतु जानवरों के बाड़ों में कूलर एवं पंखों की व्यवस्था की गई है। हिप्पोपोटेमस और भालू के बाड़ों में जलाशयों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अन्य जानवरों के लिए बाड़ों में शेड्स लगाए गए हैं जिससे उन्हें सीधी धूप से बचाया जा सके। जानवरों की नियमित रूप से क्लोज मॉनिटरिंग की जा रही है। गर्मी के मौसम में जानवरों की प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए उनके आहार में विटामिन्स इलेक्ट्रोलाइट्स एवं मिनरल्स जैसे आवश्यक फूड सप्लीमेंट्स को सम्मिलित किया गया है।

## चैतवारणी शिव मेला में सुप्रसिद्ध छऊ नृत्य का आयोजन



**बोकारो/कसमार।** रोरिया व गट्टीगढ़ा के बीच स्थित गवई नदी के तट पर आयोजित चैत्र वारणी एक दिवसीय शिव मेला का उद्घाटन भस्की मुखिया मंटु मरांडी ने विधिवत फीताकाट कर छऊ नृत्य के शुभारंभ के साथ किया। इस दौरान अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड संस्कृति का अभिन्न अंग है- छऊ नृत्य। आज भी युवा पीढ़ियों ने झारखंड संस्कृति को बरकरार रखे हुए है- यह गरिमा का विषय है। छऊ नृत्य को देखने के लिए आस-पास के लोगों की भीड़ देखते ही बन रही थी। ग्रामीण क्षेत्र में लोकप्रिय कहे जाने वाले छऊ नृत्य कार्यक्रम को देखने के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों से लोग पहुंचे। पश्चिम बंगाल के सुप्रसिद्ध छऊ नृत्य टीम डुमरडीह कोटशिला थाना क्षेत्र जिला पुरुलिया के उस्ताद गुणाधार महतो व डाड़ीकुड़ी ग्राम पुनदाग के उस्ताद अनुप गोप के टीम द्वारा प्रस्तुत छऊ नृत्य ने सैकड़ो लोगों को समा बांधे रखा। काशीनाथ महतो व रथुराम महतो ने बताया कि रोरिया व गट्टीगढ़ा के बीच गवई नदी के तट पर 1987से प्रत्येक वर्ष चैतवारणी एक दिवसीय शिव मेला का आयोजन लगातार किया जा रहा है।

## पीड़क कार्रवाई पर अदालत ने लगाई रोक



**बोकारो।** बोकारो के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्र की अदालत ने हत्या के आरोप में बोकारो स्टील सिटी थाने में दर्ज मामले में बोकारो स्टील प्लांट और सीआईएसएफ के अधिकारियों पर आगामी 21 अप्रैल तक किसी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। बोकारो के पीडीजे की अदालत ने बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेन्द्र कुमार तिवारी ईडी - कार्मिक एवं प्रशासन राजश्री बनर्जी सीजीएम- कार्मिक हरिमोहन झा आईआर विभाग के प्रभाकर कुमार और मुख्य सुरक्षा अधिकारी आलोक चावला पर पीड़क कार्रवाई नहीं करने (नो कोर्सिव स्टेप) का आदेश दिया है। बीएसएल व सीआईएसएफ के इन सभी अधिकारियों ने अदालत में अग्रिम जमानत का आवेदन दिया था। साथ ही घटना के समय का वीडियो भी अदालत को सुपुर्द किया था जिसके आधार पर अदालत ने उक्त आदेश दिया है और पुलिस से केस डायरी मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 21 अप्रैल को तय की है।

## भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ताला मरांडी हेमंत के समक्ष झामुमो में शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी ने भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। ताला मरांडी ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नाम त्यागपत्र लिखा है। उन्होंने त्यागपत्र जारी करते हुए लिखा है कि 'मैं, ताला मरांडी, भारतीय जनता पार्टी का एक समर्पित सदस्य रहा हूँ। पार्टी द्वारा दिए गए अवसरों के लिए मैं आभार प्रकट करता हूँ। वर्तमान परिस्थितियों, व्यक्तिगत कारणों एवं वैचारिक मतभेदों के चलते मैंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता तथा सभी पदों से त्यागपत्र देने का निर्णय लिया हूं। मेरा यह निर्णय गहन विचार-विमर्श के पश्चात लिया गया है और इसमें किसी प्रकार की दुर्भावना नहीं है। कृपया मेरे त्यागपत्र को स्वीकार करते हुए मुझे मुक्त किया जाए₹. जो जानकारी है उसके मुताबिक ताला मरांडी भोगना डीह में हेमंत सोरेन के सामने झामुमो का दामन थाम लिया हैं। आज बरहेट के भोगनाडीह मे जे एमएम की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर ली

# 118 किलो प्रतिबंधित डोडा के साथ पुलिस ने एक को दबोचा





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चास थाना ने भवानीपुर साइट के समीप लगाई गई पुलिस चेकिंग के दौरान प्रतिबंधित डोडा बरामद किया गया। पुलिस चेकिंग को देखते ही ऊपर से सब्जी लदा टाटा पिक अप वाहन भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ा और वहां की चेकिंग के दौरान सब्जी के कैरेट के नीचे बोरा में लगभग 18 लाख की कीमत का 118 किलो लदे नशीले पदार्थ डोडा को बरामद किया। पुलिस टीम में पुनि अजय कुमार सिंह व संदीप कुमार के साथ अन्य की सक्रियता ने उक्त बरामदगी में अहम भूमिका निभाई। पश्चिम बंगाल निवासी गिरफ्तार दलाल गुलाम मुस्तफा ने बताया कि बांकुड़ा से लोड कर उक्त माल को तोपचांची ले जाना था। दलाल गुलाम का ड्राइविंग लाइसेंस जब्त कर पुलिस गहन जांच में लगी हुई है।

## सिंदरी में बाइकर्स गैंग ने 50 हजार लूटा





खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** सिन्दरी अनुमंडल के सुदामडीह थाना क्षेत्र में प्लसर सवार अपराधियों ने दिन दहाडे पैसा से भरा ब?ग लूटा। थाना में शिकायत । खोजबीन में जुटी पुलिस । घटना के सबंध में सुदामडीह रिभर साइड निवासी उत्तम सुपकार ने बताया कि वे अपने घर के महिला सदस्य के साथ डीगवाडीह स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा से 50 हजार रुपये अपने जरुरी काम के लिए निकासी किया । जिसके बाद वहां से अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में सुदामडीह थाना क्षेत्र के अम्बेडकर चौक के पास मैदान के समीप पहुचे। तभी पीछे से काला रंग का पल्सर बाइक पर सवार दो युवको ने वहां पहुच गया। साथ ही पैसा से भरा ब?ग जबरन छीन लिया । जिसमें बैंक का चेकबुक, पासबुक सहित जरुरी कागजात था। बाइक सवार अपराधियों ने मोबाइल भी छीनने का प्रयास किया। लेकिन शोर मचाने पर ब?ग लेकर भाग निकले। उक्त काला रंग का पल्सर बाइक पर दो युवक सवार थे। बाइक चलाने वाले युवक हेलमेट पहने हुआ था वहीं काला रंग का शर्ट पहने युवक पीछे खुला मुँह सवार था। घटना के बाद पीड़ित लोगों ने शोर मचाना शुरू किया । जिसके साथ आसपास के लोग जुट गए। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन किया लेकिन बाइक सवार अपराधी भागने में सफल रहे। पीड़ित ने घटना की सूचना सुदामडीह थाना प्रभारी को दी। जानकारों के अनुसार पीड़ित के पीछे बाइक सवार अपराधी बैंक से ही रकी कर रहे थे। मौका मिलते ही घटना को अंजाम दिया । वही घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों का चेहरा, बाइक नवंबर व पुरी घटना क्रम सीसीटीवी फुटेज में कद हो गया। पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार बनाकर अपराधियों की टोह में जुट गयी है।

## देशवाली समाज ने सरना थान में पूजा अर्चना किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** भाटडीह ओपी क्षेत्र के मधुडीह कदमटांड टोला में शुक्रवार को देशवाली समाज द्वारा सरना थान में पूजा अर्चना किया गया। समाज के लोगों ने आदिवासी रिति-रिवाज के साथ पूजा अर्चना किया। इस दौरान पारंपरिक वस्त्र धारण कर नृत्य संगीत भी किया गया। इस संबंध में अदालत देशवाली ने कहा कि यह पूजा प्राकृतिक संसाधनों के सुरक्षा को लेकर मनाया जाता है। हमारे वन जंगलों में अनेक प्रकार के पेड़ पौधे पाये है। वहीं हमारे सुरक्षा करते है। हम सबको प्राकृतिक लाभ देते आयें है। हमारे पुर्वज वर्षों से पुजा करते आ रहे हैं। आज हमारे गांव के लोगों ने धूमधाम से आदिवासी नृत्य संगीत के साथ पूजा अर्चना किया।

### झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ का

## एक दिवसीय सम्मेलन सह चुनाव संपन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) बोकारो जिला का एक दिवसीय सम्मेलन सह चुनाव संपन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रशासी पदाधिकारी नारायण राम महतो ने भगवान बिरसा मुंडा को पुष्प अर्पित कर सम्मेलन की शुरूआत की। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त विजय कुमार महतो ने किया। मौके पर महासंघ के जिला मंत्री मनोरंजन कुमार निराला ने साथियों की एकजुटता पर बल देते हुए संगठन को और सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन हेतु नए साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सम्मेलन को स्वागत मंत्री विभांशु कुमार भरत प्रसाद सिंह सेवानिवृत्त प्रधान सहायक मनोज कुमार मिश्रा राजस्व कर्मचारी संघ रामजी प्रसाद रजक सेवानिवृत्त प्रधान सहायक आदि ने भी संबोधित किया। अंत में अगले सत्र के लिए संघ के पद धारकों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। अध्यक्ष पद के लिए उमेश प्रसाद महतो उपाध्यक्ष के लिए राजेश पांडे परमेश्वर प्रसाद सोरेन ओम प्रकाश सिंह व नवीन कुमार सहित कई लोगों का चयन किया गया।

## मदनलाल डागा को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्म कल्याणक महा महोत्सव जैन मिलन केंद्र के तेरा पंथ भवन में धूमधाम से मनाया गया। भगवान महावीर की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं मंगल पाठ करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई। संजय बैद आलोक जैन मदन लाल डागा श्याम सुंदर जैन कमलकांत जैन और विपुल मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया। मुख्य अतिथि मदनलाल डागा ने कहा कि भगवान महावीर ने अहिंसा परमोः धर्म का संदेश दुनिया को दिया जो आज के समय में बेहद प्रासंगिक है। डागा ने कहा विश्व को आज शांति और सद्भावना की जरूरत है। इसके पूर्व अध्यक्ष संजय बैद ने कहां कि भगवान महावीर ने जियो और जीने दो का संदेश दिया। मौके पर सचिव आलोक जैन ने बताया कि जैन समाज के रितिक जैन रश्मि जैन वान्या जैन खुशी मेहता जैसल पटेल आदित्य जैन को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। जैन मिलन पब्लिक स्कूल के 11 बच्चों को भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

स्कूली बच्चों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। नताशा जैन ने महावीर के भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जैन मिलन के संस्थापक सदस्य मदनलाल डागा को एक स्मृति चिन्ह भेंट कर संस्था में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर रेड क्रॉस के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 22 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। मौके पर सुभाष जैन बिनोद चोपड़ा सुरेंद्र जैन केतन मेहता विमल सेठ विमल जैन दीपक जैन दीपक सेठ अंकित जैन सिद्धार्थ चौरड़िया काकू भाई कमल सांघवी प्रकाश कोठारी उमेश जैन गजराज बेगवानी मदन चौरडिया अभय राज बेगवानी कमल लोढ़ा आनंद कोठारी शांतिलाल लोढ़ा अशोक बांठिया सहित बड़ी संख्या में जैन समाज की महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

# भारत ओलंपियाड में डीपीएस के छात्र-छात्राओं का ऐतिहासिक प्रदर्शन

### 34 नेशनल और 29 स्टेट टॉपरों के साथ डीपीएस बोकारो के 283 विद्यार्थियों ने जीते स्वर्ण, 56 को रजत पदक

खबर मन्त्र संवाददाता





**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए भारत ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित विभिन्न विषयों के ओलंपियाडों में कुल 34 छात्र-छात्राओं ने नेशनल रैंक-1 और 29 ने स्टेट रैंक 1 हासिल किया। जबकि कुल 283 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक तथा 56 ने रजत पदक प्राप्त किए। नेशनल रैंक 1 पाने वाले छात्र-छात्राओं में विभिन्न विषयों के लिए कक्षा 2 की आद्या सिंह आर्नवी आव्या आयांश प्रियदर्शी आर्या ठाकुर अद्विक सिंह आइजा रहमान अयांश लोधा दिव्यांशु राज कृदय किशोर संकल्प सात्विक वर्मा एवं शिवांशी कक्षा 3 के अंशृत नंदन व स्वधा प्रियावी शैलजा सान्वी चौथी कक्षा के अमाया प्रसाद ध्रुव श्रीवास्तव रेयांश रंजन कक्षा 5 के अक्षत प्रियदर्शी अनिकेत सिंह अंशज अयान हर्षित चंदन व यशस्विनी कक्षा- 6 के सात्विक रूपम द्विवेदी एवं सजग सूर्यांश पांडेय कक्षा 7 के कुंवर शौर्य आठवीं के अथर्व कुमार नौवीं के अर्पित श्रीकृष्णा व अविरल तन्मय 10वीं से अयर्मा आयुष लच्छीरामका इन्द्रजीत राज व कुणाल आनंद के नाम शामिल हैं। वहीं स्टेट रैंक 1 अर्जित करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 2 की वान्या सिंह कक्षा 3 के अथर्व कश्यप अवियांक मंडल व दर्श खरे हिरेश हितांश मानवी सिन्हा प्रादिद्य कुमारी मिश्रा पुष्पेश शेखर व साशा प्रियदर्शी चौथी कक्षा के अनिमेष आर्या व अप्रतिम चक्रवर्ती आयुष दृष्टि मधु व रुद्र पांचवीं कक्षा के अक्षत प्रियदर्शी अनिकेत सिंह मो रेहान कक्षा 6 के शिवांश प्रधान कक्षा 8 की एंजेल साहु व मारुति नंदन कक्षा 9 के आरुष प्रियदर्शी मोहित घोष व रमण चतुवेर्दी आयुषी श्री तथा कक्षा 10 के आरुष रंजन के नाम शामिल हैं। इनके अलावा उक्त विषयों में कुल 339 विद्यार्थियों ने क्लास टॉपर की श्रेणी में भी सफलता पाई जिनमें से 283 छात्र-छात्राओं ने स्वर्ण तथा 56 ने रजत पदक जीतकर अपने विद्यालय का मान बढ़ाया है। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र-मेडल- पारितोषिक राशि एवं स्मार्ट वाच व स्मार्ट बोतल के पुरस्कार से प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह विद्यार्थियों के परिश्रम और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। इस प्रकार के ओलंपियाडों में भाग लेने से बच्चों की प्रतियोगी प्रतिभा में निखार आता है और वे शैक्षिक चुनौतियों के लिए तैयार हो पाते हैं। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक भाग लेने की प्रेरणा दी।

खबर एक नजर में

## छापेमारी में 77 टन अवैध कोयला जब्त

**बेरमो।** थाना अंतर्गत फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के रानीबाग का मामला, बोरा में कोयला लदा 02 मोटर साइकिल भी किया जब्त, प्राथमिकी दर्ज। बेरमो /जिला प्रशासन द्वारा लगातार अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उपायुक्त बोकारो श्रीमती विजया जाधव के निदेर्शानुसार अंचलाधिकारी बेरमो संजीत कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को बेरमो थाना अंतर्गत फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के रानीबाग में लगभग 77 टन अवैध रूप से कोयला खनिज का भण्डार किया हुआ पाया गया।टीम ने मौके से बोरा में कोयला लदा 02 मोटर साइकिल भी जप्त किया है। टीम ने विधिवत सभी अवैध कोयला जप्त कर बेरमो थाना को सुपुर्द कर दिया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। उक्त अभियान में सीसीएल ढ़ोरी के क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी, बेरमो थाना प्रभारी एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

## सेल कमिटी, ट्रक मालिक और कोयला व्यापारी की बैठक में रेट पर सहमति नही बनी

**बेरमो।** सीसीएल में कोयले की दर अप्रत्यक्ष रूप से कोलियरियों में संचालित सेल कमेटी तय करती है। इसका ताजा उदाहरण सीसीएल बीएंडके एरिया की एककेओसीपी (कोणार्क) में देखने को मिल रहा है। यहां सेल कमेटी ने डीओ धारकों को 5650 रुपए प्रतिटन से कोयला उठाव करने की दर तय कर दी है। लेकिन सेल कमेटी की ओर से तय दर पर ही कोयला बेचने को कहा जाता है। अन्यथा कोयला उठाव में अड़ंगा डालते हैं। वर्तमान में डीओ धारकों ने यहां 5500 रुपए प्रति टन दर से कोयला का डीओ लगाकर कोयला खरीदा है। लेकिन उन्हें तय दर पर कोयला उठाव करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हलाकि सीसीएल प्रबंधन कोयला उठाव का प्रयास कर रही है। डीओ धारक अपने कोयला सेल कमेटी को उस दर बेचने को तैयार नही हैं। जबकि सेल कमेटी अभी भी अपनी मांग पर अड़ा है। सेल कमेटी के लोग डीओ धारकों को कोयला खरीद दर से 150 रुपए मार्जिन देकर कोयला उठाव करने का आदेश देने को तैयार हैं। शुक्रवार को सेल कमिटि, ट्रक मालिक और कोयला व्यापारी की बैठक कुरपनिया मे हुई, लेकिन रेट पर सहमति नही बनी। दो दिन पूर्व सेल खोल दी गई है ताकि डीओ होल्डर कोयला का उठाव कर सके। कोयला उठाव में डीओ होल्डर को हर संभव मदद की जाएगी। सीसीएल की ओर से कोयले की ओपन सेल खोली जाती है। इसमें डीओ धारक स्वेच्छा से बिडिंग करते हैं। इसमें प्रबंधन का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है।

## पंजाब नेशनल बैंक फुसरो का मना जन्मदिन

**बेरमो।** पंजाब नेशनल बैंक फुसरो का जन्मदिन केक काटकर मनाई। इसकी जानकारी देते हुए बैंक के मैनेजर ओम सिंह ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक एक पूर्ण रूप से स्वदेशी बैंक है। उन्होंने बैंक की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए अपने ग्राहकों का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि पंजाब नेशनल बैंक अपने ग्राहकों के प्रति सचेत है। बैंक ने अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं को लाकर ग्राहकों को आत्मनिर्भर बनाया है। इस अवसर पर बैक कर्मी चंदन जी, दीपक जी, विकास जी, अरविंद जी सहित ग्राहको में अभय सिंह, छोटू सिंह, अरुण सिंह, सुनील सिंह, मंटू सिंह, संतोष सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## मुआवजे व नियोजन की मांग को लेकर प्लांट गेट पर प्रदर्शन

**बेरमो।** डीवीसी बोकारो थर्मल प्लांट के अन्दर कार्यरत 45 वर्षीय ठेका मजदूर अशोक भुईयां की 10 अप्रैल को कार्य के दौरान गिरने से मौत हो गयी। मृतक के आश्रित को मुआवजे व नियोजन की मांग को लेकर कामगारों तथा परिजनों ने प्लांट गेट जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार डीवीसी के बोकारो थर्मल प्लांट के अन्दर मरम्मती का कार्य कर रहे 45 वर्षीय ठेका मजदूर अशोक भुइयां पिता दुर्गा भुईयां की मौत 10 अप्रैल की सुबह हो गई। मजदूर के मौत से आक्रोशित ठेका कामगारों ने ?25 लाख मुआवजे व नियोजन की मांग को लेकर शव के साथ बोकारो थर्मल प्लांट गेट जाम कर दिया। मृतक मजदूर बोकारो थर्मल जारवा बस्ती रहिवासी बताया जा रहा है, जो घटना की सुबह लगभग आठ बजे प्लांट के अन्दर कार्य करने गया था। कार्य के दौरान भारी सामान उठाने के क्रम में अचेत होकर गिर गया। जिसे आननफानन में बोकारो थर्मल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक मजदूर प्लांट के अन्दर के. आर. कंस्ट्रक्शन के अधीन कार्य कर रहा था। मृतक मजदुर का तीन पुत्री एवं एक पुत्र है। गेट जाम स्थल में भारी संख्या में पुलिस एवं सीआईएसएफ जवानों को तैनात कर दिया गया। इस सम्बन्ध में जेएलकेएम के बोकारो जिला सचिव खगेन्द्र महतो, गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि सह विस्थापित नेता जितेन्द्र यादव, विस्थापित एवं स्थानीय संघर्ष समिति के अध्यक्ष करीम अंसारी ने कहा कि डीवीसी प्रबन्धन जबतक मृतक मजदूर के परिवार के एक सदस्य को नियोजन एवं 25 लाख रुपया मुआवजा नहीं देगी, तबतक गेट जाम आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर जिप सदस्य प्रतिनिधि मंजूर आलम, पंचायत समिति सदस्य अमित घासी, गीता देवी, राजकुमार राम सहित अन्य कई उपस्थित थे।

## बाबा साहेब डा भीमराम अम्बेडकर के सम्मान में पदयात्रा

**बेरमो।** शुक्रवार को केबी कॉलेज बेरमो में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से प्राचार्य लक्ष्मी नारायण के संरक्षण और कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में डॉ भीमराम अम्बेडकर जी के सम्मान में पदयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरूआत वाशरी रोड कथारा स्थित डा बी आर अंबेडकर जी के स्मारक पर माल्यार्पण कर किया गया, पुष्प से श्रद्धांजलि दी गई और उसके बाद पदयात्रा निकाली गई। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा आज भी करोड़ों लोग बाबा साहेब जी को अपना आर्दश मानते हैं और उनके बतलाए गए मार्ग का अनुसरण करते हैं। डा अरुण कुमार रॉय महतो ने बाबा साहेब आंबेडकर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए आज के कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर ध्यानाकर्षण किया। एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ने बताया कि डॉ बी आर अंबेडकर को श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि देना और पदयात्रा के माध्यम से उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाना है। वाशरी रोड कथारा स्थित कार्यक्रम में उनके स्मारक पर माल्यार्पण, श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि और पदयात्रा में, डा मेघ नारायण, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा प्रभाकर कुमार, डा शशि कुमार, प्रो पी पी कुशवाहा,रविंद्र कुमार दास, सदन राम, छोटन राम, एन एस एस के स्वयं सेवक सुमीत कुमार सिंह, पीयूष कुमार मंडल, महेश दास, हरीश चंद्र सिंह, राजीव कुमार बाउरी, सूरज देव साब, सोनू शर्मा, अभिषेक सोनी, सुधांशु कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## आटो पलटा, चालक की मौत

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारी मोड़ के पास पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार को एक ऑटो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से ऑटो चालक संजय कुमार साव 48 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जबकि ऑटो में सवार चार यात्री को भी हल्की चोटें आई है,जिनका स्थानीय अस्पताल में इलाज किया गया है.सूचना मिलते ही गोमिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए भेजने की तैयारी कर रही है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि ऑटो चालक गोमिया से सवारी लेकर कथारा जा रहा था कि रास्ते में हजारी मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के पास ऑटो के आगे चक्का का टायर ब्लास्ट हो गया और ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक झाड़ी में पलट गया,जिससे ऑटो चालक संजय कुमार साव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और ऑटो में बैठे यात्रियों को हल्की चोटें आई है. जानकारी के अनुसार मृतक कथारा चार नंबर कॉलोनी का रहने वाला है और उसके दो पुत्र एवं पत्नी है. जिसका रो रो कर बुरा हाल है. समाचार लिखे जाने तक घटनास्थल पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विकास व विरासत साथ लेकर चल रहा है भारत

## काशी आधुनिकता को अपनाया और विरासत को संजोया : मोदी

एजेंसी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आज का भारत विकास और विरासत साथ लेकर चल रहा है। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे मोदी ने 3900 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मेहंदीगंज में आयोजित विशाल जनसभा में प्रधानमंत्री ने भोजपुरी में भी काशीवासियों से संवाद किया। उन्होंने बार-बार काशी के प्रति अपने गहरे लगाव को दोहराया। उन्होंने कहा कि काशी मेरी है और मैं काशी का हूं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में काशी ने विकास की नई गति पकड़ी है। काशी अब केवल पुरातन नहीं, बल्कि प्रगतिशील भी है। इसने आधुनिकता को अपनाया है, विरासत को संजोया है और भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए मजबूत कदम उठाए हैं। उन्होने काशी को पूर्वांचल के आर्थिक

▸▸ प्रधानमंत्री ने वाराणसी में 3900 करोड़ की 44 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास
▸▸ विपक्ष का सिद्धांत केवल परिवार का विकास
▸▸ नई काशी को देखने के लिए हर श्रद्धालु उतावला: योगी



नक्शे का केंद्र बताया और कहा कि जौने काशी के स्वयं महादेव चलावेलन, आज उहे काशी पूर्वांचल के विकास के रथ के खींचत हौ। उन्होंने काशी की सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक बुनियादी ढांचे के सामंजस्य को भारत के विकास का एक अनूठा मॉडल करार दिया। ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें याद करते हुए मोदी ने कहा कि फुले के अभियान को आज हम आगे बढ़ा रहे हैं। हम देश के लिए उस विचार को लेकर चलते हैं जिसका समर्पित भाव है, सबका साथ सबका विकास। जो लोग सत्ता के लिए दिन रात खेल खेलते रहते हैं, उनका सिद्धांत है परिवार का साथ-परिवार का विकास।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में काशी का जो विकास हुआ है उस नई काशी को नए कलेवर को देखने के लिए पूरे देश के श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। योगी ने कहा कि हर किसी ने पिछले 11 वर्ष में बदलती हुई काशी को देखा है। यह वही काशी है, जो संकरी गलियों के लिए जानी जाती थी, अपने जाम के लिए जानी जाती थी। काशी शिक्षा का प्राचीन केंद्र रही है, लेकिन अस्त-व्यस्त पड़े शिक्षा के केंद्रों के साथ ही स्वास्थ्य के लिए, पर्यटन के लिए, कनेक्टिविटी के लिए पिछले 11 वर्षों में यहां 50000 करोड रुपए से अधिक की परियोजनाएं आई हैं।

# ट्रेड वार : चीन ने लगाया अमेरिका पर 125 % टैरिफ

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने डोनल्ड ट्रंप के टैरिफ पर पलटवार करते हुए अमेरिकी सामानों पर अतिरिक्त टैरिफ को 84 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कुछ चीनी सामानों पर 145 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद आया है, जिसने दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापारिक रिश्तों को और तनावपूर्ण कर दिया है। चीन के वित्त मंत्रालय ने कहा कि अगर अमेरिका चीन के हितों को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाने पर अड़ा रहेगा, तो चीन पूरी ताकत से जवाबी कदम उठाएगा और अंत तक लड़ेगा। अगर अमेरिका चीनी सामानों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाता रहेगा, तो चीन इसे नजरअंदाज करेगा। शी जिनपिंग ने यूरोपीय

▸▸ पूरी ताकत से जवाबी कदम उठाएगा और अंत तक लड़ेगा : वित्त मंत्रालय

यूनियन से अमेरिका द्वारा धमकाने का विरोध करने का आग्रह किया है। वाशिंगटन के साथ तनाव बढ़ने के बीच, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने यूरोपीय यूनियन से आग्रह किया है कि वह बीजिंग के साथ मिलकर ट्रंप की एकतरफा धमकाने वाली नीतियों के खिलाफ एकजुट मोर्चा बनाए। शी ने यूरोपीय यूनियन के अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि चीन और यूरोप को अपनी अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए। ट्रंप द्वारा एकतरफा दी जा रही धमकी का संयुक्त रूप से विरोध करना चाहिए। अंतिम समय तक लड़ेंगे। चीनी अधिकारियों ने बातचीत का रास्ता खुला रखा है। लेकिन साथ ही चीनी अधिकारियों



ने कहा कि वह ट्रंप की धमकियों के खिलाफ अंत तक लड़ेंगे, लेकिन अगर अमेरिका बातचीत करने के लिए तैयार है तो हम भी बात करने के पक्षधर हैं। बाजार में अस्थिरता को कम करने के लिए, चीन ने अपने घरेलू बाजारों को स्थिर करने के कदम उठाए हैं। सरकारी समर्थन वाले फंड्स सक्रिय रूप से स्टॉक्स और एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स खरीद रहे हैं ताकि निवेशकों का भरोसा बना रहे।

# शेयर बाजार ने लगायी लंबी छलांग

## टैरिफ से राहत मिलने पर सेंसेक्स-निफ्टी दो फीसदी उछले

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगाए गए पारस्परिक टैरिफ को 90 दिनों तक के लिए स्थगित रखने पर हुई चौतरफा लिवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार ने राहत की सांस ली और सेंसेक्स एवं निफ्टी दो फीसदी तक उछल गए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1310.11 अंक अर्थात 1.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 75 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 75,157.26 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 429.40 अंक यानी 1.92 प्रतिशत की दमदार तेजी के साथ 22828.55 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 1.84 प्रतिशत उछलकर 40,274.24 अंक और स्मॉलकैप 3.04 प्रतिशत मजबूत होकर

▸▸ सेंसेक्स 1310 अंक छलांग लगाकर 75 हजार के पार और निफ्टी 429 अंक तेजी के साथ 22, 829 अंक पर बंद
▸▸ टीसीएस व एशियन पेंट में गिरावट, 28 कंपनियों में तेजी

45,798.35 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 4079 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3115 में लिवाली जबकि 846 में बिकवाली हुई वहीं 118 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2959 कंपनियों के शेयरों में से 2381 में तेजी जबकि 492 में गिरावट रही वहीं 86 में टिकाव रहा। निवेश धारणा मजबूत होने से बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी रही। कमोडिटीज 3.40, सीडी 2.25, ऊर्जा 2.51, एफएमसीजी



1.09, वित्तीय सेवाएं 1.76, हेल्थकेयर 2.11, इंडस्ट्रियल्स 2.34, आईटी 0.86, दूरसंचार 2.23, यूटिलिटीज 2.76, ऑटो 2.02, बैंकिंग 1.59, कैपिटल गुड्स 2.15, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.92, धातु 4.29, तेल एवं गैस 1.94, पावर 2.64, रियल्टी 1.31, टेक 1.17, सर्विसेज 1.18 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.67 प्रतिशत उछल गए। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.51, हांगकांग का हैंगसेंग 1.13 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.45 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं, जर्मनी का डैक्स 0.81 और जापान का निक्केई 2.96 प्रतिशत लुढ़क गया।टीसीएस एवं एशियन पेंट की 0.76 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 28 कंपनियों में तेजी रही। टाटा स्टील 4.91, पावरग्रिड 3.72, एनटीपीसी 3.25, कोटक बैंक 2.85, रिलायंस 2.84, अडानी पोर्ट्स 2.81, ईटर्नल 2.65, बजाज फिनसर्व 2.56, भारती एयरटेल 2.42, एचडीएफसी बैंक 2.33, बजाज फाइनेंस 2.29, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.27, सन फार्मा 2.15 और टाटा मोटर्स ने 2.07 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। एलटी 1.89, टाइटन 1.88, एसबीआई 1.62, इंडसइंड बैंक 1.53, आईटीसी 1.36, मारुति 1.23, अल्ट्रासिम्को 1.23, एचसीएल टेक 1.04, आईसीआईसीआई बैंक 0.98, टेक महिंद्रा 0.86, एक्सिस बैंक 0.74, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.73, नेस्ले इंडिया 0.70 और इंफोसिस के शेयर 0.46 प्रतिशत लाभ में रहे।

### निवेशकों ने 7.72 लाख करोड़ कमाया

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े सात करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 401.54 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 393 .82 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को करीब 7 .72 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

# दूसरे परीक्षण में ग्लाइड बम गौरव ने सटीक निशाना साधा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम (एलआरजीबी) गौरव अपने दूसरे परीक्षण में भी खरा उतरा है। ओडिशा के तट पर परीक्षण के दौरान ग्लाइड बम ने लॉन्ग व्हीलर द्वीप पर स्थापित लक्ष्य को बिल्कुल सटीकता से मारकर अपनी उपयोगिता साबित की। उड़ान की निगरानी डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना को बधाई दी। डीआरडीओ ने लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम का पहला परीक्षण पिछले साल 14 अगस्त को किया था। डीआरडीओ ने लड़ाकू विमान एसयू-30 एमकेआई से 8-10 अप्रैल के दौरान लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम (एलआरजीबी) गौरव

▸▸ एक हजार किलो वर्ग का लंबी दूरी पर लक्ष्य को भेदने में सक्षम है ग्लाइड बम



के सफल परीक्षण किए हैं। उड़ान परीक्षण के दौरान ग्लाइड बम ने लॉन्ग व्हीलर द्वीप पर स्थापित लक्ष्य को सटीक निशाना बनाया। एलआरजीबी गौरव हवा से प्रक्षेपित 1,000 किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम है, जो लंबी दूरी पर लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। गौरव को हैदराबाद के रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया है।

## स्पीड न्यूज

### होमबाउंड को मिली कान्स की उड़ान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म होमबाउंड को आधिकारिक तौर पर कान्स फिल्म फेस्टिवल के 78वें संस्करण के लिए चुना गया है। नीरज घेवन निर्देशित फिल्म होमबाउंड अन सर्टेन रिगार्ड श्रेणी में दिखाई जाएगी। अन सर्टेन रिगार्ड श्रेणी दुनिया भर के कलात्मक सिनेमा को प्रस्तुत करने के लिए जानी जाती है। यह घोषणा गुरुवार को की गई जब कान्स ने 2025 के लिए अपने आधिकारिक चयन लाइनअप का अनावरण किया, जिसमें वेस एंडरसन और एरी एस्टर सहित वैश्विक नाम भी शामिल हैं। जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर दोनों ने अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्रशंसकों के साथ खबर साझा की।

### दिसंबर तक हो सकते हैं बांग्लादेश में चुनाव

**ढाका।** बांग्लादेश चुनाव का चुनाव आयोग देश में आम चुनाव दिसंबर तक कराने की तैयारी कर रहा है और आयोग एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि चुनाव का कार्यक्रम सरकार की सहमति के साथ तय किया जाएगा। यह जानकारी आयोग के एक आला अधिकारी ने दी है। मीडिया की रिपोर्टों में चुनाव आयुक्त आयुक्त मोहम्मद अनवारुल इस्लाम सरकार के हवाले से कहा गया है कि आयोग दिसंबर में आम चुनाव कराने का विचार कर रहा है। मतदाता सूचियों को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है।

### ऑस्ट्रिया के वित्त मंत्री से मिली सीतारमण

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वियना में ऑस्ट्रिया के संघीय वित्त मंत्री मार्कस मार्टरबाउर से मुलाकात की और उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और कहा कि श्री मार्टरबाउर ने ऑस्ट्रिया और भारत को साझा मूल्यों वाला स्वाभाविक सहयोगी बताया।

### किश्तवाड़ में मुठभेड़ एक आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी जिले किश्तवाड़ में जारी अभियान में एक आतंकवादी को मार गिराया है। नौ अप्रैल को किश्तवाड़ के चटरू जंगल में पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी और आतंकवादियों के सफाये का अभियान शुरू किया। देर शाम आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया गया। आतंकवादियों को चारो ओर से घेर लिया गया और मुठभेड़ शुरू हो गई और एक आतंकी मारा गया।

### न्यूयॉर्क : हेलीकॉप्टर हडसन नदी में गिरा पायलट समेत 6 मरे

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे को हेलीकॉप्टर हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन बच्चे और तीन व्यस्क शामिल हैं। यह सभी स्पेन के रहने वाले हैं। यह लोग हेलीकॉप्टर से सैर-सपाटा करने निकले थे। हेलीकॉप्टर हवा में दो टुकड़ों में बंटकर हडसन नदी में गिर गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुर्घटना को भयानक बताते हुए कहा कि दुर्घटना का फुटेज भयावह है। उन्होंने लिखा कि भगवान पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों को दुख सहने करने की क्षमता प्रदान करे। अधिकारियों ने बताया कि जॉर्ज वॉशिंगटन ब्रिज पर न्यू जर्सी तटरेखा के साथ आगे बढ़ने के लिए मुड़ने के कुछ ही समय बाद हेलीकॉप्टर ने नियंत्रण खो दिया। यह हेलीकॉप्टर आसमान से सीधे नदी में गिरते हुए दिख रहा है। एबीएस-डी एक्सचेंज के डेटा से यह खुलासा हुआ है कि हेलीकॉप्टर ने लोअर मैनहट्टन से उड़ान भरी थी।

# बिहार : राजद विधायक रीतलाल यादव के 11 ठिकानों पर छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** दानापुर से राजद के बाहुबली विधायक रीतलाल यादव के 11 ठिकानों पर शुक्रवार को पटना पुलिस और एसटीएफ की टीम ने एकसाथ छापेमारी की। छापेमारी में 1000 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

रीतलाल के दानापुर स्थित आवास पर पुलिस और एसटीएफ की टीम की छापेमारी जारी है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार बिल्डरों की शिकायत पर राजद विधायक रीतलाल यादव के खिलाफ छापेमारी कर कार्रवाई की गई। इस संबंध में खगौल थाना में मामला दर्ज किया गया है। किसी भी समय विधायक की गिरफ्तारी की जा सकती है। उल्लेखनीय है

▸▸ बिल्डरों की शिकायत पर पुलिस और एसटीएफ ने बाहुबली विधायक के दानापुर आवास समेत 11 स्थानों पर बोला धावा



कि पटना हाई कोर्ट ने दानापुर की पूर्व विधायक आशा देवी के पति सत्यनारायण सिन्हा की हत्या मामले में दानापुर विधायक रीतलाल यादव समेत अन्य के खिलाफ इस साल फरवरी में नोटिस जारी किया था।

